✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

✷ पटना संस्करण

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 04 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, रविवार, 31 मई 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



गया में म्यांमार के राष्ट्रपति मिन आंग ह्लाइंग का स्वागत करते बिहार के राज्यपाल

## चर्चित ठेकेदार रिशु श्री मामले में बिहार सरकार ने की बड़ी कार्रवाई

# टेंडर घोटाला में बिहार के दो आइएएस अधिकारी निलंबित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** टेंडर घोटाला केस के आरोपी और बिहार के चर्चित ठेकेदार रिशु श्री मामले में जांच और प्रशासनिक समीक्षा के बाद बिहार सरकार ने बड़ी कार्रवाई की है। सरकार ने 2017 बैच के आईएएस अधिकारी योगेश कुमार सागर तथा 2014 बैच की आईएएस अधिकारी अभिलाषा कुमारी शर्मा को तत्काल प्रभाव से निलंबित करने का आदेश जारी किया है। अधिकारियों पर लगे आरोपों और मामले से जुड़े तथ्यों की जांच के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। दोनों अधिकारियों पर चर्चित ठेकेदार रिशु श्री से जुड़े टेंडर अनियमितता मामले में संलिप्तता के आरोप लगे हैं। दरअसल बुधवार को पटना में स्पेशल विजिलेंस की टीम ने ठेकेदार रिशु श्री के ठिकानों पर घंटों तक छापेमारी की थी। जांच में रिशुश्री के नाम पर कई अवैध संपत्ति का खुलासा हुआ था। इस दौरान टीम को फ्लैट से लगभग दो करोड़ के कीमती आभूषण बरामद हुए हैं। साथ ही 2.5 लाख नकद भी मिले हैं। इसके अलावा कई प्रॉपर्टी के कागजात, जरूरी दस्तावेज और इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स भी जब्त किए गए हैं, जिनकी जांच चल रही है। इतना ही नहीं टीम को कई ऐसे साक्ष्य मिले, जिससे स्पष्ट हुआ कि रिशुश्री ने अपनी काली कमाई का साम्राज्य कुछ आईएएस अधिकारियों की मदद से खड़ा किया है। जांच एजेंसियों को संदेह है कि सरकारी विभागों में टेंडर दिलाने और ठेकों के बदले अफसरों और ठेकेदारों के बीच सांठ-गांठ का बड़ा नेटवर्क काम कर रहा था। गुरुवार सुबह स्पेशल विजिलेंस की टीम ने ठेकेदार रिशु श्री की गिरफ्तारी के बारे में जानकारी दी। बताया गया कि रिशु श्री को मीठापुर स्थित आवास गिरफ्तार किया गया। इसके बाद उसे स्पेशल विजिलेंस के दफ्तर ले जाया गया जहां उससे कड़ी पूछताछ की गई। पूछताछ के बाद आईएएस अभिलाषा और योगेश के खिलाफ कुछ अहम साक्ष्य हाथ लगे। इसके बाद सरकार ने यह बड़ी कार्रवाई की। मिली जानकारी के मुताबिक रिशुश्री के संबंध कई आईएएस अधिकारियों के साथ रहे हैं जिनमें संजीव हंस का नाम भी चर्चा में पहले से ही है। हालांकि विशेष निगरानी इकाई की टीम का कहना है कि इस बिंदु पर फिलहाल जांच की जा रही है।



## मेरा दलित होना अभिशाप बन गया : नंदकिशोर राम

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के बंगला खाली नहीं करने के बयान के बाद अब बिहार सरकार के मंत्री नंद किशोर राम ने इस मामले पर प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि उन्हें मंत्री के रूप में यह सरकारी आवास आवंटित किया गया है लेकिन अब तक उन्हें नहीं मिल सका है। उन्होंने कहा कि राबड़ी देवी बंगला खाली करने को तैयार नहीं हैं। पश्चिम चंपारण के रामनगर में आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान मंत्री नंद किशोर राम ने कहा कि वह अनुसूचित जाति समाज से आते हैं और आरक्षित विधानसभा क्षेत्र से चुने गए जनप्रतिनिधि हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें लगता है कि उनका दलित होना ही इस मामले में सबसे बड़ी वजह बन गया है। उनके अनुसार अगर किसी अन्य वर्ग का व्यक्ति होता तो शायद स्थिति अलग होती। नंद किशोर राम ने कहा कि उन्हें मंत्री रहते हुए भी आवंटित आवास नहीं मिल रहा है। इसलिए वह इस विषय को सरकार के उच्च स्तर पर उठाएंगे और उचित कार्रवाई की मांग करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकारी नियमों का पालन सभी को करना चाहिए और किसी को भी विशेष छूट नहीं मिलनी चाहिए।

## सूबे की हर सड़क पर लगेंगे साइनेज और गाइड पोस्ट

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में अब सड़कों की सिर्फ मरम्मत ही नहीं होगी बल्कि यात्रियों की सुरक्षा को भी प्राथमिकता दी जाएगी। पथ निर्माण विभाग ने सड़क रखरखाव के लिए नया बिडिंग डॉक्यूमेंट जारी किया है जिसमें सड़क सुरक्षा से जुड़े कई अहम प्रावधान शामिल किए गए हैं। नई व्यवस्था के तहत सड़कों की देखरेख करने वाली एजेंसियों को सुरक्षा मानकों का पालन करना अनिवार्य होगा। नई नीति के अनुसार सड़क मेंटेनेंस का काम करने वाली एजेंसी को सड़क किनारे रिफ्लेक्टिव साइनेज लगाने होंगे। ये ऐसे संकेतक होंगे जो रात में भी साफ दिखाई देंगे और वाहन चालकों को दिशा व जरूरी जानकारी देंगे। सिर्फ नए साइनेज लगाना ही नहीं बल्कि पहले से लगे साइनेज की देखभाल और उनकी गुणवत्ता बनाए रखने की जिम्मेदारी भी एजेंसी की होगी। सड़कों पर दूरी बताने वाले किलोमीटर माइल स्टोन को लेकर भी नए निर्देश जारी किए गए हैं। जहां जरूरत होगी वहां नए माइल स्टोन लगाए जाएंगे और पुराने माइल स्टोन की मरम्मत की जाएगी। इन सभी माइल स्टोन को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के तय मानकों के अनुसार तैयार किया जाएगा ताकि यात्रियों को सही दूरी की जानकारी मिल सके। सड़क हादसों को कम करने के लिए विभाग ने खतरनाक स्थानों पर चेतावनी संकेतक लगाना अनिवार्य किया है। पुल, पुलिया, तीखे मोड़, दुर्घटना संभावित क्षेत्रों और अन्य संवेदनशील स्थानों पर पहले से ही खतरे की जानकारी देने वाले बोर्ड लगाए जाएंगे। इन गाइड पोस्ट के जरिए यात्रियों को यह जानकारी मिलेगी कि किस दिशा में कौन-सा शहर, कस्बा या गांव स्थित है और उसकी दूरी कितनी है। इससे लोगों को रास्ता ढूंढने में आसानी होगी और भ्रम की स्थिति कम होगी। पथ निर्माण विभाग ने साफ कर दिया है कि अब सड़क रखरखाव केवल गड्ढे भरने या मरम्मत तक सीमित नहीं रहेगा। सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी मानकों का पालन कराना भी संबंधित एजेंसी की जिम्मेदारी होगी। सरकार को उम्मीद है कि इस नई व्यवस्था से बिहार की सड़कों पर सफर पहले से ज्यादा सुरक्षित, व्यवस्थित और सुविधाजनक बनेगा।

## संक्षिप्त समाचार

### 50 हजार का इनामी मुठभेड़ में घायल

**गोपालगंज (नबिटा ब्यूरो)।** जिले के नगर थाना क्षेत्र के थावे-बंजारी बाईपास पर शनिवार तड़के पुलिस और कुख्यात अपराधी के बीच भीषण मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में पुलिस की जवाबी कार्रवाई के दौरान 50 हजार रुपये का इनामी बदमाश गंभीर रूप से जख्मी हो गया। पुलिस द्वारा आत्मरक्षा में चलाई गई गोली बदमाश के दोनों पैरों में लगी जिससे वह वहीं गिर पड़ा। पुलिस ने आनन-फानन में उसे इलाज के लिए स्थानीय सदर अस्पताल में भर्ती कराया है।

### ट्रक ने टेंपो को मारी टक्कर, दो की मौत

**पूर्णिया(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में सरसी थाना क्षेत्र के बख्तियारपुर स्थित फुचयाही पुल और बुढ़िया गोला कॉलेज के पास शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। यहां तेज रफ्तार ट्रक ने सवारियों से भरी टेंपो को सामने से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि टेंपो के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में जदयू वार्ड अध्यक्ष की बेटी (लैब टेक्नीशियन) और एक इंटर पास छात्र की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का इलाज पूर्णिया जीएमसीएच में जारी है।

### पुलिस हिरासत से भागा आरोपित तालाब में डूबा

**खगड़िया (नबिटा ब्यूरो)।** जिले की मोरकाही थाना क्षेत्र में पुलिस हिरासत से भागने के दौरान एक आरोपी की तालाब में डूबने से मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में तनाव की स्थिति बन गई और ग्रामीणों ने शव को मोरकाही थाना परिसर में रखकर विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन और पुलिस के कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और लोगों को समझाकर स्थिति को नियंत्रित किया। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है।

### विश्व पर्यावरण दिवस पर होंगी विशेष ग्राम सभाएं

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** विश्व पर्यावरण दिवस पर पांच जून राज्य की सभी ग्राम पंचायतों में विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा। ग्राम सभाओं के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, ठोस व प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन, जल संरक्षण और जिम्मेदार सामुदायिक व्यवहार को बढ़ावा देने के लिए व्यापक जन-जागरूकता अभियान संचालित किया जाएगा। पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश के आदेश पर विभाग ने सभी जिला पंचायत राज पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। ग्राम सभाओं में स्थानीय स्तर पर स्वच्छता गतिविधियों को प्रोत्साहित करने पर विशेष बल दिया जाएगा।

## दो बाइकों की टक्कर में दंपति समेत पांच की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**मधुबनी।** जिले के पद्मा स्थित गणेश चौक के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में पति-पत्नी समेत पांच लोगों की मौत हो गई है। बताया जा रहा है कि एक बाइक सवार ओवर टेक कर रहा था तभी सामने से आ रही बाइक से आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस घटना में एक बाइक पर सवार रहमतुल्लाह उर्फ राजन और उनकी पत्नी रोकसार खातून की मौके पर ही मौत हो गई जबकि तीन लोगों की मौत इलाज के दौरान हो गई है। बताया जाता है कि बासोपट्टी थाना क्षेत्र के कदवाही गांव के रहने वाले रहमतुल्लाह उर्फ राजन अपनी पत्नी रोकसार खातून के साथ ससुराल लदनियां जा रहे थे। इसी दौरान गणेश चौक के पास उनकी बाइक की टक्कर सामने से आ रही दूसरी बाइक से हो गई। बताया जा रहा है कि ससुराल में किसी डॉक्टर से सलाह लेने जा रहे थे। दूसरी बाइक पर खुटौना क्षेत्र के तीन युवक सवार थे, जो ट्रेन पकड़ने के लिए जयनगर जा रहे थे। हादसे में कुमरखत गांव के रहने वाले सचिन कुमार (18) की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं ललमनियां निवासी श्रीदेव कामत के पुत्र सुजित कुमार (18) और रामखेतारी निवासी करन कुमार (18) गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें जयनगर अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया गया। यहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद डीएमसीएच दरभंगा रेफर कर दिया। डीएमसीएच में इलाज के दौरान दोनों युवकों ने भी दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई है। शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। एएसआई मनीष कुमार ने बताया कि परिजनों ने शवों का पोस्टमॉर्टम कराने से इनकार कर दिया है।

## बटाने डैम में नहाने गए तीन दोस्त डूबे

**मेदिनीनगर(नबिटा ब्यूरो)।** पलामू जिले में नौडीहा बाजार थाना क्षेत्र के बटाने डैम में अनुज यादव नामक 16 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। अनुज अपने दोस्तों के साथ डैम में नहाने के लिए गया था और तीन मित्र इस दौरान डूब गये। डैम से रेस्क्यू किए गये बाकी दो दोस्तों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। दरअसल छतरपुर थाना क्षेत्र के दिनादाग के रहने वाले छह-सात दोस्त नहाने के लिए बटाने डैम गए थे। डैम के निचले हिस्से में पानी के बहाव को रोकने और मिट्टी के कटाव को रोकने के लिए गड्ढा बनाया गया था। रस्सी को पड़कर अनुज यादव और उसके अन्य दो दोस्त नहा रहे थे। इसी क्रम में रस्सी टूट गई और तीनों गहरे पानी में चले गए।

## छह माओवादी गिरफ्तार, देसी कट्टा व अन्य हथियार बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** नक्सली संगठन भाकपा माओवादी से संबंधित धमकी भरा पत्र देने के मामले में बंदेया पुलिस द्वारा छह नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई थाना क्षेत्र के चपरा में की गई। पकड़े गए माओवादियों की पहचान गया जिले के कोच थाना क्षेत्र के कराई गांव निवासी उदय कुमार, मंझियावां गांव निवासी रंजीत कुमार उर्फ नन्हे पासवान, बिजहरी गांव निवासी अनिल यादव उर्फ राजेन्द्र यादव, कराई गांव निवासी चन्द्रप्रकाश विश्वकर्मा, बंदेया थाना क्षेत्र के मायापुर गांव निवासी संटू यादव एवं चपरा गांव निवासी संजय पासवान उर्फ कर्मचारी के रूप में की गई है। इनके पास से दो देसी कट्टा, एक थर्नेट तथा एक रायफल बरामद किया गया है। जानकारी के अनुसार 26 मई को बंदेया थानान्तर्गत चपरा गांव के तालाब में खुदाई का कार्य चल रहा था जिसमें अज्ञात नक्सलियों के द्वारा वादी और उनके साथियों को धमकी भरा पत्र देते हुए लेवी व रंगदारी की मांग की गई। मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। पुनः अगले दिन 27 मई को पुलिस को सूचना मिली की रात्रि करीब 10 बजे अज्ञात अपराधियों व नक्सलियों द्वारा तालाब खुदाई कार्य में लगे कर्मियों को धमकी देते हुए काम रोकने तथा समान जलाने की बात कहीं गई तथा पिछले वर्ष भी काम रोकने हेतु पर्ची देने का जिक्र किया गया। इस सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु थानाध्यक्ष सूरज कुमार द्वारा तत्क्षण घटनास्थल पर पहुंचकर आस-पास के लोगों का बयान दर्ज किया गया। तत्पश्चात पुलिस और एसटीएफ द्वारा तकनीकी विश्लेषण, आसूचना संकलन एवं सीसीटीवी फुटेज के आधार पर गया जिले के टिकारी थाना क्षेत्र से उदय पासवान को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के क्रम में गिरफ्तार अभियुक्त उदय कुमार की निशानदेही पर एक देसी कट्टा के साथ संटू यादव को चपरा गांव स्थित घर से गिरफ्तार किया गया। वहीं चपरा बधार से एक देसी कट्टा, एक थर्नेट एवं एक मासकेट (राइफल) को बरामद किया गया। पुनः पूछताछ में गिरफ्तार दोनों अभियुक्तों की निशानदेही पर कोंच थाना क्षेत्र से तीन एवं एक अभियुक्त को बंदेया थाना क्षेत्र से विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार सभी अभियुक्तों ने अपना-अपना अपराध स्वीकार कर लिया जिसके बाद सभी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।



## बोधगया भ्रमण के बाद वापस लौटे म्यांमार के राष्ट्रपति

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** भारत और म्यांमार के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक संबंधों को नई मजबूती देने के उद्देश्य से म्यांमार यूनियन रिपब्लिक के राष्ट्रपति मिन आंग ह्लाइंग शनिवार को बोधगया पहुंचे। राष्ट्रपति ने अपने चार दिवसीय भारत दौरे की शुरुआत विश्व धरोहर महाबोधि मंदिर से की। वे म्यांमार एयरवेज इंटरनेशनल के विशेष विमान से सुबह 8:55 बजे गयाजी एयरपोर्ट पहुंचे। उनके स्वागत के लिए बिहार के राज्यपाल सैयद अता हसनैन सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। पुष्पगुच्छ और अंगवस्त्र भेंट कर उनका भव्य स्वागत किया गया। इसके बाद राष्ट्रपति सीधे बोधगया के लिए रवाना हुए। महाबोधि मंदिर पहुंचने पर मंदिर प्रबंधन और बौद्ध भिक्षुओं ने पारंपरिक तरीके से उनका स्वागत किया। मंदिर के केयरटेकर भिक्षु डॉ. दीनानंद और वरीय भिक्षु डॉ. मनोज ने उन्हें पवित्र खादा पहनाया। राष्ट्रपति मिन आंग ह्लाइंग ने महाबोधि मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश कर भगवान बुद्ध की प्रतिमा के समक्ष पूजा-अर्चना की। उन्होंने विश्व शांति और मानव कल्याण की कामना की। साथ ही भारत और म्यांमार के बीच मैत्रीपूर्ण संबंधों के और मजबूत होने की प्रार्थना भी की। महाबोधि मंदिर में पूजा के बाद राष्ट्रपति ने बोधिवृक्ष का दर्शन किया। इसके बाद उन्होंने मुचलिंदा सरोवर और सुजाता मंदिर का भी भ्रमण किया। बौद्ध धर्म से जुड़े इन महत्वपूर्ण स्थलों के प्रति उन्होंने विशेष श्रद्धा व्यक्त की। बोधगया भ्रमण के दौरान स्थानीय प्रशासन पूरी तरह सतर्क नजर आया। बोधगया यात्रा पूरी करने के बाद राष्ट्रपति दोपहर तीन बजे गयाजी एयरपोर्ट से नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए।



## सभी विवि में एक समान एकेडमिक कैलेंडर लागू करने का आदेश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**


**पटना।** बिहार के विश्वविद्यालयों में वर्षों से चल रही शैक्षणिक सत्र की देरी को खत्म करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। राज्यपाल एवं कुलाधिपति सैयद अता हसनैन ने सभी विश्वविद्यालयों में एक समान एकेडमिक कैलेंडर लागू करने का आदेश दिया है। नया कैलेंडर आगामी जुलाई से शुरू होने वाले शैक्षणिक सत्र से प्रभावी होगा। फिलहाल यह व्यवस्था स्नातक स्तर के सभी पाठ्यक्रमों पर लागू की गई है। खास बात यह है कि इस कैलेंडर को राज्यपाल सचिवालय ने स्वयं तैयार किया है। सभी कुलपतियों को इसे सख्ती से लागू करने का निर्देश दिया गया है। अब तक राज्य के प्रत्येक विश्वविद्यालय अपने-अपने स्तर पर एकेडमिक कैलेंडर तैयार करते थे। इस कारण कहीं एक माह तो कहीं एक साल तक शैक्षणिक सत्र पीछे चल रहे थे। इसका सबसे अधिक नुकसान छात्रों को उठाना पड़ रहा था। परीक्षाओं और परिणामों में देरी के कारण उच्च शिक्षा और रोजगार के अवसर भी प्रभावित हो रहे थे। नई व्यवस्था से सभी विश्वविद्यालयों में एकरूपता आने की उम्मीद है। सत्र नियमित होने से विद्यार्थियों को भी राहत मिलेगी।

## सीएम हेमंत सोरेन करेंगे राज्यसभा उम्मीदवार का चयन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रांची।** राज्यसभा चुनाव को लेकर खाली हो रही दो सीटों में से एक पर दावेदारी करने पहुंचे कांग्रेस के सीनियर नेता तेलंगाना के डिप्टी सीएम मल्लू भट्टी विक्रमार्क और झारखंड प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी के. राजू शनिवार की सुबह एक बार फिर मुख्यमंत्री आवास पहुंचे और यहां लगभग एक घंटा बात करने के बाद दोनों नेता लौट गए। विक्रमार्क तेलंगाना रवाना हुए तो राजू शाम की फ्लाइट से नई दिल्ली पहुंचे। जाने के पूर्व दोनों नेताओं ने राज्यसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस की दावेदारी पर अंतिम बात की है और माना जा रहा है कि कांग्रेस का चेहरा होगा, टिकट भी कांग्रेस देगी लेकिन पसंद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन करेंगे। अब पूरा मामला चेहरे को लेकर अटक गया है। इसके पूर्व भी दोनों दलों के बीच मार्च 2024 में हुए राज्यसभा चुनाव में इससे मिलता-जुलता समझौता हो चुका है। उस वक्त कांग्रेस विधायक सरफराज अहमद झामुमो के टिकट से राज्यसभा पहुंचे थे। विधानसभा में उनकी सीट पर झामुमो की कल्पना सोरेन (मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी) को चुनाव लड़ाया गया और वह जीत भी गईं। शनिवार को वापस लौटने के पूर्व कांग्रेस नेताओं ने प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारियों को समझौता होने से संबंधित संकेत दिए। पार्टी नेताओं ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री आवास में सुबह के नाश्ते पर पार्टी के सीनियर नेताओं का आगमन हुआ। कुछ देर बाद प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश भी पहुंचे। मुख्यमंत्री के साथ चर्चा करने के बाद कांग्रेस के दोनों सीनियर नेता वापस लौट गए। तेलंगाना के डिप्टी सीएम सीधे अपने राज्य लौट गए तो वापसी के पूर्व राजू ने प्रदेश के सीनियर नेताओं से स्टेट गेस्ट हाउस में फिर मुलाकात की। यहां उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा कि विधायकों से हुई बातचीत के आधार पर पार्टी आलाकमान को पूरी रिपोर्ट सौंपी जाएगी।






C M Y K

# प्रशिक्षित कार्यकर्ता ही संगठन की सबसे बड़ी शक्ति : संजय सरावगी

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय दर्शन को जन-जन तक पहुंचाने का लिया संकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** भारतीय जनता पार्टी के 'पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान' के अंतर्गत भोजपुर जिले के धनुपरा स्थित 'रॉयल विजन क्लब रिसॉर्ट' में आयोजित दो दिवसीय जिला प्रशिक्षण वर्ग का शुभारंभ शनिवार को भाजपा बिहार प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने मां भारती, पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर प्रशिक्षण वर्ग का विधिवत उद्घाटन किया तथा उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति और राष्ट्र निर्माण में कार्यकर्ताओं की भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। अपने संबोधन में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण के संकल्प के साथ कार्य करने वाला एक वैचारिक आंदोलन है। पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना को अपने जीवन में आत्मसात कर समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास और सेवा का लाभ पहुंचाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करता है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण वर्ग भाजपा की संगठनात्मक परंपरा का महत्वपूर्ण हिस्सा है जो कार्यकर्ताओं को वैचारिक रूप से सशक्त, अनुशासित और जनसेवा के प्रति प्रतिबद्ध बनाता है। प्रदेश अध्यक्ष सरावगी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा प्रतिपादित अंत्योदय का दर्शन भारतीय जनता पार्टी की कार्यसंस्कृति का आधार है। समाज के अंतिम व्यक्ति के उत्थान और उसे विकास की मुख्यधारा से जोड़ने का संकल्प ही भाजपा की राजनीति का मूल उद्देश्य है। कार्यक्रम में बिहार सरकार के उच्च शिक्षा एवं विधि मंत्री संजय सिंह टाइगर, जिला अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद, विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह, विशाल प्रशांत, महेश पासवान, राकेश ओझा, पूर्व मंत्री अमरेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व सांसद मीना देवी, जिला प्रभारी राकेश सिन्हा, क्षेत्रीय प्रभारी सिद्धार्थ शंभू सहित अनेक जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों एवं प्रशिक्षण वर्ग के सम्मानित सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम दिन विभिन्न विषयों पर सत्र आयोजित किए गए जिनमें संगठनात्मक मजबूती, वैचारिक स्पष्टता, जनसंपर्क, सामाजिक समरसता एवं राष्ट्रहित से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।


## सरकारी संपत्ति पर कब्जे की मानसिकता छोड़े राजद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी द्वारा सरकारी आवास खाली नहीं करने संबंधी दिए गए बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार में अब कानून का राज है और कोई भी व्यक्ति, चाहे वह कितना भी बड़ा पदाधिकारी या पूर्व मुख्यमंत्री ही क्यों न रहा हो, नियमों और कानून से ऊपर नहीं हो सकता। उन्होंने कहा कि सरकारी आवास किसी व्यक्ति या परिवार की निजी संपत्ति नहीं होती, बल्कि यह जनता के टैक्स के पैसे से निर्मित और संचालित सार्वजनिक संपत्ति है। सरकार द्वारा निर्धारित नियमों एवं प्रक्रियाओं के तहत ही आवासों का आवंटन और पुनः आवंटन किया जाता है।

## तंबाकू को न कहकर दूसरों को भी ऐसा करने के लिए करें प्रोत्साहित : डा. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ.प्रेम कुमार ने विश्व तंबाकू निषेध दिवस पर कहा कि यह दिन तंबाकू के सेवन के हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और तंबाकू की खपत को कम करने वाली नीतियों को बढ़ावा देने के लिए संकल्पित है। वर्तमान में युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों में सिगरेट, खैनी, हुक्का, बीड़ी, तंबाकू आदि के अलग-अलग रूप में सेवन करते हुए देखा जा रहा है जो कैंसर सहित कई बीमारियों का असमय कारक है। इस दिवस की स्थापना वर्ष 1987 में विश्व स्वास्थ्य संगठन के सदस्य देशों द्वारा दुनिया भर में सार्वजनिक स्वास्थ्य पर तंबाकू के उपयोग के विनाशकारी प्रभावों (मृत्यु और बीमारी) के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से की गई थी। तंबाकू को न कहकर और दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करके हम एक स्वस्थ भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। आज उठाए गए छोटे कदम हमें बेहतर कल की ओर ले जा सकते हैं।

## पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिली जदयू नेताओं की टीम

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** राजधानी पटना के सात सर्कुलर रोड स्थित पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के आवास पर जदयू नेताओं का प्रतिनिधिमंडल पूर्व मुख्यमंत्री व जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार से मिला। प्रतिनिधिमंडल में शामिल नेताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से जदयू संगठन की मजबूती के लिए विचार विमर्श किया। प्रतिनिधिमंडल में शामिल जदयू राजनीतिक सलाहकार समिति के सदस्य एवं जदयू अतिपिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष शंकर प्रसाद, जदयू राननीतिक सलाहकार समिति के सदस्य जितेन्द्र पटेल व जदयू महिला प्रकोष्ठ के प्रदेश महासचिव राधिका पटेल ने पार्टी संगठन में पार्टी के अनुभवी नेताओं को संगठन में शामिल कर उचित सम्मान देने का आग्रह किया। इन नेताओं ने पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से पार्टी के नेता व प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री निशांत कुमार से भी पार्टी संगठन के विकास के लिए काम करने का आग्रह किया।

## खाद्य विभाग में अब जवाबदेही की कसौटी, शिकायत पर तुरंत होगा एक्शन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव दीपक आनंद ने खाद्य भवन स्थित बिहार राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लिमिटेड मुख्यालय में निगम के कार्यों की प्रक्षेत्रवार एवं जिलावार समीक्षा की। इस मौके पर उन्होंने निगम मुख्यालय में संचालित कंट्रोल रूम एवं शिकायत कॉल सेंटर का भी अवलोकन किया तथा वहां उपलब्ध व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की। सचिव ने निर्देश दिया कि निगम से संबंधित सभी कार्यों का निष्पादन पूर्ण पारदर्शिता, जवाबदेही एवं समयबद्धता के साथ सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम उपभोक्ताओं एवं लाभुकों को योजनाओं का लाभ सुचारु रूप से प्राप्त हो सके। उन्होंने कहा कि कार्यों के निष्पादन में किसी भी प्रकार की लापरवाही, अनियमितता अथवा शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित पदाधिकारी एवं कर्मियों के विरुद्ध तत्काल कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

## दानापुर मंडल यात्रियों को उच्च गुणवत्तायुक्त खान-पान सेवा मुहैया कराने के लिए प्रतिबद्ध

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** दानापुर मंडल ट्रेन परिचालन के साथ-साथ अपने यात्रियों को हर प्रकार की सुविधा प्रदान करने के लिए सदैव तत्पर रहता है। इसी कड़ी में यात्रियों को उच्च गुणवत्तायुक्त खान-पान सेवा मुहैया कराना भी हमारी प्राथमिकताओं की सूची में शामिल है। अपने इस उद्देश्य को पूरा करने के क्रम में वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक अभिनव सिद्धार्थ के मार्गदर्शन में दानापुर मंडल एवं 'फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया' के सामूहिक प्रयास के रूप में पटना साहिब एवं राजेंद्र नगर स्टेशन पर कार्यरत वेंडर्स को ट्रेनिंग दी गई जिसमें उन्हें यात्रियों को उच्च गुणवत्तायुक्त पौष्टिक खाद्य आहार प्रदान करने एवं अन्य सावधानियां बरतने हेतु आवश्यक बातें बताई गईं। यह ट्रेनिंग प्रोग्राम 'फूड सेफ्टी एंड स्टैंडर्ड्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया' द्वारा 'सही खाओ' अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया था। ट्रेनिंग के पश्चात भाग लेने वाले 18 वेंडर्स को सर्टिफिकेट भी दिया जायेगा। इस ट्रेनिंग प्रोग्राम में सहायक वाणिज्य प्रबंधक/टिकट जांच एवं खान-पान प्रदीप कुमार, वाणिज्य विभाग में कार्यरत राकेश कुमार तथा एफएसएसएआई की तरफ से मुकेश कश्यप उपस्थित रहे।

## कानून तोड़ने वाला कोई भी हो, होगी कार्रवाई : मंत्री

### मंत्री श्रवण कुमार ने कहा किसी भी रंग से फर्क नहीं पड़ता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** सूचना एवं जन-सम्पर्क, ग्रामीण विकास मंत्री सह जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने महागठबंधन के कथित हरा गमछा एनकाउंटर विवाद पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि अपराधी चाहे हरा गमछा पहने या किसी भी रंग का कपड़ा, वह कानून तोड़ेगा व पुलिस पर हमला करेगा तो उसके खिलाफ कार्यवाही होगी। मंत्री ने यह बातें बिहारशरीफ के प्रखंड कार्यालय में आपदा पीड़ित परिवारों के बीच आर्थिक सहायता चेक वितरण कार्यक्रम के दौरान कही। इस मौके पर क्षेत्रीय बीडीओ मनीष कुमार भी मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि कानून अपने हाथ में लेने, हत्या करने व पुलिस पर हमला करने वालों पर पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के कार्यकाल में भी कार्यवाही होती थी और आगे भी जारी रहेगी। आगे कहा कि ऐसे अपराधियों पर कार्रवाई होने से यदि किसी को परेशानी होती है तो इससे सरकार को कोई फर्क नहीं पड़ता।

# देश की अर्थव्यवस्था की नींव है वैश्य समाज : डॉ श्वेता गुप्ता

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**पटना।** समाज कल्याण मंत्री डॉ श्वेता गुप्ता ने कहा कि वैश्य समाज देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। हम वसुधैव कुटुम्बकम के सिद्धांत से समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर सबको सम्मान दिया। मंत्री डॉ श्वेता गुप्ता शनिवार को राजधानी के गणपति उत्सव हॉल में वैश्य महासभा बिहार प्रदेश की ओर से आयोजित अभिनंदन समारोह को सम्बोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि समाज के लोग हमें सलाह दें हम उनके सलाह को सरकार तक पहुंचाने का काम करेंगे। इस मौके पर बिहार विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के उपनेता ललन सर्राफ ने कहा कि जिस देश का पीएम वैश्य समाज से है अब और क्या वैश्य समाज को चाहिए। उन्होंने कहा कि हमारा समाज से यही आग्रह है कि हम 56 उपजातियों और 19 संगठनों को एक करें तब हमारी ताकत और भी बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि इस बार जदयू ने आठ वैश्य समाज के नेता को टिकट दिया आगे और भी सम्मान मिलेगा। इस मौके पर विधान सभा में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक डॉ संजीव चौरसिया ने कहा कि समाज की तरक्की संगठित होने से हो रहा है और अब वैश्य समाज जग चुका है। यह समाज कर्मठता, ममता और क्षमता से आगे बढ़ रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए वैश्य महासभा के अध्यक्ष डॉ आनंद कुमार ने कहा उनका संगठन हर प्रमंडल में कार्यक्रम आयोजित कर समाज को एकजुट करेगा। इसकी शुरुआत पूर्णिया से होगी। उन्होंने कहा कि जो चूक विधानसभा चुनाव के समय हुई है उसे आगे नहीं दोहराना है और हमलोग एकजुट होकर एनडीए को मजबूत करेंगे। इस मौके पर महिला आयोग की अध्यक्ष अप्सरा ने कहा कि एक साल में महिला आयोग ने सभी 6 हजार लंबित मामलों को समाप्त कर लोगों की मदद की है। महिलाएं अपने अधिकार के प्रति जागरूक हों। इस मौके पर महापौर सीता साहू ने कहा कि वैश्य समाज आगे था, आगे है और आगे रहेगा। मौके पर कुम्हरार विधायक संजय गुप्ता ने कहा कि उस कार्यक्रम में बच्चों ने जो पर्यावरण और राष्ट्र के प्रति संकल्प दिखाया है उसे आगे बढ़ाना है। कार्यक्रम का संचालन महासचिव दिलीप गुप्ता, स्वागत अमित केसरी और धन्यवाद ज्ञापन महिला अध्यक्ष कोमल वर्णवाल ने किया। इस मौके पर मगध विश्व विद्यालय के कुलपति दिलीप केसरी, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ विमल कारक, नीतू नवगीत, सुषमा साहू, रीता जैन, प्रो संजय कुमार, कांति केसरी, विनय केसरी, अर्जुन प्रसाद, शंकर प्रसाद, सूरज कुमार सहित कई गणमान्य लोगों ने विचार व्यक्त किया।

## हिंदी पत्रकारिता दिवस पर डॉ. आनंद रंजन झा ने दी पत्रकारिता से जुड़े बंधुओं को शुभकामनाएं

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**जंदाहा/वैशाली।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर शिक्षाविद, सामाजिक कार्यकर्ता एवं कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी के संचालक डॉ. आनंद रंजन झा ने सभी पत्रकार बंधुओं, मीडिया कर्मियों एवं पत्रकारिता से जुड़े सभी साथियों को हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने अपने संदेश में कहा कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है जो समाज की आवाज बनकर जनहित, शिक्षा, कौशल विकास एवं युवा रोजगार से जुड़े मुद्दों को सरकार और प्रशासन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण कार्य करती है। पत्रकार समाज को जागरूक करने तथा देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। डॉ. आनंद रंजन झा ने कहा कि उनकी संस्था कैरियर मिशन कम्प्यूटर एकेडमी एवं कौशल विकास केंद्र लगातार युवाओं को डिजिटल शिक्षा, कंप्यूटर प्रशिक्षण एवं कौशल विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने का कार्य कर रही है। ऐसे कार्यों को समाज तक पहुंचाने में पत्रकार बंधुओं की भूमिका अत्यंत सराहनीय रही है। उन्होंने सभी पत्रकार साथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पत्रकार अपनी कलम और आवाज के माध्यम से समाज एवं देश की सेवा कर रहे हैं। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में कार्यरत पत्रकार सीमित संसाधनों में भी जनसमस्याओं एवं सामाजिक मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का कार्य कर रहे हैं। अंत में उन्होंने सभी पत्रकार बंधुओं के उत्तम स्वास्थ्य, उज्ज्वल भविष्य एवं निरंतर प्रगति की कामना की।

## आई ग्लैम बिहार पेजेंट के बारहवें एडिशन का ग्रैंड फिनाले संपन्न, रैंप पर दिखा मॉडल्स का जलवा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** राजधानी के पाटलिपुत्रा स्थित होटल क्लार्क इन में आयोजित आई ग्लैम बिहार पेजेंट 2026 के बारहवें एडिशन 2026 का ग्रैंड फिनाले भव्य और आकर्षक माहौल में संपन्न हुआ। फैशन, ग्लैमर और प्रतिभा के संगम बने इस आयोजन में प्रतिभागियों ने अपने आत्मविश्वास, स्टाइल और प्रस्तुति से दर्शकों का दिल जीत लिया। कार्यक्रम के दौरान रैंप पर मॉडल्स का शानदार जलवा देखने को मिला। कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत मुख्य अतिथि डॉ. वी पी सिंह, कार्यक्रम की जूरी मेंबर्स डॉली सिंह, डॉ. रेणु सिंह, दिशा गुप्ता, सोनालिका पंजा, श्रुबबति चौधरी, आरजे श्रेयांश, दीपिका साहनी, मेधा एवं कार्यक्रम संयोजक एवं आई ग्लैम की निदेशिका देवजानी मित्रा ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके पश्चात मिस्टर, मिस और मिसेज केटेगरी के प्रतिभागियों ने तीन अलग-अलग राउंड में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। पहले राउंड में डिजाइनर राउंड, दूसरे राउंड ब्यूटी विद रिस्पांसिबिलिटी और तीसरे एवं अंतिम राउंड में प्रश्नोत्तर सत्र के माध्यम से प्रतिभागियों की सोच, व्यक्तित्व और आत्मविश्वास को परखा गया। हर राउंड में प्रतिभागियों ने अपनी बेहतरीन प्रस्तुति देकर दर्शकों और निर्णायकों की खूब सराहना बटोरी। अमन भगत ने मिस्टर आई ग्लैम, सोनल झा ने मिस आई ग्लैम और निभा रानी ने मिसेज आई ग्लैम बिहार 2026 का खिताब अपने नाम किया जबकि रंजू वर्मा ने मिसेज इंडिया बिहार 2026 का खिताब जीता। इस अवसर पर कार्यक्रम संयोजक एवं आई ग्लैम की निदेशिका देवजानी मित्रा ने कहा कि इस प्रतियोगिता के लिए देशभर से 250 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया।

## पटना से चयनित उज्ज्वल राज ने इसरो के युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम में लिया हिस्सा



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** पटना से एकमात्र चयनित पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, बिक्रम के छात्र उज्ज्वल राज ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित युवा वैज्ञानिक कार्यक्रम में भाग लेकर विद्यालय एवं राज्य का नाम रौशन किया है। 11 - 22 मई-2026 तक देशभर के चयनित विद्यार्थियों को अंतरिक्ष विज्ञान, प्रौद्योगिकी और अनुसंधान से परिचित करने उदेश्य से यह कार्यक्रम यू.आर.एस.सी बेंगलुरु मे संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान उज्ज्वल राज को इसरो के वरिष्ठ वैज्ञानिकों एवं अधिकारियों से संवाद का अवसर मिला जिनमें इसरो अध्यक्ष एवं अंतरिक्ष विभाग के सचिव डॉ. वी. नारायणन, ठट्टइए निदेशक डॉ. एम. शंकरण, एचएसएफसी निदेशक डी. के. सिंह तथा भारतीय वायु सेना के अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला प्रमुख रहे।

## पर्यावरण संरक्षण जागरूकता के लिए निकाली गई पदयात्रा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** पर्यावरण संरक्षण, प्रदूषण नियंत्रण तथा ध्वनि एवं वायु प्रदूषण के प्रति आम लोगों, विशेषकर युवाओं में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा बिहार ओलम्पिक एसोसिएशन के सहयोग से शनिवार को 'पर्यावरण के लिए पदयात्रा' का आयोजन किया गया। यह पदयात्रा प्रातः 6 बजे पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान के गेट संख्या-1 से शुरू होकर आयकर गोलंबर तक गई और पुनः गांधी मैदान पहुंचकर संपन्न हुई। पदयात्रा में विभिन्न संस्थानों के लगभग 600 छात्र-छात्राओं, युवाओं, प्रौढ़ प्रतिभागियों तथा आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पदयात्रा को संबोधित करते हुए बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् के अध्यक्ष डॉ. डी.के. शुक्ला ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए जीवनशैली में सकारात्मक बदलाव लाना आवश्यक है। उन्होंने लोगों से छोटी दूरी तय करने के लिए पैदल चलने अथवा साइकिल का उपयोग करने की अपील करते हुए कहा कि छोटे-छोटे प्रयासों से भी पर्यावरण संरक्षण के बड़े लक्ष्य हासिल किए जा सकते हैं। बिहार ओलम्पिक एसोसिएशन के अध्यक्ष अजय कुमार ने कहा कि ध्वनि एवं वायु प्रदूषण के प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से आयोजित यह पदयात्रा जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए समाज को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। इस अवसर पर बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् के सदस्य-सचिव नीरज नारायण ने कहा कि वर्तमान वैश्विक पर्यावरणीय चुनौतियों का सामना करते हुए विकास और पर्यावरण के बीच संतुलन बनाना समय की आवश्यकता है। इस पदयात्रा का उद्देश्य लोगों को इसी दिशा में जागरूक करना है।

## बिहार विधान सभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने विकसित भारत के निर्माण में जनभागीदारी का किया आह्वान

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार विधान सभा के अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने अपने असम और मेघालय प्रवास के अनुभवों को साझा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत के लक्ष्य की ओर तेजी से अग्रसर है। सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है और इससे देश में सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन का नया दौर प्रारंभ हुआ है। किन्तु लोकतंत्र की मजबूती जनभागीदारी से होती है। प्रत्येक नागरिक का यह दायित्व है कि वह राष्ट्र निर्माण के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाए तथा समाज में शिक्षा, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देने में अपनी भूमिका निभाए। पूर्वोत्तर राज्यों और बिहार के बीच सांस्कृतिक, सामाजिक तथा आर्थिक संबंध लगातार मजबूत हो रहे हैं। उन्होंने वहां रह रहे बिहार मूल के लोगों से संवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों को सुना तथा संपर्क एवं विकास संबंधी विषयों को संबंधित स्तर पर उठाने का आश्वासन दिया। विधान सभा अध्यक्ष ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे कौशल विकास, नवाचार, खेल, विज्ञान एवं तकनीकी क्षेत्रों में आगे बढ़कर राष्ट्र की प्रगति में योगदान दें। युवा शक्ति ही विकसित भारत और विकसित बिहार की सबसे बड़ी ताकत है। बिहार सरकार एवं केंद्र सरकार की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, आधारभूत संरचना, महिला सशक्तिकरण तथा रोजगार सृजन के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हो रहे हैं। उन्होंने नागरिकों से इन योजनाओं का लाभ उठाने तथा समाज के जरूरतमंद लोगों तक इसकी जानकारी पहुंचाने की अपील की। अंत में उन्होंने राज्यवासियों से सामाजिक सौहार्द, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं राष्ट्रहित के कार्यों में सक्रिय सहभागिता का संकल्प लेने का आह्वान करते हुए कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही विकसित बिहार और विकसित भारत का सपना साकार होगा।

## पूर्वाग्रह और भेदभाव से रहित समाज के निर्माण को कांग्रेस प्रतिबद्ध : सांसद डॉ. मो.जावेद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**




**पटना।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, सदाकत आश्रम में दूसरे चरण के तीन दिवसीय 'सर्वोदय संकल्प शिविर' के दूसरे दिन का उद्घाटन लोकसभा में कांग्रेस के सचेतक सांसद डॉ. मोहम्मद जावेद ने महात्मा गांधी के तैल चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन कर किया। इस अवसर पर लोकसभा में कांग्रेस के सचेतक सांसद डॉ. मोहम्मद जावेद ने कहा कि पूर्वाग्रह और भेदभाव रहित समाज के निर्माण के लिए महात्मा गांधी ने अपना जीवन देश को समर्पित कर दिया और इसी को आत्मसात करते हुए कांग्रेस का प्रत्येक कार्यकर्ता समाज के वंचित तबके को मुख्यधारा में लाने के लिए संघर्ष करता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी महात्मा गांधी के विचारों पर चलने वाली राजनीतिक दल है और देश की एकता और अखंडता को अक्षुण्ण रखकर राष्ट्र निर्माण का कार्य करती है। वर्तमान दौर में समाज को बांटने के कुत्सित प्रयास चल रहे हैं और हम उससे डटकर अपने नेता राहुल गांधी के नेतृत्व में लड़ाई लड़ रहे हैं। स्वदेशी आंदोलन से लेकर त्रिस्तरीय पंचायत व्यवस्था पर उन्होंने प्रकाश डालते हुए प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षुओं को विस्तार से इतिहास को बताया।

## 15 दिनों में दिखना चाहिए सुधार, नहीं तो होगी सख्त कार्रवाई : मंत्री

### चौथे दिन गया, जहानाबाद एवं औरंगाबाद जिले के राजस्व कार्यों की समीक्षा

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल ने विभागीय मुख्यालय से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से चौथे दिन गया, जहानाबाद एवं औरंगाबाद जिले के राजस्व कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि अतिक्रमण से जुड़े मामलों को अत्यंत गंभीरता से लिया जाए तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर सभी प्रकार के लंबित मामलों का निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। मंत्री ने कहा कि जनता से जुड़े मामलों में अनावश्यक देरी किसी भी स्थिति में स्वीकार्य नहीं होगी। उन्होंने अधिकारियों को जनहित में त्वरित और निष्पक्ष निर्णय लेने का मंत्र देते हुए कहा कि कानून के अनुरूप कार्रवाई करते हुए लंबित मामलों का निष्पादन प्राथमिकता के आधार पर करें। यदि किसी स्तर पर लापरवाही या उदासीनता पाई गई तो संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। समीक्षा के दौरान मंत्री ने स्पष्ट कहा कि राजस्व प्रशासन की कार्यशैली में सुधार दिखाई देना चाहिए। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि सभी जिलों की 15 दिन बाद पुनः बारी-बारी से समीक्षा की जाएगी जिन जिलों अथवा अधिकारियों के कार्यों में अपेक्षित सुधार नहीं मिलेगा, उन्हें कार्रवाई के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता जनता को समयबद्ध सेवा उपलब्ध कराना है और इस लक्ष्य में बाधा बनने वालों के प्रति कोई नरमी नहीं बरती जाएगी। मंत्री ने कहा कि अतिक्रमण हटाने, सरकारी भूमि की सुरक्षा, दाखिल-खारिज, परिमार्जन, ई-मापी, अभियान बसेरा, राजस्व महा-अभियान, लोक शिकायत, सहयोग शिविर तथा न्यायालयों में लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाई जाए।

**प्रभारी मंत्री सह अध्यक्ष जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक**

# जिला अस्पताल में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित की जाए

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** बिहार सरकार के खाद्य एवं उपभोक्ता मंत्री सह प्रभारी मंत्री रोहतास सह अध्यक्ष जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति रोहतास अशोक चौधरी की अध्यक्षता में शनिवार को जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की विभागवार समीक्षात्मक बैठक की गयी। बैठक की कार्यवाही उप विकास आयुक्त, रोहतास के द्वारा डीआरडीए सभागार में उपस्थिति सभी माननीय को पौधे लगे गमले भेंट करते हुए स्वागत किया गया तथा सभागार में उपस्थित सभी जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन सदस्यों के समस्याओं से अवगत होते हुए बैठक की कार्यवाही विभागवार शुरू की गयी। उनके समस्याओं से




अवगत होने के पश्चात विभागवार निम्नलिखित दिशा निर्देश दिया गया कि स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा के दौरान सिविल सर्जन को निर्देश दिया गया कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, रेफरल अस्पताल, अनुमंडलीय अस्पताल एवं जिला अस्पतालों में बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं सुनिश्चित की जाएं। साथ ही स्वयं नियमित रूप से अस्पतालों का निरीक्षण करें तथा लंबे समय से एक ही स्थान पर पदस्थापित ऑपरेटरों एवं कर्मियों का स्थानांतरण सुनिश्चित करें। माननीय के द्वारा आयुष्मान कार्ड से संबंधित समीक्षात्मक बैठक के क्रम में सिविल सर्जन के द्वारा पृच्छा क्रम में बताया गया कि जिले में 3 लाख 66 हजार 326 व्यक्तियों का लक्ष्य रखा गया है जिसमें लगभग 54 प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त किया जा चुका है। निदेश दिया गया कि इसकी प्रचार-प्रसार कराते हुए जल्द स जल्द इसकी संख्या का बढ़ाने की आवश्यकता है तथा 'सहयोग-शिविर' में पंचायत स्तर पर इसकी अलग से काउंटर लगा कर आयुष्मान कार्ड से संबंधित समस्या का निदान कराना सुनिश्चित किया जाए एवं नये आयुष्मान कार्ड बनाया जाए। जिन-जिन प्रखंडों में अभी तक स्वास्थ्य विभाग से संबंधित भवन का निर्माण कार्य अधूरे हैं। उन्हें जल्द से जल्द मरम्मतिकरण करा कर स्वास्थ्य भवन में चिकित्सीय कार्य प्रारंभ किए जाए। अध्यक्ष के द्वारा निदेश दिया गया कि जिले में आयुष्मान कार्ड से ईलाजरत अस्पतालों की संख्या की बढ़ोतरी किया जाए। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक डिहरी को निदेश दिया गया कि जिले में आये दिन हो रहे साइबर क्राइम को तत्काल रोकने की आवश्यकता है। महिला एवं बाल सुरक्षा पर विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है तथा उनसे संबंधित केस की जांच कर न्यायोचित कार्रवाई करने की आवश्यकता है। पॉस्को के दोषियों के विरूद्ध शीघ्र कार्रवाई करने की आवश्यकता है। जिले में सी.सी.टी.वी कैमरा की संख्या बढ़ाने की आवश्यकता है जिससे शीघ्रता से कार्रवाई किया जा सके। डायल 112 में कार्यरत वैसे पुलिस कर्मी को लगाने की आवश्यता है जो ट्रेंड एवं अनुभवी हो ऐसे लोगों की प्रतिनियुक्ति कर डायल 112 प्रचार प्रसार कराना आवश्यक है ताकि इसके प्रयोग करके समय पर लोगों की मदद पहुंचाया जा सके।

## हिंदी पत्रकारिता दिवस पर पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** हिंदी पत्रकारिता दिवस के अवसर पर जिले में पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित कर पत्रकारों के योगदान को सराहा गया। इस दौरान पत्रकारिता के वर्तमान स्वरूप, चुनौतियों और निष्पक्ष पत्रकारिता की आवश्यकता पर भी विस्तृत चर्चा की गई। हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में नवबिहार टाइम्स के औरंगाबाद कार्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नवबिहार टाइम्स के संपादक कमल किशोर ने पत्रकारों को सम्मानित करते हुए पत्रकारिता के मूल सिद्धांतों और दायित्वों पर प्रकाश डाला। नीलकोठी स्थित एक कार्यालय में भी पत्रकार सम्मान समारोह आयोजित किया गया।



कार्यक्रम का उद्देश्य पत्रकारिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पत्रकारों को सम्मानित करना तथा समाज में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करना था। इस अवसर पर रवि कुमार ने उपस्थित पत्रकारों को अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर पत्रकारों के समक्ष मौजूद चुनौतियों, निष्पक्ष पत्रकारिता की आवश्यकता तथा सरकार, प्रशासन और समाज से अपेक्षित सहयोग को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया।

## दिनदहाड़े घर का ताला तोड़ नकदी-जेवर समेत 55 हजार की संपत्ति ले उड़े चोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** शहर के ईदगाह मुहल्ला में दिनदहाड़े चोरी की एक बड़ी वारदात सामने आई है। अज्ञात चोरों ने बंद घर का ताला तोड़कर नकदी, जेवरात और घरेलू सामान समेत करीब 55 हजार रुपये मूल्य की संपत्ति चोरी कर ली। पुलिस को दिए आवेदन में ईदगाह मुहल्ला निवासी हरीशंकर मिश्रा ने बताया कि वह पूरे परिवार के साथ अपने कमरे में ताला बंद कर आवश्यक कार्य से बाहर गए थे। इसी दौरान मंगलवार की दोपहर अज्ञात चोरों ने उनके घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश कर चोरी की घटना को अंजाम दिया जब परिवार वापस लौटा तो घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ मिला और अंदर रखा बक्सा खुला पड़ा था। जांच करने पर पता चला कि बक्से में रखे तीन जोड़ी नए पीतल के बर्तन, दहेज में मिला गैस सिलेंडर तथा एक बक्सा गायब है। इसके अलावा बक्से में रखे 5 हजार रुपये नकद और एक सोने की अंगूठी भी चोर अपने साथ ले गए। पीड़ित ने चोरी गए सामान की कुल अनुमानित कीमत करीब 55 हजार रुपये बताई है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर चोरों की पहचान और गिरफ्तारी के प्रयास में जुटी हुई है।

## डिहरी में शिक्षा विभाग की कड़ी कार्रवाई, स्कूल समय में चल रहे कई कोचिंग सेंटर बंद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास जिले के डिहरी शहर में नियमों को ताक पर रखकर संचालित किए जा रहे कोचिंग संस्थानों के खिलाफ शिक्षा विभाग ने शनिवार को बड़ी कार्रवाई की। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) डॉ. संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में गठित टीम ने पाली मुहल्ले में छापेमारी कर स्कूल समय में चल रहे आधा दर्जन से अधिक कोचिंग संस्थानों को तत्काल बंद करा दिया। इस कार्रवाई से कोचिंग संचालकों में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार शिक्षा विभाग को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि पाली मुहल्ले में दर्जनभर से अधिक कोचिंग सेंटर नियमों की अनदेखी कर संचालित किए जा रहे हैं। जांच






के दौरान यह भी सामने आया कि कई संस्थानों का रजिस्ट्रेशन नहीं है और वे बिना किसी वैध अनुमति के छात्रों को पढ़ा रहे हैं। छापेमारी के दौरान टीम ने पाया कि भीषण गर्मी में एस्बेस्टस की छत वाले कमरों में छात्र-छात्राओं को बैठाकर पढ़ाया जा रहा था। इसके अलावा सुरक्षा मानकों की अनदेखी तथा मनमानी फीस वसूली की शिकायतें भी सही पाई गईं। बीईओ डॉ. संजय कुमार सिंह ने बताया कि सभी कोचिंग संस्थान सरकारी गाइडलाइन का उल्लंघन करते हुए स्कूल समय में संचालित किए जा रहे थे जिससे विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति प्रभावित हो रही थी। जांच के दौरान बिना रजिस्ट्रेशन, अव्यवस्थित भवन व्यवस्था और सुरक्षा मानकों के उल्लंघन के मामले सामने आए। उन्होंने बताया कि नियमों के विरुद्ध संचालित आधा दर्जन से अधिक कोचिंग संस्थानों को तत्काल बंद करा दिया गया है। पूरे मामले की जांच रिपोर्ट तैयार कर वरीय अधिकारियों को भेजी जाएगी। साथ ही भविष्य में भी विभागीय निर्देशों की अनदेखी करने वाले कोचिंग संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। शिक्षा विभाग की इस कार्रवाई के बाद क्षेत्र के अन्य कोचिंग संचालकों में भी खलबली मच गई है और कई संस्थान अब अपने दस्तावेजों एवं व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में जुट गए हैं।

## एंबुलेंस नहीं मिलने से घायल की मौत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**सासाराम।** नोखा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एंबुलेंस सेवा की बदहाल व्यवस्था एक बार फिर सवालों के घेरे में आ गई है। गुरुवार की रात सड़क हादसे में घायल युवक को समय पर एंबुलेंस नहीं मिलने के कारण परिजनों को निजी वाहन का सहारा लेना पड़ा। इलाज के लिए सासाराम में इलाज के दौरान हुई देरी के बीच घायल युवक की मौत हो गई। घटना के बाद लोगों में भारी आक्रोश देखा गया और 102 एंबुलेंस सेवा संचालित कर रही आउटसोर्सिंग एजेंसी की कार्यशैली पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार अस्पताल की एक एंबुलेंस बुधवार की सुबह मरम्मत के लिए भेजी गई थी, लेकिन 48 घंटे बीत जाने के बाद भी वह गुरुवार की शाम तक वापस नहीं लौट सकी। अस्पताल में सिर्फ एक एंबुलेंस उपलब्ध रहने के कारण मरीजों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों का आरोप है कि आउटसोर्सिंग एजेंसी की लापरवाही के कारण अक्सर एंबुलेंस सेवा बाधित रहती है और खराब वाहनों को समय पर ठीक नहीं कराया जाता। इसी दौरान गुरुवार की रात नोखा थाना क्षेत्र के गोपालपुर गांव के पास दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई जिसमें तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना मिलने पर डायल 112 पुलिस सभी घायलों को उठाकर नोखा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। यहां चिकित्सक डॉ. मनोहर कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद दो घायलों को बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। घायलों में गोपालपुर गांव निवासी ऋषि कुमार, पिता केशव साव, राजपुर थाना क्षेत्र के राजनडीह गांव निवासी एशितयाक अंसारी, पिता रफीक अंसारी तथा समीर अंसारी, पिता शमशेर अंसारी शामिल हैं।

## तिलौथू के राजेश्वर ऑल इंडिया कबड्डी रेफरी परीक्षा में लेंगे भाग

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**तिलौथू।** बिहार की राजधानी पटना में आयोजित होने वाली ऑल इंडिया कबड्डी रेफरी परीक्षा में रोहतास जिले से एकमात्र प्रतिभागी के रूप में तिलौथू निवासी, कुशडीहरा प्राथमिक विद्यालय के राजेश्वर कुमार शामिल होंगे। उनके चयन से क्षेत्र के खेल प्रेमियों और कबड्डी खिलाड़ियों में खुशी का माहौल है। इस प्रतिष्ठित परीक्षा में देश के विभिन्न राज्यों से कबड्डी रेफरी और खेल पदाधिकारी भाग लेने के लिए पटना पहुंच रहे हैं। जानकारी के अनुसार उत्तर प्रदेश, हरियाणा, तमिलनाडु, पंजाब तथा भारतीय रेलवे से जुड़े अभ्यर्थी भी



परीक्षा में शामिल होंगे। राजेश्वर कुमार लंबे समय से कबड्डी खेल और रेफरी के क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। उनके चयन को रोहतास जिले के लिए गौरव की बात माना जा रहा है। खेल प्रेमियों का मानना है कि उनकी सफलता जिले के युवाओं को खेल क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा देगी। राजेश्वर कुमार ने कहा कि वे पूरी मेहनत और लगन के साथ परीक्षा में पास कर तथा बेहतर प्रदर्शन कर रोहतास और बिहार का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित करने का प्रयास करने वाले हैं। स्थानीय खिलाड़ियों, खेल संगठनों एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## सबका सम्मान जीवन आसान के तहत जनता दरबार का आयोजन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**सासाराम।** जिलाधिकारी के द्वारा 'सबका सम्मान-जीवन आसान के तहत कार्यालय प्रकोष्ठ में जिला जनता दरबार का आयोजन किया गया जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आम नागरिकों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा उनके त्वरित निष्पादन हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। जनता दरबार में कुल पांच आम नागरिकों से साक्षात्कार किया गया। इस दौरान ग्राम सुसाड़ी, थाना-संझौली निवासी देवन्ती देवी ने भूमि से जबरन बेदखल किए जाने से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी ने उक्त आवेदन



को अनुमंडल पदाधिकारी बिक्रमगंज एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बिक्रमगंज को शीघ्र निष्पादन हेतु अग्रसारित किया। वहीं राजेन्द्र कुमार चौधरी, रामनाथ चौधरी एवं बिहारी चौधरी द्वारा सहायक निबंधक सहयोग समिति, सासाराम से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किया गया। आवेदन में डिहरी मत्स्यजीवी सहयोग समिति लिमिटेड, डिहरी के सदस्यों द्वारा सदस्यता एवं शेयर राशि जमा नहीं किए जाने तथा लहेरी पैक्स का मुख्यालय लहेरी में मतदान केन्द्र निर्धारित करने से संबंधित विषय उठाया गया। जिलाधिकारी ने मामले की अविलंब जांच कर नियमानुसार अग्रेतर कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु आवेदन को जिला सहकारिता पदाधिकारी, रोहतास को भेजते हुए आवश्यक निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त सत्यनारायण साह, राजस्व कर्मचारी द्वारा विभागीय कार्रवाई की जांच कर दोषमुक्त करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया।

**पूर्व रेलवे**

वरिष्ठ मंडल अभियंता (IV), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं वांछित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: सीनि. डीईएन/4/हावड़ा। (1) ई-निविदा सं.: 85 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरण: एईएन/रामपुरहाट के अधीन जोन सं. 23 (जनरल जोन), समापन अवधि 30.06.2027; क्षेत्राधिकार: एईएन/रामपुरहाट के क्षेत्राधिकार के अधीन किमी. 135/0 से 172/2 तक-बांसलोई पुल से गुमानी तक (बोनीडांगा लिंक केबिन छोड़कर) साथ में राजग्राम तथा पाकुड़ क्वैरी। कार्य में साधारण कार्य, सैनिटरी कार्य, लकड़ी का कार्य, कलर वाश/ह्वाइट वाश इत्यादि शामिल है। अनुमानित लागत: रु. रु. 1,10,00,000/-। बयाना राशि: रु. 2,20,000/-। (2) ई-निविदा सं.: 86 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरण: सीनि. डीईएन/4/हावड़ा के क्षेत्राधिकार के अधीन जोन सं. 24 (पुल जोन), समापन अवधि 30.06.2027। सीनि. डीईएन/4/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन एसबीजी लूप में किमी. 1/0 से किमी. 88/0 तक तथा रामपुरहाट-दुमका अनुभाग के सभी पुलों, विभिन्न पुलों की मरम्मत तथा रखरखाव कार्य। अनुमानित लागत: रु. 56,00,000/-। बयाना राशि: रु. 1,12,000/-। (3) ई-निविदा सं.: 87 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरण: सीनि. डीईएन/4/हावड़ा के क्षेत्राधिकार के अधीन जोन सं. 48 (पुल जोन), समापन अवधि 30.06.2027। सीनि. डीईएन/4/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के अधीन एसबीजी लूप में किमी. 88/0 से किमी. 172/2 तक तथा रामपुरहाट-दुमका अनुभाग के सभी पुलों, विभिन्न पुलों की मरम्मत तथा रखरखाव कार्य। अनुमानित लागत: रु. 70,00,000/-। बयाना राशि: रु. 1,40,000/-। (4) ई-निविदा सं.: 88_2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरण: एईएन/बोलपुर के अधीन जोन सं. 25 (साधारण जोन), समापन अवधि 30.06.2027; क्षेत्राधिकार: किमी. 1/0 (खाना छोड़कर) से 88/0 तक। कार्य में एईएन/बोलपुर के अधीन साधारण कार्य, सैनिटरी कार्य, लकड़ी का कार्य, कलर वाश/ह्वाइट वाश इत्यादि शामिल है। अनुमानित लागत: रु. 1,20,00,000/-। बयाना राशि: रु. 2,40,000/-। (5) ई-निविदा सं.: 89 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरण: एईएन/रामपुरहाट के अधीन जोन सं. 26 (साधारण जोन), समापन अवधि 30.06.2027; क्षेत्राधिकार: रामपुरहाट (यार्ड सहित) से दुमका तक के अधिकार क्षेत्र में। कार्य में एईएन/रामपुरहाट के अधीन साधारण कार्य, सैनिटरी कार्य, लकड़ी का कार्य, कलर वाश/ह्वाइट वाश इत्यादि शामिल है। अनुमानित लागत: रु. 75,00,000/-। बयाना राशि: रु. 1,50,000/-। (6) ई-निविदा सं.: 90_2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरण: एईएन/रामपुरहाट के अधीन जोन सं. 27 (साधारण जोन), समापन अवधि 30.06.2027। क्षेत्राधिकार: किमी 88/0 से किमी. 135/0 तक साथ में रामपुरहाट से बांसलोई पुल तक सभी स्टेशन, कॉलोनी तथा सभी सेवा भवनें, विभिन्न अवसंरचनाएं। कार्य में एईएन/रामपुरहाट के अधिकार क्षेत्र के अधीन साधारण कार्य, सैनिटरी कार्य, लकड़ी का कार्य, कलर वाश/ह्वाइट वाश इत्यादि शामिल है। अनुमानित लागत: रु. 1,15,00,000/-। बयाना राशि: रु. 2,30,000/-। (7) ई-निविदा सं.: 91 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरण: सीनि. डीईएन/4/हावड़ा के क्षेत्राधिकार के अधीन एईएन/रामपुरहाट के अधीन जोन सं. 36 (सड़क जोन-एलसी गेट तथा स्टेशन पहुंच सड़क इत्यादि)। [विवरण: अद्यतन संशोधन स्लिप इत्यादि के साथ सभी खंडों में अभियांत्रिकी विभाग के सीपीडब्ल्यूडी-डीएसआर-2023 मदों की दरों से समग्र प्रतिशत ऊपर/नीचे/बराबर। [मूल्य रु. 75,00,000.00]। टिप्पणी: 1. निविदादाता को निविदा के लिए सिर्फ एक दर कोट करना होगा। विज्ञापित मूल्य विभागीय आंकलित मूल्य है। 2. विभागीय आंकलित मूल्य/विज्ञापित मूल्य को सीपीडब्ल्यूडी-डीएसआर-2023 मदों की मूल लागत के बराबर मानते हुए निर्धारित किया गया है। यह दर्शाता है कि इस निविदा के लिए आंकलित लागत को निर्धारित करने में मूल लागत में वृद्धि नहीं करने पर विचार किया गया है। 3. इस जोनल निविदा की आंकलित लागत/विज्ञापित लागत तैयार करने के लिए i) मिट्टी का कार्य - खंड सं. 2 में 4% ii) मोर्टार-खंड सं. 3 में 2%, iii) कंक्रीट कार्य-खंड सं. 4 में 4%, iv) मैसोनरी कार्य-खंड सं. 6 में 4%, v) इस्पात कार्य-खंड सं. 10 में 5%, vi) तोड़ना एवं ढाहना-खंड सं. 15 में 1%, vii) सड़क कार्य- 80% मात्र का योगदान है, 4. आवश्यक समझे जाने पर सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन पर निष्पादन के दौरान, ऊपर उल्लेखित प्रतिशत से संबंधित अनुसूची में परिवर्तन किया जा सकता है। यदि आवश्यक हो तो इस संदर्भ में वित्तीय जांच भी की जा सकती है। 5. उपरोक्त निर्देश केवल निविदादाताओं के मार्गदर्शन के लिए हैं। निविदादाताओं को दरें कोट करते समय उपरोक्त पहलुओं पर विचार करना चाहिए। 7) निविदादाताओं को दरें कोट करते समय, आंकलित/विज्ञापित मूल्य के सापेक्ष में प्रतिशत ऊपर/नीचे/बराबर दरें कोट करनी चाहिए, जैसा कि संबंधित अनुसूचियों के विरुद्ध दर्शाया गया है तथा लागू होने वाले जीएसटी और अन्य करों के प्रभाव और वृद्धि पर विचार करना चाहिए। अनुमानित लागत: रु. 75,00,000/-। बयाना राशि: रु. 1,50,000/-। (8) ई-निविदा सं.: 92 _2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; कार्य का विवरण: सीनि. डीईएन/4/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत एईएन/बीएचपी के अधीन जोन सं. 37 (सड़क जोन-एलसी गेट तथा स्टेशन पहुंच सड़क इत्यादि)। [विवरण: अद्यतन संशोधन स्लिप इत्यादि के साथ सभी खंडों में अभियांत्रिकी विभाग के सीपीडब्ल्यूडी-डीएसआर-2023 मदों की दरों से समग्र प्रतिशत ऊपर/नीचे/बराबर। [मूल्य रु. 75,00,000.00]। टिप्पणी: 1. निविदादाता को निविदा के लिए सिर्फ एक दर कोट करना होगा। विज्ञापित मूल्य विभागीय आंकलित मूल्य है। 2. विभागीय आंकलित मूल्य/विज्ञापित मूल्य को सीपीडब्ल्यूडी-डीएसआर-2021 मदों की मूल लागत के बराबर मानते हुए निर्धारित किया गया है। यह दर्शाता है कि इस निविदा के लिए आंकलित लागत को निर्धारित करने में मूल लागत में वृद्धि नहीं करने पर विचार किया गया है। 3. इस जोनल निविदा की आंकलित लागत/विज्ञापित लागत तैयार करने के लिए i) मिट्टी का कार्य - खंड सं. 2 में 4% ii) मोर्टार-खंड सं. 3 में 2%, iii) कंक्रीट कार्य-खंड सं. 4 में 4%, iv) मैसोनरी कार्य-खंड सं. 6 में 4%, v) इस्पात कार्य-खंड सं. 10 में 5%, vi) तोड़ना एवं ढाहना-खंड सं. 15 में 1%, vii) सड़क कार्य- 80% मात्र का योगदान है, 4. आवश्यक समझे जाने पर सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन पर निष्पादन के दौरान, ऊपर उल्लेखित प्रतिशत से संबंधित अनुसूची में परिवर्तन किया जा सकता है। यदि आवश्यक हो तो इस संदर्भ में वित्तीय जांच भी की जा सकती है। 5. उपरोक्त निर्देश केवल निविदादाताओं के मार्गदर्शन के लिए हैं। निविदादाताओं को दरें कोट करते समय उपरोक्त पहलुओं पर विचार करना चाहिए। 7) निविदादाताओं को दरें कोट करते समय, आंकलित/विज्ञापित मूल्य के सापेक्ष में प्रतिशत ऊपर/नीचे/बराबर दरें कोट करनी चाहिए, जैसा कि संबंधित अनुसूचियों के विरुद्ध दर्शाया गया है तथा लागू होने वाले जीएसटी और अन्य करों के प्रभाव और वृद्धि पर विचार करना चाहिए। अनुमानित लागत: रु. 75,00,000/-। बयाना राशि: रु. 1,50,000/-। निविदा प्रपत्र की कीमत: प्रत्येक के लिए शून्य। समापन अवधि: प्रत्येक के लिए स्वीकृति पत्र के जारी होने की तारीख से 12 (बारह) महीने। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: दिनांक 18.06.2026 को 14.00 बजे तक। निविदाओं का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ईएमडी एवं टीडीसी का भुगतान - ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। टिप्पणी: आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(HWH-116/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## बरडीहा गांव में नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**डिहरी ऑन-सोन।** नोखा क्षेत्र अंतर्गत नासरीगंज प्रखंड के बरडीहा गांव में भव्य नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट का उद्घाटन मुख्य अतिथि एवं डिहरी विधानसभा के राजद प्रत्याशी रहे गुड्डू चन्द्रवंशी ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के बाद खिलाड़ियों एवं ग्रामीणों में उत्साह का माहौल देखा गया। इस अवसर पर गुड्डू चन्द्रवंशी ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल से शारीरिक तथा मानसिक विकास होता है। खेल युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और आपसी भाईचारा बढ़ाने का कार्य करता है। उन्होंने नाइट टूर्नामेंट के आयोजन से जुड़े सभी सदस्यों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने पर पत्रकार सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूरे होने के अवसर पर 'नवविहार टाइम्स' दैनिक द्वारा बिहार एवं झारखंड के पत्रकारों-संवाददाताओं के लिए आयोजित सम्मान समारोह में बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र के पत्रकार अनिल कुमार गिरी को उनके हिंदी समाचार पत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान 'नवबिहार टाइम्स' के संपादक कमल किशोर के हाथों दिया गया। मालूम हो कि अनिल कुमार गिरी दावथ गांव निवासी रामेश्वर गिरि के छोटे पुत्र हैं। विगत कई वर्षों से पत्रकारिता के क्षेत्र में सक्रिय अनिल कुमार गिरि विभिन्न विषयों पर निरंतर लेखन करते रहे हैं जिसके कारण उन्होंने क्षेत्र में



अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। सम्मान प्राप्त करने के बाद बातचीत में उन्होंने कहा कि व्यक्ति को किसी भी कार्य को बिना परिणाम की चिंता किए पूरी लगन और तन्मयता से करना चाहिए क्योंकि निष्ठापूर्वक किए गए कार्य से मिलने वाला सम्मान स्वतः प्राप्त हो जाता है। उनके इस उल्लेखनीय कार्य के लिए बिक्रमगंज अनुमंडल स्तर पर उन्हें सम्मान पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस सम्मान समारोह के अवसर पर पत्रकार पीके मिश्रा, चारों धाम मिश्रा, राजू पाठक, मनोज कुमार मुकेश कुमार सहित क्षेत्र के कई वरिष्ठ पत्रकारों एवं गणमान्य लोगों ने अनिल कुमार गिरि को शुभकामनाएं और बधाइयां दीं।

## शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**चेनारी (रोहतास)।** पुलिस ने शनिवार को कैमूर पहाड़ी की तराई में विभिन्न स्थानों पर छापेमारी कर 28 लीटर देसी शराब बरामद की तथा दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष दिनेश मालाकार ने बताया कि पचौरा गांव के पहाड़ी क्षेत्र में की गई कार्रवाई के दौरान दो अलग-अलग स्थानों से कुल 16 लीटर शराब बरामद की गई।

**पूर्व रेलवे**

ई-निविदा सं.: 105_2026-27-जोन, दिनांक 29.05.2026; मंडल रेल प्रबंधक/पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा रेलवे स्टेशन के निकट, हावड़ा-711101 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्य के निष्पादन के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस अथवा अन्य किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत सहित समतुल्य प्रकृति के कार्य का अनुभव एवं अपेक्षित वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदादाताओं से निम्नलिखित ई-निविदाएं ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैं: एक्सईएन/बीआरएल/हावड़ा। कार्य का विवरण: सम्पूर्ण हावड़ा मंडल में एसएसई/बीआर/हावड़ा द्वारा रखरखाव किए जाने वाले पुलों के सुपर स्ट्रक्चर के रखरखाव के साथ पुलों के लिए आनुषंगिक कार्यों हेतु जोनल कार्य, समापन अवधि 30.06.2027; अनुमानित लागत: रु. 1,00,00,000। बयाना राशि: रु. 2,00,000। समापन अवधि: स्वीकृति पत्र के जारी किए जाने की तारीख से 12 (बारह) महीने। निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लेखित बंद होने की तारीख को किसी भी कारणवश छुट्टी का दिन/बंद/हड़ताल घोषित होने पर भी ऑनलाइन निविदा बंद होने की तारीख में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा, चूंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में एप्लीकेशन निविदा बंद होने की तारीख एवं समय के उपरांत कोई भी प्रस्ताव जमा करने की अनुमति नहीं देती है। हालांकि, ऑनलाइन निविदा अगले कार्यकारी दिवस को खोली जाएगी। निविदा बंद होने की तारीख एवं समय: 18.06.2026 को 14.00 बजे तक। निविदाओं का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। ईएमडी एवं टीडीसी का भुगतान - ई-निविदा से संबंधित बयाना राशि जमा (ईएमडी) तथा निविदा दस्तावेज की कीमत का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग अथवा पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। टिप्पणी: आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए ईएमडी के रूप में फिक्स्ड डिपॉजिट रिसिप्ट (एफडीआर) स्वीकार नहीं की जाएगी। मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किए जाएंगे।

(HWH-114/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

## ससुराल में विवाहिता से मारपीट, गहने छीनने का आरोप

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** मैथरा गांव में घरेलू विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। पति से विवाद के बाद दो साल से मायके में रह रही विवाहिता गोल्डी कुमारी को ससुराल लाकर पति व ससुराल वालों ने बेरहमी से पीटा। बीच-बचाव करने आए उसके माता-पिता और भाई के साथ भी मारपीट की गई। इस मामले में पीड़िता ने शनिवार को बिक्रमगंज थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। घायल विवाहिता का अस्पताल में इलाज जारी है। प्राथमिकी के अनुसार गोल्डी कुमारी काराकाट थाना क्षेत्र के करूप गांव स्थित अपने मायके में पिछले दो साल से रह रही थीं। 24 मई को पति सनीकांत सिंह उर्फ छोटू और ससुर राम प्रवेश सिंह उसे मैथरा स्थित ससुराल वापस लेकर आए। शुक्रवार रात करीब 8 बजे विवाद बढ़ गया। आरोप है कि पति सनीकांत, ससुर राम प्रवेश सिंह, चचेरी सास चिंता देवी और परिवार के अन्य सदस्यों ने गोल्डी के साथ मारपीट शुरू कर दी। उसे घर से बाहर निकाल दिया गया और उसके करीब डेढ़ लाख रुपये के गहने भी छीन लिए गए। मारपीट के बाद गोल्डी ने मोबाइल से पिता को घटना की सूचना दी। लगभग एक घंटे बाद उसके पिता, मां, चाचा और भाई मैथरा पहुंचे जब उन्होंने घटना को लेकर पूछताछ की तो आरोपियों ने उनके साथ भी मारपीट की। हमले में घायल सभी पीड़ित किसी तरह जान बचाकर वहां से भागे और इलाज कराया। बिक्रमगंज थानाध्यक्ष रंजन कुमार के हवाले से बताया गया कि पीड़िता गोल्डी कुमारी के बयान पर प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। मामले में पति, ससुर, चचेरी सास समेत अन्य को आरोपी बनाया गया है। मामले की जांच जारी है।

## सशक्त अस्थायी समिति के गठन की प्रक्रिया पूर्ण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**विक्रमगंज (रोहतास)।** काराकाट नगर पंचायत में शनिवार को सशक्त स्थायी समिति के गठन की प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से पूरी हुई जिसमें समिति के तीन रिक्त सदस्य पदों पर चुनाव निर्विरोध रहा। वार्ड पार्षद संजय राम, संतोष कुमार तिवारी उर्फ पिंटू तिवारी और मतरमाला देवी को विजेता घोषित किया गया। निर्वाची पदाधिकारी-सह-जिला परिवहन पदाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने आधिकारिक तौर पर तीनों नामों की घोषणा की क्योंकि इन पदों पर कोई अन्य नामांकन नहीं था। निर्विरोध निर्वाचन को लेकर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों में उत्साह दिखा जिसे प्रबुद्ध वर्ग ने नगर की राजनीति में सकारात्मक और विकासोन्मुखी बदलाव बताया। लोगों ने उम्मीद जताई कि आम सहमति से हुआ यह चयन विकास कार्यों को गति देगा। नवनिर्वाचित सदस्य संतोष कुमार तिवारी ने सभी वार्ड पार्षदों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि अब सभी वार्डों में विकास की धारा बहेगी और इसके लिए मुख्यमंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया। संजय राम ने कहा कि सभी पार्षदों के सहयोग से रुके हुए कार्य पूरे होंगे और विकास



को नई दिशा मिलेगी जबकि मतरमाला देवी ने विकास कार्यों को प्राथमिकता देने का भरोसा दिलाया। मुख्य पार्षद राधिका कुमारी, उपमुख्य पार्षद रविश रंजन और मुख्य पार्षद प्रतिनिधि मुन्ना भारती ने तीनों सदस्यों को बधाई दी और एकजुट होकर नगर विकास में तेजी लाने की अपेक्षा की। चुनाव के दौरान सहायक निर्वाचन पदाधिकारी व बीडीओ राहुल कुमार सिंह, श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी देवाशीष कुमार, बीपीआरओ रेणुका कुमारी उपस्थित रहे। इसके अलावा वार्ड पार्षद विपिन कुमार सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह, अजय सिंह, गीता देवी, राधिका देवी, कलावती देवी तथा पार्षद प्रतिनिधि संतोष यादव, दिलीप कुमार, विनोद कुमार, विनेश कांत त्रिपाठी समेत अन्य गणमान्य मौजूद थे। शांतिपूर्ण और निर्विरोध चुनाव ने नगर पंचायत में सौहार्द का संदेश दिया।

# राज्य सरकार समाज के सभी वर्गों के विकास के लिए प्रतिबद्ध : श्रवण कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** नगर निगम क्षेत्र के कोसुक एवं राणा बिगहा में मुख्यमंत्री क्षेत्र विकास योजनांतर्गत निर्मित पीसीसी ढलाई सड़कों का उद्घाटन क्षेत्रीय विधायक सह बिहार सरकार के ग्रामीण विकास एवं सूचना एवं जनसंपर्क मंत्री श्रवण कुमार ने किया। इस दौरान वार्ड संख्या-50 के कोसुक गांव में दिनेश पासवान के घर से गांधी डीलर के घर तक तथा वार्ड संख्या-49 के न्यू एरिया राणा बिगहा में एनएच नवादा रोड से अभिमन्यु कुशवाहा के घर तक नवनिर्मित पीसीसी सड़क का लोकार्पण किया गया। उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि राज्य सरकार समाज के सभी वर्गों के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सात निश्चय योजना के माध्यम से बिहार के गांव-गांव तक विकास पहुंचा है और लोगों के जीवन स्तर में व्यापक सुधार हुआ है। सरकार की योजनाओं का लाभ बिना किसी भेदभाव के हर वर्ग तक पहुंच रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार में सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल और रोजगार के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य हुए हैं। मंत्री ने कहा कि विकास कार्यों के कारण बिहार की पहचान देशभर में मजबूत हुई है और आज लोग गर्व के साथ स्वयं को बिहारी कह रहे हैं। उन्होंने स्थानीय लोगों से विकास कार्यों का लाभ उठाने तथा क्षेत्र के विकास में सहयोग करने की अपील की। इस अवसर पर प्रखंड अध्यक्ष धनंजय प्रसाद कुशवाहा, जिला प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार देव, युगल किशोर मुखिया, बिट्टू कुशवाहा, मुन्नी देवी, अभिमन्यु कुशवाहा, भोला प्रसाद, वीरू कुशवाहा, मन्नू पासवान, विश्वास सिंह, जयंत शर्मा, रामवृक्ष प्रसाद, रविंद्र कुशवाहा, संजय प्रसाद कुशवाहा चौहान समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं स्थानीय ग्रामीण उपस्थित थे।




# मायके से ससुराल लौट रही गर्भवती महिला की बाइक से गिरकर मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा।** मायके से अपने पति के साथ ससुराल लौट रही छह माह की गर्भवती महिला की बाइक से गिरकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद हिसुआ अस्पताल में लोगों की भारी भीड़ जुट गई। वहीं, महिला की मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतका की पहचान नारदीगंज थाना क्षेत्र के तिलकचक गांव निवासी लालजीत कुमार की 30 वर्षीय पत्नी सीमा कुमारी के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार सीमा छह माह की गर्भवती थी। दुर्घटना में उसके सिर और सीने में गंभीर चोटें आईं, जिससे अत्यधिक रक्तस्राव हुआ और उसकी हालत गंभीर हो गई। घटना के संबंध में मृतका के पति लालजीत कुमार ने बताया कि वह अपनी पत्नी के साथ मेसकौर प्रखंड के बेलवान गांव स्थित उसके मायके से तिलकचक स्थित अपने घर लौट रहे थे। बाइक के पीछे बैठी सीमा के हाथ में एक प्लास्टिक का ड्रम था। रास्ते में तेज हवा के कारण ड्रम उड़ने लगा। उसे संभालने के प्रयास में सीमा का संतुलन बिगड़ गया और वह सड़क पर गिर पड़ी।

दुर्घटना के बाद गंभीर रूप से घायल सीमा को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। सीमा अपने पीछे पति और तीन वर्षीय पुत्र को छोड़ गई है। घटना के बाद मृतका के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। क्षेत्र में भी इस हादसे को लेकर शोक का माहौल व्याप्त है। पुलिस मामले की जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुटी है।

## एक नजर

### इलाज के दौरान युवक की मौत

**रजौली (नवादा)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रजौली अनुमंडलीय अस्पताल में इलाज के दौरान एक 50 वर्षीय अधेड़ की मौत हो गई। मृतक के पास कोई परिजन मौजूद नहीं था। सूचना पर एएसआई जयप्रकाश चौधरी पुलिस बल के साथ अस्पताल पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। पुलिस मृतक की वास्तविक पहचान की जांच में जुटी है। अस्पताल के स्वास्थ्यकर्मियों ने बताया कि एक होटल संचालक बीमार हालत में अधेड़ को इलाज के लिए अस्पताल लाया था। डॉ. रौशन कुमार एवं डॉ. परितोष कुमार ने उसका इलाज शुरू किया। इलाज के दौरान शुक्रवार देर रात उसकी मौत हो गई। अस्पताल पर्ची के अनुसार मृतक की पहचान रजौली के सन्नी भुइयां के पुत्र कैलाश कुमार के रूप में हुई है। लेकिन अब तक कोई परिजन अस्पताल नहीं पहुंचा है, जिससे पुलिस को मृतक की वास्तविक पहचान स्पष्ट नहीं हो पा रही है। प्रभारी थानाध्यक्ष एसआई अजय कुमार ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर चौकीदार की देखरेख में पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मृतक की पहचान के लिए पुलिस प्रयास कर रही है। आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

### करंट की चपेट में आई युवती, झुलसी

**रजौली (नवादा)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** रजौली थाना क्षेत्र के हरदिया सेक्टर बी में घर में इनवर्टर को बिजली से कनेक्ट करने के दौरान 19 वर्षीय युवती बिजली के जोरदार करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गई। आनन-फानन में परिजनों ने उसे रजौली अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया, जहां चिकित्सक डॉ. परितोष कुमार की देखरेख में इलाज जारी है। घायल युवती की पहचान आलिया परवीन, उम्र 19 वर्ष, के रूप में हुई है। वह हरदिया सेक्टर बी निवासी डॉ. रुस्तम की भांजी है। अस्पताल में ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ. परितोष कुमार ने तुरंत प्राथमिक इलाज शुरू किया। डॉ. परितोष ने बताया कि युवती को बिजली का झटका लगा है। समय पर अस्पताल लाने से बड़ी अनहोनी टल गई। अस्पताल परिसर में मौजूद लोगों ने इस घटना के बाद बिजली उपकरणों का इस्तेमाल करते समय सावधानी बरतने की अपील की है। खासकर बारिश के मौसम में नंगे तार या गीले हाथों से बिजली के उपकरण छूने से बचने की सलाह दी जा रही है।

### विनय कुशवाहा को रालोमो का जिलाध्यक्ष बनने पर दी बधाई

**कौआकोल/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** राष्ट्रीय लोक मोर्चा (रालोमो) के नवादा जिलाध्यक्ष पद पर विनय कुशवाहा उर्फ विनय मेहता के निर्विरोध चयन होने पर कौआकोल प्रखंड क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनके समर्थकों एवं विभिन्न राजनीतिक एवं सामाजिक संगठनों के लोगों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। प्रखंड भाजपा पूर्वी मंडल अध्यक्ष अंकित विश्वकर्मा,जदयू प्रखंड अध्यक्ष दिलीप कुशवाहा,समाजसेवी यदुनन्दन पासवान,अवधेश राउत,सत्येंद्र यादव,सुधीर पांडेय सहित कई लोगों ने विनय कुशवाहा को नई जिम्मेदारी मिलने पर शुभकामनाएं दीं। बधाई देने वालों ने आशा व्यक्त की कि उनके नेतृत्व में राष्ट्रीय लोक मोर्चा नवादा जिले में और अधिक मजबूत होगी तथा संगठन का विस्तार नए आयाम स्थापित करेगा। वहीं विनय कुशवाहा ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन पर जो विश्वास जताया है,उस पर खरा उतरने का पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं को साथ लेकर पार्टी की नीतियों और जनहित के मुद्दों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प व्यक्त किया।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**बिहारशरीफ/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सरमेरा थाना क्षेत्र में शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। घटना बिहटा-सरमेरा मुख्य मार्ग पर बढ़िया गांव के समीप हुई। मृतक की पहचान मोहनपुर गांव निवासी इंदल केवट के पुत्र धनराज केवट के रूप में की गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार धनराज केवट बाइक से कहीं जा रहे थे। इसी दौरान बढ़िया गांव के पास एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सरमेरा पहुंचाया। वहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों की उम्मीदें उस समय टूट गईं जब बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने धनराज केवट को मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया और गांव में शोक की लहर दौड़ गई।मामले की जानकारी देते हुए साकेन्द्र कुमार बिंद ने बताया कि अज्ञात वाहन की पहचान और चालक की गिरफ्तारी के लिए पुलिस कार्रवाई कर रही है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों और अन्य साक्ष्यों के आधार पर दुर्घटना में शामिल वाहन का पता लगाने का प्रयास कर रही है।

# शिक्षक संवाद कार्यक्रम में पहुंचे एमएलसी नवल किशोर यादव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के बिहार विधान परिषद सदस्य (एमएलसी) एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता नवल किशोर यादव शनिवार को जिले के रहुई प्रखंड स्थित पतासंग हाई स्कूल पहुंचे। यहां आयोजित शिक्षक संवाद समारोह में उन्होंने शिक्षकों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और विभिन्न मुद्दों पर अपनी बात रखी। इस दौरान उन्होंने आगामी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र चुनाव को लेकर भी अपनी प्रतिक्रिया दी और महागठबंधन पर जमकर निशाना साधा। शिक्षक संवाद समारोह को संबोधित करते हुए एमएलसी नवल किशोर यादव ने कहा कि वे लगातार शिक्षकों के बीच जाकर उनकी समस्याओं से रूबरू होते रहते हैं। शिक्षकों की परेशानियों को समझकर सरकार तक उनकी आवाज पहुंचाने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षक समाज के निर्माण में अहम भूमिका निभाते हैं और उनकी समस्याओं का समाधान कराना उनकी प्राथमिकता है।आगामी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र चुनाव को लेकर पूछे गए सवाल पर नवल किशोर यादव ने कहा कि उनकी तैयारी से ज्यादा शिक्षक समाज की तैयारी महत्वपूर्ण है। उन्होंने विश्वास जताते हुए कहा कि शिक्षक हमेशा उनके साथ खड़े रहते हैं और वे भी हर समय शिक्षकों के हितों के लिए तैयार रहते हैं। महागठबंधन पर हमला बोलते हुए उन्होंने कहा कि जिस तरह विधानसभा चुनाव में बड़े-बड़े दावे किए गए थे और वे धराशायी हो गए, उसी तरह इस बार शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र के चुनाव में भी महागठबंधन को करारी हार का सामना करना पड़ेगा। शिक्षक संवाद समारोह के दौरान बड़ी संख्या में शिक्षक मौजूद रहे। कार्यक्रम में शिक्षा व्यवस्था, शिक्षकों की समस्याओं और आगामी शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र चुनाव को लेकर व्यापक चर्चा हुई।




# भाजपा की बैठक में संगठनात्मक विषयों पर चर्चा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिहारशरीफ।** भाजपा नालंदा ज़िलाध्यक्ष राजेश कुमार की अध्यक्षता में मेहनौर स्थित भाजपा जिला कार्यालय में एक संगठनात्मक बैठक आयोजित किया गया। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल के द्वारा किया गया। बैठक में संगठनात्मक विषयों पर चर्चा करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार द्वारा महीने के अंतिम रविवार को 11 बजे दिन में प्रसारित होने जा रहे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' के 134वें प्रसारण को सभी भाजपा कार्यकर्ताओं, सभी मंडल अध्यक्ष एवं बूथ अध्यक्षों को अपने अपने बूथों पर सुनने का स्पष्ट निर्देश दिया गया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के 12 साल पूरा होने के उपलक्ष्य पर भाजपा कार्यकर्ताओं को घर घर जाकर केंद्र सरकार के 12 साल के कार्यों, जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार एवं जरुरतमंद लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ लेने में सहायक बनकर जनता से सीधे जुड़ाव के निर्देश दिए गए। 5 जून को विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर "एक पेड़ मां के नाम" बूथस्तर पर वृक्षारोपण, 21 जून को योग दिवस, जनसंपर्क अभियान के साथ साथ बूथस्तर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री बनते ही 2014 से आजतक निरंतर प्रधानमंत्री मोदी देश के करोड़ों गरीबों, दबे कुचले पिछड़े अतिपिछड़ों, समाज के सभी वर्गों के कल्याण हेतु प्रयासरत हैं। इस अवसर पर, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ई. शैलेन्द्र कुमार, श्याम किशोर प्रसाद सिंह, चंद्रकांता सिन्हा, छोटेलाल राजवंशी, जिला उपाध्यक्ष अरविंद पटेल, शैलेन्द्र कुमार, नीरज कुमार डब्ल्यू, तेजस्विता राधा,शिवशंकर दास, जिला मंत्री अमरेश कुमार, प्रवीण सिंह, योगेंद्र मंडल, राजू माहुरी, रंजू कुमारी, जिला प्रोटोकॉल प्रभारी अमित गौरव, महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष रूचि श्री वास्तव, ओबीसी मोर्चा जिलाध्यक्ष विकास कुमार चंद्रवंशी, क्रीड़ा प्रकोष्ठ जिला संयोजक जयराम कुमार यादव, जिला प्रवक्ता अमरकांत भारती, सोनू कुमार हिंदू, ललन कुमार, खुश्बू कुमारी, शैलेन्द्र आर्य, मंडल अध्यक्ष मंजय चंद्रवंशी, मुकेश कुमार,धर्मेंद्र कुशवाहा, विपीन झा, राजाराम, आईटी सेल जिला सह संयोजक आलोक रंजन, राहुल कुमार सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।



# गायत्री मंदिर कौआकोल में विचार क्रांति गोष्ठी आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कौआकोल।** वेदमूर्ति परम पूज्य पं. श्रीराम शर्मा आचार्य द्वारा प्रज्ज्वलित अखंड दीप की प्रेरणा से संचालित अखंड ज्योति एवं युग निर्माण विचार क्रांति अभियान के शताब्दी वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में शनिवार को गायत्री ज्ञान मंदिर कौआकोल परिसर में एक विशेष विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में शांतिकुंज के प्रतिनिधि अशोक पांडे एवं तपेश्वर शांडिल्य ने अखंड ज्योति,युग निर्माण योजना, युग निर्माण पत्रिका तथा पाक्षिक पत्रिकाओं के माध्यम से समाज में आए सकारात्मक परिवर्तन पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि इन पत्रिकाओं ने विचार क्रांति के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है तथा "हम बदलेंगे, युग बदलेगा" के संकल्प को साकार करने की दिशा में लोगों को प्रेरित किया है। वक्ताओं ने मनुष्य में देवत्व के विकास तथा पृथ्वी पर स्वर्ग की स्थापना की संकल्पना को 21वीं सदी के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला बताते हुए उपस्थित लोगों से नियमित रूप से साहित्य अध्ययन करने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कार्यकर्ताओं एवं परिजनों से इन पत्रिकाओं के अध्ययन से उनके जीवन में आए सकारात्मक बदलावों के अनुभव भी साझा कराए गए। कार्यक्रम में लगभग 250 पुरुष एवं महिलाओं की सहभागिता रही। मुख्य अतिथि के रूप में लोकनायक जयप्रकाश नारायण के आश्रम से जुड़े ग्राम निर्माण मण्डल के प्रधान मंत्री अरविंद कुमार सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने विचार क्रांति अभियान को समाज निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताते हुए इसके व्यापक प्रसार की आवश्यकता पर बल दिया। इस अवसर पर जिला समन्वयक केदार प्रसाद सिंह,प्रखंड समन्वयक उपेंद्र प्रसाद तथा वरीय कार्यकर्ता सुरेश प्रसाद यादव की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम का समापन गायत्री मंत्र एवं युग निर्माण के संकल्प के साथ हुआ।



# जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने इवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ।** भारत निर्वाचन आयोग के निदेशानुसार 30 मई को जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी नालंदा कुंदन कुमार द्वारा मघडा अवस्थित इ.वी.एम. वेयरहाउस का मासिक निरिक्षण किया गया। सीसीटीवी कैमरे एवं सुरक्षा गार्ड के द्वारा ई.वी.एम. वेयरहाउस का चाक चौबंद सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। निरिक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा वेयरहाउस में साफ-सफाई कराने हेतु उप निर्वाचन पदाधिकारी को निदेशित किया गया।



# हरनौत नगर पंचायत की सशक्त स्थायी समिति के लिए चुनाव संपन्न

## तीन नए सदस्यों का हुआ चयन

**बिहारशरीफ।** बिहार नगरपालिका (संशोधन) अधिनियम, 2026 के तहत शनिवार को हरनौत नगर पंचायत में सशक्त स्थायी समिति के सदस्यों के चुनाव की प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। गुप्त मतदान के माध्यम से तीन सदस्यों का चयन किया गया। चुनाव प्रक्रिया प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार भवन में जिला पंचायती राज पदाधिकारी सह निर्वाची पदाधिकारी संकेत कुमार के नेतृत्व में संपन्न कराई गई। मतगणना के तुरंत बाद परिणामों की घोषणा की गई। इसके बाद निर्वाची पदाधिकारी ने सभी विजयी उम्मीदवारों को प्रमाण पत्र प्रदान करते हुए पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। चुनाव को लेकर सुबह से ही सभागार भवन परिसर में राजनीतिक सरगर्मी बनी रही। सशक्त स्थायी समिति के तीन पदों के लिए हुए चुनाव में वार्ड संख्या 17 के सुनील कुमार और वार्ड संख्या 13 के श्याम बालक साव को समान रूप से नौ-नौ मत प्राप्त हुए। मत बराबर होने के बाद अधिकारियों की देखरेख में लॉटरी कराई गई, जिसमें सुनील कुमार विजयी घोषित किए गए। वहीं वार्ड संख्या 14 के अनिल कुमार ने वार्ड संख्या 15 के राजीव रंजन कुमार को पराजित किया। अनिल कुमार को 10 जबकि राजीव रंजन कुमार को 7 मत प्राप्त हुए। तीसरे मुकाबले में वार्ड संख्या 9 के सूरज कुमार ने वार्ड संख्या 2 की बबीता पांडे को एक मत के अंतर से हराया। सूरज कुमार को 9 और बबीता पांडे को 8 मत मिले। इस चुनाव में एक मत अवैध घोषित किया गया। सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के बीच नगर पंचायत के 18 पार्षदों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। परिणाम घोषित होने के बाद समर्थकों ने नवनिर्वाचित सदस्यों को फूल-मालाओं से लादकर उनका स्वागत किया। नवनिर्वाचित सदस्यों ने कहा कि उनका प्रमुख लक्ष्य नगर पंचायत क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना तथा आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना होगा। इस अवसर पर पार्षद प्रतिनिधि संतोष कुमार, शिशुपाल कुमार, रोहित कुमार उर्फ मिलन, राकेश कुमार सहित अन्य लोगों ने विजयी प्रत्याशियों को बधाई दी। चुनाव को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में संपन्न कराने में जिला पंचायती राज पदाधिकारी संकेत कुमार के अलावा प्रखंड विकास पदाधिकारी डॉ. पंकज कुमार, बीपीआरओ उमेश कुमार, अंचलाधिकारी पूजा कुमारी, आरओ ऋतुरिमिम तथा शिवेंदु सहित अन्य अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।



# किसानों की बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नगरनौसा (नालंदा)।** प्रखंड स्थित बिशुनपुर ग्राम में अखिल भारतीय किसान महासभा की बैठक आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कामेश्वर प्रसाद ने की। इस बैठक करीब 25 किसानों ने भाग लिया। जिला अध्यक्ष ने कहा की यूरिया 270 में बेचा जाता था वह 400 में बेचा रहा है जो चिंता जाहिर किया। जिला अध्यक्ष कामेश्वर प्रसाद ने सरकार से मांग की खाद की कालाबाजारी को जल्द से जल्द रोक लगाई जाए। किसानों को आवाह्न किया कि अपने हक के लिए एक जुट होकर संघर्ष करना होगा। इस कार्यक्रम में नागमणि यादव, राधेरमण प्रसाद, सुजीत कुमार, मणिधर महतो, जैनेंद्र चौधरी राजनंदन साब, बुधराम चौहान शामिल हुए।

# 36 बोतल शराब व बियर जब्त, तस्कर फरार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**रजौली (नवादा)।** रजौली थाना क्षेत्र में बिहार मद्यनिषेध अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। बीते शाम गश्ती के दौरान कनगोबिगहा गांव के पास पुलिस को देखकर एक बाइक सवार शराब तस्कर प्लास्टिक का बोरा फेंककर फरार हो गया। बोरे की तलाशी में पुलिस ने 15.534 लीटर विदेशी शराब और बियर बरामद की है। प्रभारी थानाध्यक्ष एसआई अजय कुमार ने बताया कि थाने में एएसआई जयप्रकाश चौधरी पुलिस बलों के साथ संध्या गश्त में थे। इसी बीच गुप्त सूचना मिली कि शराब कारोबारी मोहकामा जंगल की ओर से अंग्रेजी शराब लेकर कानगोबिगहा गांव की ओर आ रहे हैं। सत्यापन के लिए टीम कनगोबिगहा पहुंची तो एक बाइक सवार पीछे बोरा लादे आता दिखा। पुलिस वाहन देखते ही वह बाइक घुमाकर भागने लगा। पुलिस ने खदेड़कर पकड़ने का प्रयास किया, लेकिन आरोपी कानगोबिगहा के एक घर के पास प्लास्टिक का बोरा फेंककर गली से बाइक लेकर फरार हो गया। जब्त शराब में झारखंड में बेचे जाने वाले किंगफिशर के 500 एमएल वाले 18 केन, आइकॉनिक व्हिस्की के 375 एमएल वाले 12 बोतल, रॉयल स्टैग एवं मैजिक मोमेंट्स के 375 एमएल वाले 3-3 बोतल शामिल है। प्रभारी थानाध्यक्ष ने कहा कि जब्त शराब एवं बियर के अलावे फरार शराब तस्कर के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के सुसंगत धाराओं के तहत प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस शराब तस्कर की गिरफ्तारी को लेकर अग्रतर कार्रवाई में जुटी हुई है।



# नगरनौसा डिग्री कॉलेज को लेकर एनएच को किया जाम

नवबिहार टाइम्स संवदादाता

**नगरनौसा (नालंदा)।** नगरनौसा प्रखंड में बहुप्रतीक्षित डिग्री कॉलेज की स्थापना के बाद अब इसके स्थान चयन को लेकर विवाद ने तूल पकड़ लिया है। शनिवार को कॉलेज को नगरनौसा मुख्यालय से हटाकर लोदीपुर में संचालित किए जाने के विरोध में आक्रोशित युवाओं और स्थानीय लोगों ने नगरनौसा बस स्टैंड के पास एनएच 431 (चंडी-दनियावां मुख्य मार्ग) को दूसरी बार जाम कर उग्र प्रदर्शन किया। सड़क जाम होने से मुख्य मार्ग पर दोनों ओर गाड़ियों की लंबी कतार लग गई और आवागमन पूरी तरह ठप हो गया। धरना-प्रदर्शन के दौरान मौजूद 'भारत की छात्र फेडरेशन की राज्य अध्यक्ष कांति कुमारी ने बताया कि एक लंबे संघर्ष और 2024 से लड़ी जा रही लड़ाई के बाद नगरनौसा में डिग्री कॉलेज की स्थापना संभव हो सकी है। लेकिन, कुछ लोगों द्वारा इसे नगरनौसा मुख्यालय में न बनाकर प्रखंड की कैला पंचायत अंतर्गत लोदीपुर गांव स्थित हाई स्कूल में शुरू कर दिया गया है। प्रदर्शनकारियों ने मांग की है कि डिग्री कॉलेज का संचालन तत्काल प्रभाव से नगरनौसा बाजार स्थित बालिका उच्च विद्यालय से किया जाए। साथ ही, प्रखंड मुख्यालय के आसपास मौजूद सरकारी जमीनों पर से कुछ व्यक्तिगत लोगों का अवैध कब्जा हटाकर वहां कॉलेज का नया भवन बनाया जाए। इस विवाद में अब स्थानीय लोग दो खेमों में बंट गए हैं। एक पक्ष जहां मुख्यालय में कॉलेज की मांग पर अड़ा है, वहीं स्थानीय लोगों और विद्यार्थियों का एक बड़ा वर्ग लोदीपुर के पक्ष में खड़ा है। लोदीपुर समर्थकों का तर्क है कि वहां स्थित मगध विद्यापीठ उच्च विद्यालय में 4 एकड़ 63 डिसमिल जमीन है और कॉलेज संचालन के लिए 20 कमरे उपलब्ध हैं, जो एक बेहतरीन आधारभूत संरचना है। उनका कहना है कि कई अन्य प्रखंडों में भी मुख्यालय से दूर कॉलेज का सफलतापूर्वक संचालन हो रहा है, इसलिए सुविधा के लिहाज से लोदीपुर ही सबसे उपयुक्त स्थान है। हिलसा एसडीओ व एएसपी के पहल पर यातायात बहाल कर जाम हटाया गया।



# कौआकोल अंचल कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवदादाता

**कौआकोल (नवादा)।** आमजनों की समस्याओं के त्वरित एवं पारदर्शी समाधान के उद्देश्य से शनिवार को कौआकोल अंचल कार्यालय परिसर में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में भूमि विवाद एवं अन्य राजस्व संबंधी मामलों की सुनवाई की गई,जिसमें कुल छह मामलों को प्रस्तुत किया गया। सुनवाई के दौरान तीन मामलों का निष्पादन मौके पर ही कर दिया गया, जिससे संबंधित पक्षों को तत्काल राहत मिली। वहीं शेष तीन मामलों में आवश्यक जांच-पड़ताल,अभिलेखों की समीक्षा एवं साक्ष्यों के आधार पर अगली तिथि निर्धारित करते हुए सुनवाई के लिए रखा गया। जनता दरबार की अध्यक्षता अंचल अधिकारी मनीष कुमार ने की। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा के अनुरूप आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान प्राथमिकता है तथा भूमि एवं राजस्व से जुड़े विवादों को स्थानीय स्तर पर निपटाने के लिए नियमित रूप से जनता दरबार का आयोजन किया जा रहा है। मौके पर थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह,राजस्व अधिकारी अनीश कुमार, राजस्व कर्मचारी मिथुन कुमार मिठू,नरेंद्र कुमार, प्रकाश कुमार, दीपक कुमार, आदित्य कुमार, नितेश कुमार मिश्रा एवं लिपिक नीतीश कुमार सहित अंचल कार्यालय के अन्य कर्मी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने उपस्थित लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित मामलों के निष्पादन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।



# गया में पेयजल आपूर्ति की समीक्षा, शेष घरों तक एक वर्ष में पहुंचाया जाएगा जल : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने शनिवार को गया स्थित जिला अतिथि गृह सभागार में बुडको के अधिकारियों के साथ पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की समीक्षा बैठक की। बैठक में शहर के सभी घरों तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने की प्रगति तथा लंबित कार्यों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक के दौरान डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि वर्ष 2018 में 411 करोड़ रुपये की लागत से शुरू की गई इस महत्वाकांक्षी पेयजल परियोजना का लक्ष्य गया नगर क्षेत्र के एक लाख पांच हजार घरों तक जलापूर्ति सुनिश्चित करना था। वर्तमान में लगभग 71 हजार घरों में नियमित पेयजल आपूर्ति की जा रही है जबकि शेष 35 हजार घरों को योजना से जोड़ने के लिए सर्वेक्षण कार्य जारी है। इसके साथ ही जलमीनारों (पानी टंकियों) की संख्या बढ़ाने एवं अन्य आवश्यक आधारभूत संरचनाओं के निर्माण का कार्य भी किया जा रहा है। बुडको अधिकारियों ने बैठक में जानकारी दी कि प्रति व्यक्ति प्रतिदिन 135 लीटर पानी की आवश्यकता निर्धारित है जबकि वर्तमान में औसतन 105 लीटर प्रतिदिन जलापूर्ति की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि योजना के तहत अब तक लगभग 580 किलोमीटर पाइपलाइन बिछाई जा चुकी है। इसमें एचडीपीई पाइप (डायमीटर 110, 150 एवं 250 मिमी) तथा डीआई पाइप (डायमीटर 250, 350, 500, 600 एवं 700 मिमी) का उपयोग किया गया है। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि शेष छूटे हुए घरों में पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन (डीपीआर) तैयार किया जा रहा है। डीपीआर स्वीकृत होने के बाद लगभग एक वर्ष के भीतर कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। समीक्षा के दौरान डॉ. प्रेम कुमार ने वार्ड संख्या 6, 7, 8, 10 एवं 11 में पेयजल संकट की समस्या को गंभीरता से उठाया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इन क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर आवश्यक कार्रवाई कर शीघ्र पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने बताया कि खरखुरा सब्जी मंडी के पास एक जलमीनार एवं मुरलीहिल पहाड़ी के निकट एक जलमीनार की आवश्यकता बताई गई है। साथ ही अधिकारियों ने अपील की है कि जिन मोहल्लों में जलापूर्ति सुनिश्चित नहीं हो रही है उसके निदान के लिए विभाग के हेल्पलाइन नंबर 8409461488 पर कॉल करके अपनी जानकारी उपलब्ध करा सकते हैं। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि प्रत्येक घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाना सरकार की प्राथमिकता है तथा इस दिशा में सभी विभागों को समन्वय बनाकर समयबद्ध तरीके से कार्य करना होगा। उन्होंने अधिकारियों को परियोजना के शेष कार्यों में तेजी लाने तथा नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।


## तीन वारंटी गिरफ्तार, गए न्यायिक हिरासत में

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** न्यायालय की ओर से जारी गैर जमानती वारंट (एनबीडब्ल्यू) के आलोक में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए तीन वारंटियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों को आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद न्यायालय में प्रस्तुत करने हेतु गया भेज दिया गया। आंती थानाध्यक्ष दीपक कुमार राव के अनुसार न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी मोनिका वर्मा की अदालत से जारी ग्रांड रजिस्टर संख्या 1860/12 के तहत गैर जमानती वारंट शत्रुघ्न यादव, सुरेंद्र यादव एवं कौशल यादव को गिरफ्तार किया गया। तीनों आरोपित स्व. मोहित चंद्र यादव के पुत्र तथा आंती थाना क्षेत्र अंतर्गत दौलतपुर गांव के निवासी हैं। पुलिस ने बताया कि न्यायालय के आदेश के अनुपालन में तीनों वारंटियों को विधिवत गिरफ्तार कर आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी की गई। इसके बाद उन्हें न्यायालय गया में उपस्थिति सुनिश्चित कराने के लिए भेज दिया गया।

## हिंदी पत्रकारिता लोकतंत्र का सशक्त स्तंभ, पत्रकार समाज के सजग प्रहरी : डॉ. प्रेम कुमार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** हिंदी पत्रकारिता दिवस एवं हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने सभी पत्रकार बंधुओं, संपादकों, संवाददाताओं तथा मीडिया जगत से जुड़े कर्मियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि वर्ष 1826 में उदन्त मार्तण्ड के प्रकाशन के साथ प्रारंभ हुई हिंदी पत्रकारिता की गौरवशाली यात्रा आज लोकतंत्र के सशक्त स्तंभ के रूप में स्थापित हो चुकी है। बीते दो सौ वर्षों में हिंदी पत्रकारिता ने समाज को जागरूक करने, राष्ट्रीय चेतना को सुदृढ़ बनाने तथा जन-जन की आवाज को शासन-प्रशासन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

### नवबिहार टाइम्स के कार्यक्रम को सराहा

उन्होंने हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 'नवबिहार टाइम्स' द्वारा अपने पत्रकारों एवं संवाददाताओं के सम्मान में आयोजित कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि पत्रकार समाज का सजग प्रहरी होता है जो सत्य, निष्पक्षता एवं जनहित के मूल्यों को आगे बढ़ाने का कार्य करता है। लोकतंत्र की मजबूती में पत्रकारों का योगदान सदैव अविस्मरणीय रहेगा। बिहार विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि वर्तमान डिजिटल युग में पत्रकारिता के समक्ष अनेक चुनौतियां उपस्थित हैं, फिर भी उन्हें विश्वास है कि पत्रकार समुदाय सत्यनिष्ठा, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्रहित के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को बनाए रखते हुए जनसेवा के इस महत्वपूर्ण दायित्व का निर्वहन करता रहेगा। डॉ. प्रेम कुमार ने इस अवसर पर सम्मानित होने वाले सभी पत्रकारों एवं संवाददाताओं को हार्दिक बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही उन्होंने 'नवबिहार टाइम्स' परिवार को इस सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दीं।

## प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय में छात्र मंत्रिमंडल का गठन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी (गया)।** प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय, शेरघाटी में शनिवार को लोकतांत्रिक प्रक्रिया के तहत छात्र मंत्रिमंडल का गठन किया गया। विद्यालय प्रशासन द्वारा पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार छात्राओं के बीच चुनाव एवं चयन प्रक्रिया संपन्न कराई गई जिसके बाद विभिन्न विभागों के लिए मंत्रियों और उपमंत्रियों की घोषणा की गई। विद्यालय में आयोजित कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को नेतृत्व क्षमता विकसित करने तथा विद्यालयी गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंत्रिमंडल का गठन किया गया। चयनित छात्राओं को स्वच्छता, शिक्षा, स्वास्थ्य, ऊर्जा संरक्षण, सूचना, सांस्कृतिक, खेलकूद, जल संरक्षण एवं अन्य विभागों की जिम्मेदारी सौंपी गई। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाध्यापक राजकुमार सिंह सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे। उन्होंने चयनित छात्राओं को उनके दायित्वों के प्रति सजग रहने और विद्यालय के विकास में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। विद्यालय प्रशासन ने बताया कि छात्र मंत्रिमंडल के माध्यम से छात्राओं में नेतृत्व, अनुशासन, जिम्मेदारी और लोकतांत्रिक मूल्यों का विकास होगा। साथ ही विद्यालय की विभिन्न गतिविधियों के संचालन में भी छात्राओं की भागीदारी बढ़ेगी।

## गया जंक्शन : पुनर्विकास कार्यों में और आएगी तेजी, निर्माण कार्य पर जोर

### पुनर्निर्माण के तहत गया जंक्शन को दिया जा रहा विश्व स्तरीय स्टेशन का स्वरूप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया जी।** पूर्व मध्य रेलवे के गया जंक्शन को विश्वस्तरीय स्टेशन के रूप में विकसित करने की दिशा में चल रहे निर्माण कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक हुई। बैठक में रेल कंट्रक्शन विभाग के अधिकारियों और निर्माण एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने विभिन्न परियोजनाओं की वर्तमान स्थिति पर विस्तार से चर्चा की। अधिकारियों ने निर्माण कार्यों में तेजी लाने और तय समय सीमा के भीतर सभी योजनाओं को पूरा करने पर जोर दिया। बैठक में विशेष रूप से प्लेटफॉर्म नंबर एक के विकास, यात्री सुविधाओं के विस्तार और स्टेशन परिसर के सौंदर्यीकरण को लेकर कई अहम निर्णय लिए गए। अधिकारियों ने कहा कि गया जंक्शन बिहार के प्रमुख धार्मिक और पर्यटन केंद्रों में शामिल है इसलिए यहां यात्रियों को आधुनिक और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है।



**जुलाई तक पार्क और पिलग्रीज्म भवन निर्माण पूरा करने का लक्ष्य**

समीक्षा बैठक के दौरान स्टेशन परिसर में बनाए जा रहे पार्क और पिलग्रीज्म भवन के निर्माण कार्यों की भी समीक्षा की गई। अधिकारियों ने संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिया कि दोनों परियोजनाओं को जुलाई महीने तक हर हाल में पूरा किया जाए। बताया गया कि पिलग्रीज्म भवन बनने से देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों को बेहतर ठहराव और जानकारी की सुविधा मिलेगी। वहीं पार्क निर्माण से स्टेशन परिसर का वातावरण अधिक आकर्षक और व्यवस्थित होगा। बताया गया कि स्टेशन परिसर में स्वच्छता, यात्री बैठने की व्यवस्था, प्रकाश व्यवस्था और सुरक्षा सुविधाओं को भी आधुनिक बनाया जा रहा है। इसके साथ ही पार्किंग और यात्री आवागमन व्यवस्था को भी बेहतर करने की योजना पर काम चल रहा है।

**एयर कॉनकोर्स निर्माण कार्य पर भी हुई चर्चा**

गया जंक्शन पर बन रहे एयर कॉनकोर्स निर्माण कार्य की प्रगति पर भी विस्तार से चर्चा की गई। अधिकारियों ने बताया कि एक से आठ नंबर प्लेटफॉर्म को जोड़ने वाले इस आधुनिक एयर कॉनकोर्स के लिए गार्डर लगाने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। इसके पूरा होने से यात्रियों को प्लेटफॉर्म बदलने में काफी सुविधा मिलेगी और भीड़ प्रबंधन भी बेहतर होगा। अधिकारियों ने निर्माण के सभी कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने और तय समय पर परियोजनाओं को पूरा करने पर बल दिया गया। गया जंक्शन के पुनर्विकास कार्य पूरे होने के बाद यात्रियों को विश्वस्तरीय सुविधाएं मिलेंगी और स्टेशन की पहचान आधुनिक रेलवे स्टेशन के रूप में स्थापित होगी। बैठक में रेल कंस्ट्रक्शन विभाग के इंजीनियर हरि गोविंद राय, अथॉरिटी इंजीनियर अचलानंद शास्त्री, कंस्ट्रक्शन एजेंसी के जीएम बीके सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर संजय कुमार सिन्हा, आर्किटेक्ट इंजीनियर अभिषेक कुमार सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

## 45 लीटर महुआ शराब बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** अवैध शराब के निर्माण एवं बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कोंच थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र के तीन गांवों में छापेमारी कर 45 लीटर देसी महुआ शराब बरामद की है। पुलिस कार्रवाई की भनक लगते ही सभी आरोपित मौके से फरार हो गए। थानाध्यक्ष सुदेह कुमार ने बताया कि केरकी गांव में पवन पासवान के घर से 10 लीटर तथा जमींदर मांझी के घर से 30 लीटर देसी महुआ शराब बरामद की गई। वहीं गरजू बिगहा गांव में मीना देवी के घर से 5 लीटर देसी महुआ शराब जब्त की गई। पुलिस के अनुसार छापेमारी के दौरान सभी शराब कारोबारी फरार हो गए जिनकी गिरफ्तारी के लिए प्रयास जारी है। बरामद शराब को जब्त कर लिया गया है तथा संबंधित आरोपितों के विरुद्ध बिहार मद्य निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई है। थानाध्यक्ष ने कहा कि अवैध शराब के निर्माण, भंडारण और बिक्री के विरुद्ध पुलिस का अभियान लगातार जारी रहेगा।


**पूर्व मध्य रेल**

**ई–निविदा सूचना**

ई–निविदा नोटिस सं.–18 ऑफ 2026–27/खुला/इंजीनियरिंग, डीडीयू।

मंडल रेल प्रबन्धक/इंजीनियरिंग/डी.डी.यू एवं भारत के राष्ट्रपति के लिये एवं उनकी ओर से अनुभवी तथा वित्तीय एवं तकनीकी दृष्टि से सम्पन्न ठेकेदारों के साथ–साथ उन ठेकेदारों से जो रेलवे, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारत संचार निगम लिमिटेड मिलिटरी इंजीनियर सर्विस, लोक निर्माण विभाग तथा अन्य सार्वजनिक उपक्रमों में सूचीबद्ध है, निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन (ई–निविदा) आमंत्रित की जाती हैं।

**निविदा सं.–14–डीडीयू–व.मं.इंजी.–||–26–27**
कार्य का नाम एवं लोकेशन : एडीईएन/मुख्यालय/डीडीयू के अंतर्गत डीडीयू में पीडी कॉलोनी में रेलवे इंटर कॉलेज का नवीनीकरण। कार्य का अनुमानित लागत: ₹4,40,86,459.02, धरोहर राशि : ₹8,81,700/–

**निविदा सं.–15–डीडीयू–व.मं.इंजी.–||–26–27**
कार्य का नाम एवं लोकेशन : मानपुर–पं. दीन दयाल उपाध्याय – उपकर मरम्मत कार्य – 17.66 ट्रैक कि.मी. (6 मीटर –16.26 ट्रैक कि. मी. और 3 मीटर –1.4 ट्रैक कि. मी.), कार्य का अनुमानित लागत: ₹8,15,13,086.82, धरोहर राशि : ₹16,30,300/–

**निविदा सं.–16–डीडीयू–व.मं.इंजी.–||–26–27**
कार्य का नाम एवं लोकेशन : गया में कॉलोनियों के आसपास संवेदनशील स्थानों पर चारदीवारी/परिसर दीवार कर निर्माण। कार्य का अनुमानित लागत: ₹1,12,32,959.70, धरोहर राशि : ₹2,24,700.00/–

ई– निविदा बंद होने की तिथि एवं समय : 18.06.2026 को 12:00 बजे तक। बेवसाईट पर ई–निविदा की विस्तृत जानकारी : www.ireps.gov.in

नोट : विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ मान्य होगा।

मंडल रेल प्रबन्धक /
पूमरे/पं दीन दयाल उपाध्याय
पीआर/0325/डीडीयू/अभि./टी/26–27/44



**पूर्व रेलवे**

मुख्य कारखाना प्रबंधक, सीएंडडब्ल्यू वर्कशॉप, पूर्व रेलवे, लिलुआ-711204 द्वारा नीचे उल्लेखित कार्यों के निष्पादन के लिए रेलवे के प्रतिष्ठित, अनुमोदित एवं पात्र ठेकेदारों तथा उनसे जो सरकारी विभाग/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम की समुचित सूची में हैं से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **क्रमांक 1, निविदा सं.:** ईएनजीजी-टाइप|||क्यूआर-25-26-एलएलएच, दिनांक 28.05.2026; **कार्य का नाम:** सीडब्ल्यूएम/लिलुआ के अधीन लिलुआ में विभिन्न स्थानों पर पुराने जीर्णशीर्ण टाइप-||| रेलवे क्वार्टरों (02 अदद) का प्रतिस्थान। **निविदा मूल्य:** रु. 2,34,99,369.13। **बोली सुरक्षा** रु. 4,47,000। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **समापन अवधि :** 270 दिन। **क्रमांक 2, निविदा सं.:** ईएनजीजी-ओपीडीईएक्सटीएन-25-26-एलएलएच-आर, दिनांक 28.05.2026; **कार्य का नाम:** पूर्व रेलवे अस्पताल, लिलुआ में विस्तारित ओपीडी के दक्षिण की ओर एक जी+1 भवन के निर्माण द्वारा (क) मेडिकल स्टोर (ख) फीजियोथेरेपी विभाग को समायोजित करने के लिए ओपीडी परिसर का विस्तार। **निविदा मूल्य:** रु. 1,77,55,591.67। **बयाना राशि:** रु. 3,55,100। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **समापन अवधि :** 180 दिन। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** दोनों के लिए 22.06.2026 को 12.00 बजे तक। **संशोधन** (यदि कोई हो) के साथ निविदा का विवरण वेबसाइट **https://www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदादाताओं से अपने प्रस्ताव ऊपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करने का अनुरोध किया जाता है। कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(MISC-55/2026-27)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in / www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध है

हमें अनुसरण करें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


## लुटुआ थाना क्षेत्र के जंगल से दो देसी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी(ग्रामीण)।** गया पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने अवैध हथियारों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने लुटुआ थाना क्षेत्र के कुआरा पहाड़ी के समीप जंगल में छिपाकर रखे गए दो देशी कट्टा एवं दो जिंदा कारतूस बरामद किए। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गया के निर्देश पर जिले में अवैध हथियार रखने वालों और हथियार तस्करों के विरुद्ध लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में 29 मई 2026 को लुटुआ थाना को सूचना मिली कि कुआरा पहाड़ी के पास जंगल में अवैध हथियार छिपाकर रखे गए हैं। सूचना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, इमामगंज के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम में लुटुआ थाना पुलिस तथा सीआरपीएफ के जवानों को शामिल किया गया। संयुक्त अभियान के दौरान डीएसएमडी मशीन की सहायता से पहाड़ी क्षेत्र में तलाशी ली गई। तलाशी के क्रम में पत्थरों के बीच जमीन के अंदर छिपाकर रखे गए दो देशी कट्टा और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए। इस संबंध में लुटुआ थाना कांड संख्या 31/26 दिनांक 29 मई 2026 दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधिकारियों ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी देते हुए बताया कि इस बरामदगी से क्षेत्र में सक्रिय अपराधियों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने में मदद मिलेगी तथा विधि-व्यवस्था को और मजबूत किया जा सकेगा। गया पुलिस ने स्पष्ट किया है कि अवैध हथियारों और अपराधियों के खिलाफ विशेष अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। पुलिस आम लोगों से भी संदिग्ध गतिविधियों की सूचना देने की अपील कर रही है, ताकि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखी जा सके।

## छः वर्ष की मासूम के साथ दुष्कर्म

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** टिकारी थाना क्षेत्र स्थित एक मंदिर परिसर में छः वर्ष की मासूम के साथ दुराचार की घटना सामने आई। मामले को लेकर पीड़िता के दादा विनोद चंद्रवंशी द्वारा पुलिस में शिकायत दर्ज कराई गई है। शिकायतकर्ता के अनुसार घटना विगत मंगलवार को घटित हुई। विनोद ने बताया कि पोती खेल कर आने के बाद लगातार चुप थी व तबियत ठीक नहीं होने की शिकायत की जिसके बाद निजी चिकित्सक के यहां ले जाया गया जहां चिकित्सक ने दुराचार होने की बात कही। पूछताछ करने के बाद पोती ने बताया कि मंदिर परिसर में खेलने के दौरान एक युवक द्वारा मंदिर परिसर के किनारे ले जाकर दुराचार की घटना को अंजाम दिया। घटना की शिकायत शुक्रवार को पुलिस से की गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है। टिकारी थानाध्यक्ष चंद्रशेखर कुमार ने बताया कि शिकायत मिली है। पुलिस आरोपी की पहचान में जुटी है। विधि सम्मत कार्रवाई की जाएगी।

## प्रेमी युगल का विवाह दोनों परिवारों की सहमति से संपन्न

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच (गया)।** प्रखंड क्षेत्र के प्रसिद्ध निमनाही सूर्य मंदिर परिसर में शनिवार को एक प्रेमी युगल का विवाह दोनों परिवारों की सहमति एवं सामाजिक रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया गया। विवाह समारोह को लेकर क्षेत्र में दिनभर चर्चा का माहौल बना रहा। प्राप्त जानकारी के अनुसार काजल कुमारी (पिता-सतीश यादव), निवासी ग्राम-कर्मा, थाना-कोंच तथा कुंदन कुमार (पिता-अरविंद यादव उर्फ ब्रह्म यादव), निवासी ग्राम सिंघड़ा मठिया, थाना कोंच के बीच लंबे समय से



प्रेम संबंध था। बताया जाता है कि करीब एक सप्ताह पूर्व दोनों अपने-अपने घरों से निकलकर राजस्थान चले गए थे। घटना के बाद दोनों परिवारों के बीच लगातार बातचीत और समझौते का प्रयास किया गया। बाद में परिजनों के पहल पर दोनों को वापस गांव बुलाया गया। आपसी सहमति एवं सामाजिक स्वीकृति मिलने के बाद दोनों परिवारों ने रिश्ते को स्वीकार कर लिया। इसके उपरांत निमनाही सूर्य मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार एवं पारंपरिक हिंदू रीति-रिवाजों के अनुसार दोनों का विवाह संपन्न कराया गया। विवाह समारोह में दोनों पक्षों के परिजन, रिश्तेदार तथा आसपास के ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। नवविवाहित जोड़े को उपस्थित लोगों ने आशीर्वाद देते हुए उनके सुखमय एवं सफल दांपत्य जीवन की कामना की। शादी संपन्न होने के बाद दोनों परिवारों में खुशी का माहौल देखा गया।

## बाल मजदूरी व बाल विवाह रोकथाम पर दिया गया जोर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कोंच।** बिहार सरकार के निर्देशानुसार शनिवार को प्रखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत परसावां के पंचायत कार्यालय में बाल संरक्षण समिति की मासिक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया दिलीप कुमार ने की। बैठक में बच्चों के अधिकारों की रक्षा, सुरक्षा एवं कल्याण से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने बाल मजदूरी, बाल विवाह, आश्रित एवं निराश्रित बालक-बालिकाओं की सुरक्षा, संरक्षण तथा उनके सर्वांगीण विकास के लिए लोगों को जागरूक करने पर बल दिया। साथ ही दिव्यांग बच्चों की सूची प्रखंड के माध्यम से जिला स्तर पर भेजकर उन्हें आर्थिक एवं सामाजिक रूप से सशक्त बनाने की आवश्यकता पर भी चर्चा की गई। मुखिया दिलीप कुमार ने कहा कि पंचायत स्तर पर बच्चों से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए सभी विभागों एवं जनप्रतिनिधियों को समन्वय बनाकर कार्य करना



चाहिए। उन्होंने बालक-बालिकाओं को विभिन्न प्रकार की सामाजिक कुरीतियों एवं दुश्वारियों से बचाने के लिए व्यापक जनजागरण अभियान चलाने की आवश्यकता बताई। बैठक में सरपंच अखिलेश दास, पंचायत समिति प्रतिनिधि पप्पू ठाकुर, बाल विकास परियोजना कोंच की पर्यवेक्षिका अनुपमा कुमारी, पंचायत कार्यपालक सहायक हिमांशु कुमार सिन्हा, स्वच्छता पर्यवेक्षक गुड्डू शर्मा, एएनएम रंजू कुमारी, सरोज कुमारी एवं नीतू कुमारी सहित सभी वार्ड सदस्य, टोला सेवक देवनंदन चौधरी, उपमुखिया ब्रजेश कुमार, प्राथमिक विद्यालय शेखबिगहा के प्रधानाध्यापक तथा स्वयंसेवी संस्था के धर्मेंद्र कुमार, उदय कुमार और महेश कुमार उपस्थित थे। बैठक के दौरान मुखिया ने विकास मित्र की अनुपस्थिति का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने बताया कि पंचायत स्तरीय बैठकों में विकास मित्र की नियमित भागीदारी नहीं हो रही है जिससे योजनाओं के क्रियान्वयन और समन्वय कार्य प्रभावित हो सकता है। इस पर उपस्थित लोगों ने संबंधित विभाग का ध्यान आकृष्ट कराने की बात कही। अंत में बाल संरक्षण से जुड़े कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने तथा पंचायत स्तर पर बच्चों के हितों की रक्षा के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया गया।


**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**
**MINOR IRRIGATION DIVISION, LATEHAR**

**e-Procurement Tender Notice**
**Two Envelope System**

Tender Reference No- WRD/MID/BD/SLI - 03/2026-27 (2nd Call)
Letter No- 417 Latehar/dated- 30.05.2026

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of work | Construction of Mukhyamantri Solar Lift Irrigation Scheme, Village-Luhurtanr, Block- Garu, Dist.- Latehar |
| 2 | Estimated Cost (Rs.) | 1,24,77,600.00 |
| 3 | Cost of Tender Document (Rs.) | 10,000.00 (Non- refundable) |
| 4 | Earnest Money Deposit (Rs.) | 1,24,800.00 |
| 5 | Time of Completion | 11 Months |
| 6 | Mode of Submission of Tender | Online through www.jharkhandtenders.gov.in |
| 7 | Date of publication of Tender on website (http://jharkhandtenders.gov.in) | Date-03.06.2026 Time: 2.00 PM |
| 8 | Last date /Time for downloading of bidding documents and submission of Tender on website | Date- 20.06.2026 Time : 5.00 PM |
| 9 | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date- 03.06.2026 Time: 2.00 PM<br>Last Date- 20.06.2026 Time : 5.00 PM |
| 10 | Technical Bid Opening Date | Date- 22.06.2026 Time – 2.00 PM |
| 11 | Officer Inviting Bids | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Latehar |
| 12 | Contact No. of procurement Officer e-mail of Procurement Officer | 9939182470<br>eemidlat-cemr-jhr@nic.in |
| 13 | Helpline No- of Procurement Cell | 0651-2214784 |

Note:-
- Only e-Tender will be accepted.
- Published Estimated Cost may increase or decrease.
- Work will be awarded to those bidders {specially MNRE approved channel partners/ MNRE approved manufacturers/MNRE approved PV system integrators/ A registered manufacturers/ Company/ Firm/ Corporation in India (including MSME of Jharkhand) of at least one of the major sub system namely pumps or PV System electronics (confirming to National/ International Standards)/ any other agencies having experience of installation and commissioning of such solar powered irrigation schemes}. Empanelled Indigenous Manufacturers of 10 HP pumps (AC/DC surface water pumps) in the Department with all accessories for off-grid stand alone SPV water pumping systems can also take part in the bid for executing the whole work of the bid. However those bidders who have not yet registered in Water Resources Department can also submit their bid provided they will have to get themselves registered in Water Resources Department within two months from the date of allotment of work.
- Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
M. I. Division, Latehar

PR 381118 Water Resource (26-27)_D



**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, MINOR IRRIGATION DIVISION, LATEHAR**

**e-Procurement Tender Notice**
**Two Envelope System**

Tender Reference No- WRD/MID/BD/SLI - 04/2026-27 (2nd Call)
Letter No- 416 Latehar/dated-30.05.2026

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of work | Construction of Mukhyamantri Solar Lift Irrigation Scheme, Village-Samodhtola, Block- Garu, Dist.- Latehar |
| 2 | Estimated Cost (Rs.) | 1,12,29,000.00 |
| 3 | Cost of Tender Document (Rs.) | 10,000.00 (Non- refundable) |
| 4 | Earnest Money Deposit (Rs.) | 1,12,300.00 |
| 5 | Time of Completion | 11 Months |
| 6 | Mode of Submission of Tender | Online through www.jharkhandtenders.gov.in |
| 7 | Date of publication of Tender on website (http://jharkhandtenders.gov.in) | Date- 03.06.2026 Time: 2.00 PM |
| 8 | Last date /Time for downloading of bidding documents and submission of Tender on website | Date- 20.06.2026 Time : 5.00 PM |
| 9 | Submission of Tender Fee and EMD | Start Date- 03.06.2026 Time: 2.00 PM<br>Last Date- 20.06.2026 Time : 5.00 PM |
| 10 | Technical Bid Opening Date | Date- 22.06.2026 Time – 2.00 PM |
| 11 | Officer Inviting Bids | Executive Engineer, Minor Irrigation Division, Latehar |
| 12 | Contact No. of procurement Officer e-mail of Procurement Officer | 9939182470<br>eemidlat-cemr-jhr@nic.in |
| 13 | Helpline No- of Procurement Cell | 0651-2214784 |

Note:-
- Only e-Tender will be accepted.
- Published Estimated Cost may increase or decrease.
- Work will be awarded to those bidders {specially MNRE approved channel partners/ MNRE approved manufacturers/MNRE approved PV system integrators/ A registered manufacturers/ Com pany/Firm/ Corporation in India (including MSME of Jharkhand) of at least one of the major sub system namely pumps or PV System electronics (confirming to National/ International Standards)/ any other agencies having experience of installation and commissioning of such solar powered irrigation schemes}. Empanelled Indigenous Manufacturers of 10 HP pumps (AC/DC surface water pumps) in the Department with all accessories for off-grid stand alone SPV water pumping systems can also take part in the bid for executing the whole work of the bid. However those bidders who have not yet registered in Water Resources Department can also submit their bid provided they will have to get themselves registered in Water Resources Department within two months from the date of allotment of work.
- Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in

Executive Engineer,
M. I. Division, Latehar

PR.NO.381115 Water Resource(26-27):D

संपादकीय

# मुद्दा टाइमिंग और नीयत का है

स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) पर सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को क्लीन चिट देते हुए इसे वैध ठहराया है। सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को दिए अपने फैसले में कहा कि यह चुनाव आयोग की ओर से स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के संवैधानिक सिद्धांत को लागू करने के लिए किया गया वैध अभ्यास है। चीफ़ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने याचिकाकर्ताओं की उस दलील को ख़ारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि एसआईआर दरअसल 'घुसपैठियों' को हटाने के नाम पर पीछे के दरवाज़े से नागरिकता जांच करने की कोशिश है। हालांकि अदालत ने स्पष्ट किया कि यह जांच किसी व्यक्ति की नागरिकता पर अंतिम फ़ैसला नहीं मानी जाएगी। अगर चुनाव आयोग को लगे कि किसी व्यक्ति के पास ज़रूरी दस्तावेज़ नहीं हैं या वह जांच में सफल नहीं हुआ है, तो वह मामला नागरिकता क़ानून के तहत अंतिम निर्णय के लिए केंद्र सरकार की सक्षम प्राधिकरण के पास भेज सकता है। याचिका में आरोप लगाया गया था कि चुनाव आयोग मनमाने तरीक़े से नागरिकता तय करने की शक्तियां अपने हाथ में ले रहा है और संसद के बनाए गए क़ानूनों, नियमों के साथ अपने ही मैनुअल में निर्धारित सीमाओं को अनुचित तरीक़े से पार कर रहा है। खास बात यह है कि बिहार में एसआईआर की संवैधानिक वैधता को बरकरार रखने वाले इस फ़ैसले का असर आगे होने वाले अन्य एसआईआर पर भी पड़ेगा। क्योंकि सुप्रीम कोर्ट में बिहार मामले की सुनवाई जारी रहने के दौरान ही एसआईआर का दूसरा चरण शुरू हो चुका था, जिसमें पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु और असम सहित 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लगभग 51 करोड़ मतदाता शामिल हैं। इस फैसले पर सत्तारूढ़ भाजपा ने खुशी जताई है तो विपक्ष में इसको लेकर मायूसी है। भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कोर्ट स्पष्ट किया है कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए यह प्रक्रिया बिल्कुल आवश्यक थी। हाल के वर्षों में शहरीकरण, पलायन, डुप्लीकेशन और नए निवासियों के आने जैसे कारणों से मतदाता सूची में बड़े पैमाने पर नाम जोड़े और हटाए गए हैं। दूसरी तरफ जाने माने वकील प्रशांत भूषण ने इसे न्यायपालिका के लिए 'काला दिन' बताया है तो इस मामले के याचिकाकर्ता योगेंद्र यादव ने कहा कि उन्हें इस फ़ैसले से अचरज नहीं हुआ है। कोर्ट ने एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स की उस दलील को भी ख़ारिज कर दिया कि एसआईआर ने नागरिकता साबित करने का बोझ मतदाताओं पर डाल दिया। हालांकि कोर्ट ने यह भी दोहराया कि एसआईआर में स्वीकार किए जाने वाले दस्तावेज़ों के चयन में संतुलन बनाए रखना ज़रूरी होगा। दरअसल एसआईआर की आवश्यकता, वैधता और उसे सम्पन्न कराने के अधिकार पर तो कोई प्रश्नचिन्ह था ही, नहीं क्योंकि यह नियमित प्रक्रिया है। लेकिन सवाल चुनाव आयोग द्वारा इस प्रक्रिया को लागू करने के टाइमिंग, तरीके और मंशा पर उठ रहे हैं। इस सवाल का चुनाव आयोग के पास कोई जवाब नहीं है कि जब बिहार में एसआईआर शुरू किया गया, उसी वक्त बंगाल में भी यह क्यों नहीं कराया जा सकता था। क्योंकि उसे इतने बवाल का मुद्दा बनने दिया गया। इससे यही संदेश गया कि परोक्ष रूप से चुनाव आयोग भाजपा की मदद करना चाहता है। जबकि उसका काम सिर्फ निष्पक्ष चुनाव कराना है। बेहतर होता कि सुप्रीम कोर्ट इस बारे में आयोग को कोई स्पष्ट निर्देश देता कि कोई भी एसआईआर राज्य अथवा राष्ट्रीय चुनाव में एक साल बाकी रहते नहीं होना चाहिए, यानी कि इसके पहले समूची प्रक्रिया पूरी कर ली जानी चाहिए। ऐसा होगा तो विवाद होंगे ही नहीं और गैर भाजपा पार्टियों को भी संशय नहीं होगा कि एसआईआर का अघोषित उद्देश्य भाजपा को चुनाव जिताना है।

# युद्ध से असुरक्षित आधी आबादी की चिंता

**आज युद्ध केवल सीमाओं, सेनाओं और राजनीतिक शक्तियों के बीच संघर्ष नहीं रह गए हैं। आज के युद्ध सीधे आम नागरिकों के जीवन को तबाह कर रहे हैं, और इस विनाश का सबसे गहरा प्रभाव महिलाओं और लड़कियों पर पड़ रहा है। बम, मिसाइल और गोलियाँ भेदभाव नहीं करतीं। वे सीधे अपना शिकार बनाते हैं, यह सच है। लेकिन एक बड़ा सच यह भी है कि युद्ध की सामाजिक, आर्थिक और मानवीय त्रासदी महिलाओं के लिए कहीं अधिक भयावह होती है। संयुक्त राष्ट्र और विभिन्न अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं की रिपोर्टें बताती हैं कि आज दुनिया में युद्धों और हिंसक संघर्षों की संख्या 1946 के बाद सबसे अधिक है। लाखों महिलाएँ ऐसे क्षेत्रों में रह रही हैं जहाँ हर पल हिंसा, विस्थापन और मौत का खतरा मंडरा रहा है। आधुनिक युद्धों का स्वरूप बदल चुका है। अब लड़ाइयाँ दूरस्थ सीमाओं पर नहीं बल्कि शहरों, बस्तियों और आबादी वाले इलाकों में संघर्षरत हैं। इसका परिणाम यह है कि घर, स्कूल, अस्पताल और शरणस्थल तक सुरक्षित नहीं रह गए हैं।**

इतने सारे रक्तपात व अस्थिर जीवन देखकर ऐसा लगता हैं कि आज मानों युद्ध और महिलाओं की दोहरी त्रासदी को भला समझता ही कौन है? युद्ध का सबसे बड़ा प्रभाव केवल जान-माल के नुकसान तक सीमित नहीं होता। महिलाओं और लड़कियों को युद्ध के दौरान कई स्तरों पर संकटों का सामना करना पड़ता है। उन्हें घर छोड़ना पड़ता है। शिक्षा और रोजगार छूट जाते हैं। स्वास्थ्य सेवाएँ ठप हो जाती हैं। यौन हिंसा का खतरा कई गुना बढ़ जाता है। जब किसी क्षेत्र में युद्ध शुरू होता है, तो सामाजिक संरचना टूटने लगती है। ऐसे समय में परिवारों की देखभाल की जिम्मेदारी अक्सर महिलाओं के कंधों पर आ जाती है। वे बच्चों, बुजुर्गों और घायल लोगों की देखभाल करती हैं, जबकि स्वयं भी भय, भूख और असुरक्षा के बीच जी रही होती हैं। किन्तु ऐसा देखा गया है कि विपरीत परिस्थितियों में भी युद्धग्रस्त क्षेत्रों में महिलाओं की भूमिका केवल पीड़ित की नहीं होती, बल्कि वे अपने परिवार और समुदाय को जीवित रखने की सबसे बड़ी ताकत भी बनती हैं। राजनीतिक निर्णयों और शांति वार्ताओं से अक्सर बाहर रखी जानी वाली महिलाओं के जीवन पर कोई बड़ा निर्णय जो लिया जाता है वह आज भी कई सवाल लिए हुए हैं कि उनकी सुरक्षा व जीवन गुणवत्ता का भविष्य आखिर क्या है?



आबादी वाले क्षेत्रों में युद्ध का बढ़ता खतरा संयुक्त राष्ट्र में भी चिंता का विषय बना रहता है. युद्धों का सबसे खतरनाक पहलू यह है कि अब संघर्ष सीधे आबादी वाले क्षेत्रों में हो रहे हैं। गाजा, यूक्रेन, सूडान, ईरान और लेबनान जैसे क्षेत्रों में घरों, अस्पतालों और स्कूलों पर हमले आम हो गए हैं। गाजा में हजारों महिलाएँ और लड़कियाँ हवाई हमलों और ड्रोन हमलों में मारी गईं। अस्पतालों और स्वास्थ्य केंद्रों के नष्ट होने से गर्भवती महिलाओं और नवजात शिशुओं की स्थिति बेहद गंभीर हो गई। कई महिलाएँ पर्याप्त चिकित्सा सहायता के बिना बच्चों को जन्म देने को मजबूर हुईं। सूडान में जारी गृहयुद्ध ने लाखों महिलाओं और बच्चों को विस्थापित कर दिया है, हम सब जानते हैं। शरणार्थी शिविरों में जीवन बेहद कठिन है, जहाँ भोजन, पानी और स्वास्थ्य सेवाओं की भारी कमी है। विस्थापन केवल घर खोना नहीं होता, बल्कि यह सुरक्षा, सम्मान और भविष्य खोने जैसा होता है।

दुनिया के युद्ध विशेषज्ञ अब ऐसा महसूस करने लगे हैं कि सबसे खतरनाक है यौन हिंसा। इसे एक सुनियोजित हथियार के रूप में भी देखा गया दुनिया में। युद्ध के दौरान महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा का इस्तेमाल अक्सर रणनीतिक हथियार के रूप में किया जाता है। बलात्कार, जबरन विवाह, यौन दासता और मानव तस्करी जैसे अपराधों का उद्देश्य केवल महिलाओं को नुकसान पहुँचाना नहीं, बल्कि पूरे समुदाय को डराना और तोड़ना होता है। सूडान, काँगो, म्यांमार और अन्य संघर्षग्रस्त क्षेत्रों में यौन हिंसा के मामलों में भारी वृद्धि दर्ज की गई है, जो कि चिंताजनक है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार, युद्ध-संबंधी यौन हिंसा के हजारों मामले सामने आए हैं, लेकिन वास्तविक संख्या इससे कहीं अधिक हो सकती है क्योंकि सामाजिक भय और कलंक के कारण कई महिलाएँ शिकायत दर्ज नहीं करा पातीं। युद्ध क्षेत्रों में कानून व्यवस्था कमजोर हो जाती है और अपराधियों को दंड नहीं मिलता। यही दंडमुक्ति यौन हिंसा को और बढ़ावा देती है। महिलाओं के लिए यह केवल शारीरिक हिंसा नहीं बल्कि मानसिक और सामाजिक आघात भी होता है, जिसका असर पूरी जिंदगी रहता है। साथ ही कुछ और गहरी की बातें की जाएँ तो युद्ध केवल शरीर को घायल नहीं करता, बल्कि मानसिक स्वास्थ्य को भी गहराई से प्रभावित करता है। लगातार बमबारी, विस्थापन और प्रियजनों की मौत महिलाओं और बच्चों में अवसाद, चिंता और पोस्ट-ट्रॉमैटिक स्ट्रेस डिसऑर्डर जैसी समस्याएँ पैदा करती हैं। गाजा और यूक्रेन जैसे क्षेत्रों में लाखों महिलाएँ मानसिक आघात से गुजर रही हैं। लेकिन मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं तक उनकी पहुँच बेहद सीमित है। युद्ध के कारण अस्पतालों के नष्ट होने और डॉक्टरों की कमी से महिलाओं को सामान्य स्वास्थ्य सुविधाएँ भी नहीं मिल पा रही हैं। मासिक धर्म स्वच्छता जैसी बुनियादी जरूरतें भी युद्धग्रस्त क्षेत्रों में संकट बन जाती हैं। कई महिलाएँ असुरक्षित परिस्थितियों में जीवन जीने को मजबूर होती हैं, जहाँ साफ पानी, सैनिटरी पैड और निजी स्थान तक उपलब्ध नहीं होते।

स्वास्थ्य पर असर है लेकिन साथ ही शिक्षा और आर्थिक स्वतंत्रता पर असर जो हुआ है उसका आंकलन अपने-अपने तरीके से किए जा रहे हैं। विडंबना यही है कि युद्ध लड़कियों से उनका भविष्य छीन लेता है। स्कूल नष्ट हो जाते हैं या सुरक्षा कारणों से बंद हो जाते हैं, तो सबसे पहले लड़कियों की शिक्षा प्रभावित होती है। कई परिवार आर्थिक संकट के कारण लड़कियों की पढ़ाई छुड़वा देते हैं। अफगानिस्तान में तालिबान द्वारा लड़कियों की माध्यमिक शिक्षा पर प्रतिबंध इसका गंभीर उदाहरण है। वहीं यूक्रेन और गाजा में युद्ध के कारण लाखों बच्चे स्कूलों से दूर हो गए हैं। शिक्षा से वंचित लड़कियाँ भविष्य में आर्थिक और सामाजिक रूप से और अधिक कमजोर हो जाती हैं। अभी अमेरिका-इस्रायल-ईरान के युद्ध में बच्चियों के स्कूल को खून से लथपथ कर दिया गया। महिलाओं ने रोजगार खोया। आय खो दी। हम जानते हैं कि महिलाएँ अक्सर असंगठित और कम वेतन वाले क्षेत्रों में काम करती हैं, जो युद्ध के दौरान सबसे पहले प्रभावित होते हैं। विस्थापन के कारण वे अपनी संपत्ति, बचत और सामाजिक नेटवर्क भी खो देती हैं।

इतिहास गवाह है जब महिलाओं को शांति प्रक्रियाओं में शामिल किया जाता है, तो शांति अधिक टिकाऊ और समावेशी होती है। कोलम्बिया की शांति प्रक्रिया इसका महत्वपूर्ण उदाहरण है, जहाँ महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से लैंगिक समानता को शांति समझौते का हिस्सा बनाया गया। इसके बावजूद दुनिया भर में औपचारिक शांति वार्ताओं में महिलाओं की भागीदारी बेहद कम है। वैश्विक स्तर पर महिलाएँ केवल कुछ प्रतिशत वार्ताकार और मध्यस्थ हैं। जो महिलाएँ युद्ध के दौरान समुदायों को बचाने का काम करती हैं, उन्हें ही युद्ध में तबाह होने की ख़बरें विचलित करती हैं। जो महिलाएँ भोजन वितरण, चिकित्सा सहायता, शिक्षा और सामुदायिक पुनर्निर्माण में अहम भूमिका निभाती हैं उन्हें यतीम होने की खबर कितनी कारुणिक हैं? युद्धों की तरफ भागते देश यह समझ लें कि महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा केवल मानवीय मुद्दा नहीं बल्कि वैश्विक शांति और न्याय का प्रश्न है। युद्ध पहले से मौजूद लैंगिक असमानताओं को और गहरा कर देता है।

अध्यात्म


## कोई हमारी आलोचना कर रहा है, तो तुरंत प्रतिक्रिया देना हमेशा सही नहीं होता

एक लोक कथा है। पुराने समय में एक संत अपने शिष्य के साथ लगातार यात्राएं करते रहते थे। बीच-बीच में वे किसी गांव में कुछ दिन ठहर जाते और वहां के लोगों को उपदेश देकर फिर आगे की यात्रा शुरू करते थे। संत का स्वभाव अत्यंत सरल था और उनकी वाणी में ऐसी मिठास थी कि जो भी उनसे मिलता, वह उनका अनुयायी बन जाता था। एक बार वे ऐसे ही किसी गांव में रुके हुए थे। गांव के लोग अपनी समस्याएं लेकर उनके पास आने लगे। कोई पारिवारिक कलह से दुखी था, कोई आर्थिक संकट से, तो कोई तनाव से। संत सभी को धैर्य, समझ और सदाचार का मार्ग बताते। धीरे-धीरे संत की ख्याति पूरे इलाके में फैल गई। दूर-दूर से लोग उनके प्रवचन सुनने आने लगे। गांव का वातावरण भी बदलने लगा। लोग पहले से अधिक शांत और सकारात्मक रहने लगे, लेकिन गांव का एक पुजारी यह सब देखकर भीतर ही भीतर जलने लगा था। उसे डर था कि लोग अब उसके पास कम आएंगे और संत को अधिक मान-सम्मान देंगे, इससे उसकी कमाई भी बंद हो जाएगी। ईर्ष्या ने धीरे-धीरे उसके मन को घेर लिया। उसने गांव में संत के खिलाफ बातें फैलानी शुरू कर दीं। वह लोगों से कहता, 'यह संत केवल दिखावा करता है। यह लोगों को भ्रमित कर रहा है।' कुछ लोग उसकी बातों में आ गए और संत की आलोचना करने लगे। पुजारी के साथी भी जगह-जगह संत की छवि खराब करने का प्रयास करने लगे। एक दिन संत का शिष्य बाजार से गुजर रहा था। वहां उसने कुछ लोगों को अपने गुरु की बुराई करते सुना। वह गुस्से से भर उठा। उसका मन हुआ कि तुरंत जाकर उन लोगों को जवाब दे, लेकिन वह स्वयं को रोकते हुए संत के पास पहुंचा और सारी बातें बता दीं। शिष्य बोला, 'गुरुदेव, लोग आपकी इतनी बुराई कर रहे हैं और आप शांत बैठे हैं। क्या हमें उन्हें जवाब नहीं देना चाहिए? ' संत मुस्कुराए और शांत स्वर में बोले, 'बेटा, संसार में हर व्यक्ति हमारे पक्ष में नहीं होगा। कुछ लोग बिना कारण भी विरोध करेंगे। अगर हम हर आलोचना का जवाब देने लगें, तो अपने लक्ष्य से भटक जाएंगे। ' फिर संत ने कहा, 'जिस प्रकार हाथी अपनी मस्त चाल में चलता रहता है और रास्ते में भौंकते कुत्तों पर ध्यान नहीं देता, उसी प्रकार बुद्धिमान व्यक्ति भी आलोचनाओं से विचलित नहीं होता। हमें अपना ध्यान अपने कर्म और उद्देश्य पर रखना चाहिए।' शिष्य को गुरु की बात समझ आ गई। उसने सीखा कि महान बनने का रास्ता शांति, धैर्य और आत्मविश्वास से होकर गुजरता है।

# रोमांच, रहस्य और मौत के बीच पर्वतारोहियों का सफर

**हर साल जहां कुछ पर्वतारोही एवरेस्ट फतह करने के अपने इरादों में सफल हो जाते हैं तो कई बर्फीले पहाड़ों की रहस्यमयी कब्रगाह में ही दफन हो जाते हैं। वर्ष 2014-15 के दौरान तो तीन दर्जन से भी ज्यादा लोगों ने एवरेस्ट पर चढ़ाई करते हुए जान गंवाई थी। इतिहास पर नजर डालें तो एवरेस्ट पर चढ़ाई करने वाले हर 100 पर्वतारोहियों में से 4 की मौत हो जाती है। माउंट एवरेस्ट को फतह करना पर्वतारोहियों के लिए जहां रहस्य और रोमांच से भरपूर होता है, वहीं दीगर सच यह भी है कि यह एक ऐसा सफर है, जहां मौत हर कदम पर बांहें फैलाए खड़ी रहती है और इस सफर के लिए फौलाद जैसे कलेजे की जरूरत होती है। बस मामूली सी चूक हुई और जिंदगी खत्म। यही कारण है कि इसे धरती के ऊपर पाताल की संज्ञा भी दी जाती रही है। हिमालय पर इस सबसे ऊंचे शिखर का पता 1852 में लगा था। तब भारत में जॉर्ज एवरेस्ट गर्वनर जनरल थे और इस शिखर का नामकरण उन्हीं के नाम पर किया गया। 1921 में पहली बार माउंट एवरेस्ट का रास्ता खोजा गया और तभी से एवरेस्ट फतह करने के प्रयास निरन्तर किए जाते रहे हैं। 1922 में जॉर्ज मैलोरी, एडवर्ड नॉर्टन तथा हॉवर्ड सोमेरवेल ने पहली बार एवरेस्ट पर चढ़ाई का प्रयास किया और वे 8 हजार मीटर की ऊंचाई तक पहुंचने में सफल भी हुए।**

एवरेस्ट दुनिया का सबसे ऊंचा पर्वत शिखर है, जिसकी ऊंचाई 8848 मीटर है। दुनिया के इस सबसे ऊंचे पर्वत शिखर को आज से 73 वर्ष पूर्व 29 मई 1953 को सर एडमंड हिलेरी और तेनजिंग नोर्गे ने फतह किया था। उनकी जीत के उपलक्ष्य में ही उनकी याद में प्रतिवर्ष 29 मई को अंतर्राष्ट्रीय माउंट एवरेस्ट दिवस मनाया जाता है, जिसे 'अंतर्राष्ट्रीय सागरमाथा दिवस' के रूप में भी जाना जाता है। पहली बार माउंट एवरेस्ट दिवस सर एडमंड हिलेरी की मृत्यु के बाद 2008 में मनाया गया था, तभी से यह दिवस भारत, नेपाल और न्यूजीलैंड में 29 मई को मनाया जाता रहा है। एवरेस्ट की चोटी नेपाल और चीन (तिब्बत) की सीमा पर स्थित है। सही मायनों में यह दिवस पर्वतारोहियों को सम्मानित करने के लिए एक वार्षिक कार्यक्रम है। यह दिवस पर्वतारोहियों को एवरेस्ट की चोटी फतह करने के लिए प्रेरित करता है। अंतर्राष्ट्रीय माउंट एवरेस्ट दिवस केवल एडमंड हिलेरी और तेनजिंग शेरपा की विजय का जश्न मनाने का ही दिन नहीं है बल्कि यह पहाड़ पर चढ़ने के खतरों को बताने और उन लोगों को श्रद्धांजलि देने का भी दिन है, जिन्होंने इस सफर के दौरान अपने प्राण गंवा दिए।



हर साल जहां कुछ पर्वतारोही एवरेस्ट फतह करने के अपने इरादों में सफल हो जाते हैं तो कई बर्फीले पहाड़ों की रहस्यमयी कब्रगाह में ही दफन हो जाते हैं। वर्ष 2014-15 के दौरान तो तीन दर्जन से भी ज्यादा लोगों ने एवरेस्ट पर चढ़ाई करते हुए जान गंवाई थी। इतिहास पर नजर डालें तो एवरेस्ट पर चढ़ाई करने वाले हर 100 पर्वतारोहियों में से 4 की मौत हो जाती है। माउंट एवरेस्ट को फतह करना पर्वतारोहियों के लिए जहां रहस्य और रोमांच से भरपूर होता है, वहीं दीगर सच यह भी है कि यह एक ऐसा सफर है, जहां मौत हर कदम पर बांहें फैलाए खड़ी रहती है और इस सफर के लिए फौलाद जैसे कलेजे की जरूरत होती है। बस मामूली सी चूक हुई और जिंदगी खत्म। यही कारण है कि इसे धरती के ऊपर पाताल की संज्ञा भी दी जाती रही है। हिमालय पर इस सबसे ऊंचे शिखर का पता 1852 में लगा था। तब भारत में जॉर्ज एवरेस्ट गर्वनर जनरल थे और इस शिखर का नामकरण उन्हीं के नाम पर किया गया। 1921 में पहली बार माउंट एवरेस्ट का रास्ता खोजा गया और तभी से एवरेस्ट फतह करने के प्रयास निरन्तर किए जाते रहे हैं। 1922 में जॉर्ज मैलोरी, एडवर्ड नॉर्टन तथा हॉवर्ड सोमेरवेल ने पहली बार एवरेस्ट पर चढ़ाई का प्रयास किया और वे 8 हजार मीटर की ऊंचाई तक पहुंचने में सफल भी हुए।

1924 में जॉर्ज मैलोरी तथा एंड्रू इरविन ने एवरेस्ट पर चढ़ाई का प्रयास किया किन्तु दोनों ही बर्फीले पहाड़ों में कहीं रहस्यमयी तरीके से गायब हो गए। 29 मई 1953 को पहली बार जब न्यूजीलैंड के सर एडमंड हिलेरी और तेनजिंग नोर्गे ने एवरेस्ट को फतेह किया तो पूरी दुनिया में खलबली मच गई क्योंकि उससे पहले भी इसकी कोशिशें तो बहुत हुई किन्तु सफल कोई नहीं हुआ और 1953 से पहले इन प्रयासों के दौरान अनगनित लोग एवरेस्ट की ऊंचाईयों पर ही बर्फ में दफन होते रहे। अभी तक एवरेस्ट के दुर्गम रास्तों से सैंकड़ों ऐसे शव बरामद हो चुके हैं, जिनकी पहचान तक नहीं हो पाई और इनमें से बहुत सारे शव तो दशकों पुराने हैं, जो भौगोलीय परिस्थितियों के चलते सुरक्षित रहे।

हर साल गर्मी के मौसम में सैकड़ों पर्वतारोही हिमालय की चोटी को फतह करने की कोशिश में चढ़ाई करते हैं और एवरेस्ट की चढ़ाई के दौरान पर्वताराहियों की मौत की बढ़ती घटनाओं से चिंतित होकर कुछ ही महीनों पहले नेपाल ने माउंट एवरेस्ट सहित सभी पर्वतों की चढ़ाई के दौरान दुर्घटना कम करने और पर्वतारोहण को सुरक्षित बनाने तथा नेपाल के पर्वतों पर मौत की घटनाओं पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से एकल पर्वतारोहण पर रोक लगा दी है तथा नए नियमों के तहत विदेशी पर्वतारोहियों को अब अपने साथ एक गाइड रखना भी अनिवार्य होगा। पिछले कुछ वर्षों के दौरान कई भारतीय पर्वतारोही भी एवरेस्ट फतह अभियान के दौरान मौत की नींद सो चुके हैं। अधिकांश की मौत चढ़ाई के दौरान संतुलन बिगड़ने पर खाईयों में गिरने, हिम दरारों में समाने, हिमस्खलन या ऑक्सीजन की कमी के चलते दम घुटने से होती हैं। पृथ्वी की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट तक पहुंचने के लिए पर्वतारोहियों को अनेक तरह की बाधाओं को पार करना पड़ता है। कई बार चढ़ाई के दौरान ऐसे मुश्किल हालात पैदा हो जाते हैं कि जांबाज नेपाली शेरपाओं के भी बर्फीले पर्वतों पर पसीने छूट जाते हैं। करीब 8848 मीटर ऊंचे इस शिखर की खड़ी चढ़ाई के दौरान रास्ते में कई ऐसे दर्रे आते हैं, जिनमें से कुछ की गहराई तो करीब 300-400 फुट है और ऐसे दर्रों को प्रायः सीढ़ियां जोड़कर पार किया जाता है, जो बेहद डरावना और मुश्किलों से भरा काम है क्योंकि इन दरारों के बीच जो भी चीज गिरी, वो कभी वापस नहीं लौट सकती। वैसे भी एक बार अगर इन दर्रों को पार करके निकल भी गए तो लौटते समय पुनः इन्हीं दरारों को पार करना पड़ता है। यह चढ़ाई इतनी खतरनाक होती है कि हवा के एक तेज झोंके के साथ ही पर्वतारोही संतुलन खोकर गहरी खाई में दफन हो सकता है। 1965 में भारतीय सेना के कैप्टन अवतार सिंह चीमा माउंट एवरेस्ट को फतह करने वाले भारतीय पुरुष थे जबकि माउंट एवरेस्ट की चोटी पर पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला बछेंद्री पाल हैं, जिन्होंने 20 वर्ष की आयु में 23 मई 1984 को यह ऐतिहासिक सफलता हासिल की थी और उसी के बाद विशेषकर उन महिला पर्वतारोहियों के लिए पहाड़ों के रास्ते खुल गए, जो पहाड़ों से दोस्ती करने का सपना तो देखती थी किन्तु एवरेस्ट की दुर्गम चढ़ाई के लिए हिम्मत नहीं जुटा पाती थी।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
कार्यक्षेत्र में आर्थिक समस्याओं से मुक्ति मिलेगी। विरोधी आपके कार्यों की प्रशंसा करेंगे। धर्म-कर्म के प्रति आस्था कम हो सकती है।

**वृषभ**
वैवाहिक सम्बन्धों में मधुरता बढ़ेगी। अपनी क्षमता पर अविश्वास न करें। यदि कोई स्वास्थ्य समस्या है तो चिकित्सीय परामर्श अवश्य लें।

**मिथुन**
व्यापार में आपकी लापरवाही काफी नुकसानदेह हो सकती है। तकनीक क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिये दिन शुभ है। रुका हुआ धन आपको वापस मिल सकता है।

**कर्क**
करियर को लेकर शुभ सूचना मिल सकती है। मीडिया से जुड़े लोगों के लिये दिन बहुत ही अच्छा है। व्यापार में अचानक धन लाभ हो सकता है।

**सिंह**
आप स्वाध्याय के प्रति रुचि लेंगे। व्यापार में आप बड़ा निवेश कर सकते हैं। लम्बी दूरी की यात्रा से आपको धन लाभ होगा। धार्मिक कार्यों में आप व्यस्त रहेंगे।

**कन्या**
जीवनसाथी का सहयोग प्राप्त होगा। पैतृक सम्पदा मिलने के योग बन रहे हैं। आपको अपनी योग्यता दिखाने का अवसर मिलेगा।

**तुला**
परिवार में कलह का वातावरण रहेगा। अनावश्यक धन खर्च हो सकता है। नकारात्मक शब्दों का प्रयोग न करें। विधिक मामलों में नुकसान उठाना पड़ सकता है।

**वृश्चिक**
रोगियों को स्वास्थ्य लाभ हो सकता है। शाम को संगीत में रुचि ले सकते हैं। व्यवसाय में बड़ी साझेदारी करने से आपको बचना चाहिये।

**धनु**
आप नये काम की शुरुआत कर सकते हैं। उच्च अधिकारियों से आपके सम्बन्ध सुधरेंगे। पुराने अनुभवों का आपको लाभ मिलेगा। लोगों की मदद आप करना चाहेंगे।

**मकर**
आपकी योग्यता की लोग प्रशंसा करेंगे। परिजनों के साथ धार्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं। माता की सेहत का ध्यान रखें। व्यापार कर रहे लोगों को नये निवेशक मिल सकते हैं।

**कुंभ**
जीवनसाथी के साथ वैचारिक मतभेद हो सकते हैं। अनावश्यक यात्रा पर जाना पड़ सकता है। पुरानी गलतियों को दोहराने से बचना चाहिये।

**मीन**
शोध कार्य में आप काफी रुचि लेंगे। परिवार में सुख-शान्ति का वातावरण रहने वाला है। राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### जनगणना कार्य को लेकर सुपरवाइजर के साथ बैठक

**जमालपुर (मुंगेर)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जनगणना को लेकर प्रखंड कार्यालय में शनिवार को बीडीओ डॉ प्रभात रंजन ने सुपरवाइजर के साथ समीक्षा बैठक किया। बैठक में उपस्थित पदाधिकारी एवं सुपरवाइजर को आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए बीडीओ ने कहा कि जनगणना कार्य अंतिम दौड़ में पहुंच गया है। इसलिए जो भी अधूरा कार्य बचा जल्द से जल्द पूरा कर ले। उन्होंने



उन्होंने यह भी कहा कि इस बार का जनगणना कार्य को पारदर्शी बनाना है इसलिए हम लोगों की जिम्मेदारी बनती है कि जो कार्य फील्ड में किया गया है इसका एक बार समीक्षा हम अपने आप में कर ले ताकि हमारे किए गए कार्यों पर कोई उंगली ना उठाये।बीडीओ ने आगे कहां रियल-टाइम डिजिटल ऐप के जरिए डेटा प्रविष्टि करना और पर्यवेक्षकों को जरूरी दिशा-निर्देश भी दिए। बैठक में प्रखंड सांख्यिकी पदाधिकारी रामप्रवेश कुमार, सुपरवाइजर चंदन कुमार,कुंदन कुमार,अजय कुमार, आलोक कुमार,राजेश कुमार,अमित कुमार यादव, विकास कुमार सहित कई मौजूद थे।

### जनता दरबार में आए फरियादियों के प्रति गंभीर दिखे अधिकारी

**जमालपुर(मुंगेर)/नवबिहर टाइम्स संवाददाता।** अंचल कार्यालय में शनिवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन सीओ राकेश कुमार के अध्यक्षता में हुई। जनता दरबार में पहुंचे एक दर्जन से ऊपर फरियादियों के समस्या के प्रति उपस्थित पुलिस प्रशासन के पदाधिकारी सहित कर्मचारी गंभीर दिखे। जनता दरबार में सदर बाजार के राजेश कुमार सोनी, विजयनगर के बॉडी मॉडल, सिंघिया के मिथिलेश पासवान लक्ष्मणपुर के सरयुग प्रसाद सिंह अपने जमीनी विवाद से संबंधित मामले को पदाधिकारी के समक्ष रखते



हुए कहा कि काफी समय हो गया है हमारे मामले का अब तो निराकरण कर दीजिए हुजूर बहुत परेशान है। उपरोक्त मामले को सुनकर जनता दरबार में उपस्थित जमालपुर थानाध्यक्ष पंकज कुमार पासवान, एवं सफियासराय थानाध्यक्ष संजीत कुमार से सीओ बातचीत कर स्थलीय निरीक्षण कर पुराने मामले का निष्पादन करने की बात कही।मौके पर राजस्व अधिकारी उज्जवल कुमार चौबे सहित कई पदाधिकारी कर्मचारी फरियादी मौजूद थे।

### रक्सौल थाना पहुंचे डीआइजी, लंबित मामलों की ली जानकारी

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहर टाइम्स संवाददाता।** चंपारण रेंज के डीआईजी हरकिशोर राय ने शुक्रवार को रक्सौल थाना का निरीक्षण कर पुलिस व्यवस्था, लंबित मामलों की स्थिति और प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर का अवलोकन करते हुए पुलिस अधिकारियों को कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा मामलों के त्वरित निष्पादन के निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में डीआईजी ने थाने में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रशिक्षु आईपीएस एवं थानाध्यक्ष हेमंत सिंह के कार्यों और प्रशिक्षण की प्रगति की भी समीक्षा की। उन्होंने प्रशिक्षण के दौरान अर्जित अनुभवों की जानकारी ली तथा प्रभावी पुलिसिंग, जनसंपर्क और प्रशासनिक दक्षता से संबंधित आवश्यक सुझाव दिए। डीआईजी ने थाना में उपलब्ध संसाधनों, अभिलेखों और कार्य प्रणाली का



भी जायजा लिया। उन्होंने पुलिस कर्मियों को अनुशासन, सतर्कता और जवाबदेही के साथ कार्य करने की हिदायत दी। साथ ही गंभीर एवं महत्वपूर्ण मामलों की जांच प्रगति की समीक्षा करते हुए लंबित कांडों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने कहा कि जनता को समय पर न्याय दिलाना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है और इसके लिए सभी अधिकारियों को संवेदनशीलता तथा तत्परता के साथ कार्य करना चाहिए। निरीक्षण के दौरान डीआईजी को पुलिस जवानों ने गार्ड ऑफ ऑनर देकर सम्मानित किया। मौके पर एसडीपीओ मनीष आनंद, प्रशिक्षु आईपीएस हेमंत सिंह सहित थाना के अन्य अधिकारी एवं पुलिसकर्मी उपस्थित थे।

### ट्रक की चपेट में आने से बाइक सवार युवक की मौत

**रक्सौल(पूर्वी चंपारण)/नवबिहर टाइम्स संवाददाता।** रामगढ़वा थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर स्थित जेके राइस मिल के समीप आज शनिवार को हुए एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी मच गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल पर जुट गए। मिली जानकारी के अनुसार मृतक की पहचान कलवारी मझरिया निवासी फैसल रहमान के रूप में हुई है। बताया जाता है कि वह अपने पचौरी टोला से अपने आवास बाइक पर सवार होकर लौट रहा था। इसी दौरान रघुनाथपुर में जेके राइस मिल के



सामने एक ट्रक और उसकी बाइक के बीच जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि फैसल रहमान ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही रामगढ़वा थाना की पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी। वहीं दुर्घटना के बाद चालक ट्रक लेकर भाग निकला या वाहन को पुलिस ने जब्त किया है, इसकी जानकारी जुटाई जा रही है। घटना की खबर मिलते ही मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने बताया कि फैसल रहमान मिलनसार स्वभाव का युवक था। उसकी असामयिक मौत से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है तथा दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

### शराब के साथ तस्कर गिरफ्तार

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/नवबिहर टाइम्स संवाददाता।** उत्पाद विभाग की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए नेपाल से शराब की खेप लेकर आ रहे एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई का नेतृत्व उत्पाद निरीक्षक सोनू कुमार ने किया। प्राप्त जानकारी के अनुसार गिरफ्तार



तस्कर की पहचान प्रियांशु कुमार के रूप में हुई है, जो सुगौली थाना क्षेत्र के सुगांव गांव का निवासी बताया जाता है। उत्पाद विभाग की टीम ने उसे रक्सौल क्षेत्र में जांच के दौरान पकड़ा। तलाशी के दौरान उसके पास से 140 पीस नेपाली कस्तूरी शराब बरामद की गई, जिसकी कुल मात्रा करीब 42 लीटर है। इसके अलावा 18 पीस कैन बीयर भी जब्त की गई। तस्करी में प्रयुक्त एक मोटरसाइकिल को भी उत्पाद विभाग ने अपने कब्जे में ले लिया है। उत्पाद निरीक्षक सोनू कुमार ने बताया कि नेपाल से शराब की तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। विभाग ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में निगरानी और सख्त की गई है ताकि अवैध शराब के कारोबार पर प्रभावी रोक लगाई जा सके।

### 2 जून को लगने वाले सहयोग शिविर की सफलता को लेकर पंचायत भ्रमण

**मोतिहारी/नवबिहर टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी चंपारण जिला के सभी 27 प्रखंडों के 71 पंचायतों में रोस्टर के अनुसार सहयोग शिविर के आयोजन की सफलता को लेकर वरीय पदाधिकारीगण के द्वारा क्षेत्र भ्रमण कर स्थिति की अद्यतन जानकारी ली जा रही है।इसी क्रम में आज एडीएम पीजीआरओ शैलेंद्र कुमार भारती के द्वारा पहाडपुर प्रखंड के सोनवल, तेजपूरवा एवं मझरिया पंचायत में 02.06.2026 को आयोजित होने वाले सहयोग शिविर को लेकर पहाड़पुर प्रखंड एवं अंचल



स्तरीय पदाधिकारियों की बैठक उक्त तीनों पंचायतों में की गई। इसके पश्चात आम जनों से मिलकर सहयोग शिविर की महत्ता को बताया गया और इस योजना की जानकारी दी गई तथा फीडबैक भी प्राप्त किया गया। अपर समाहर्ता के द्वारा सभी विभाग के क्षेत्रीय पदाधिकारियों को लगातार क्षेत्र भ्रमण का निदेश दिया गया।

# मोकामा नप सशक्त स्थायी समिति चुनाव: नीलेश कुमार गुट का क्लीन स्वीप, तीनों सीटों पर कब्जा

**मोकामा/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर परिषद की सशक्त स्थायी समिति के चुनाव में सभापति नीलेश कुमार गुट ने विपक्ष को करारी शिकस्त देते हुए तीनों सीटों पर एकतरफा जीत दर्ज की। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच प्रखंड निर्वाचन शाखा में शुक्रवार को संपन्न हुए चुनाव में सभापति गुट के सभी उम्मीदवार भारी मतों से विजयी रहे।शुक्रवार को नामांकन प्रक्रिया के साथ चुनाव की शुरूआत हुई। सभापति गुट से मनोज मालाकार, सोनी देवी और बेबी देवी ने पर्चा दाखिल किया। वहीं विपक्षी खेमे से सोनम देवी, हरेकृष्ण सिंह और सोनू कुमार मैदान में थे। सभी 28 वार्ड पार्षदों ने मतदान में हिस्सा लिया।मतगणना के नतीजों में सभापति गुट का दबदबा साफ दिखा।मनोज मालाकार ने सोनम देवी को हराया।सोनी देवी ने हरेकृष्ण सिंह को शिकस्त दी।बेबी देवी ने अखिलेश्वर प्रसाद सिंह को बड़े अंतर से पराजित किया।तीनों विजेता उम्मीदवार पहले से ही सशक्त स्थायी समिति के सदस्य रहे हैं और सभापति नीलेश कुमार के करीबी माने जाते हैं। निवार्ची पदाधिकारी सोनी कुमारी ने विजेताओं को प्रमाण पत्र सौंपे। इसके बाद सभापति नीलेश कुमार ने फूल-माला पहनाकर तीनों का स्वागत किया।सभापति ने इस जीत को "मोकामा के विकास पर जनता की सहमति की मोहर" बताया। हार के बाद विपक्षी खेमे के हरेकृष्ण सिंह ने आरोप लगाया कि "यह धन और बल की जीत है"।इस क्लीन स्वीप के साथ नगर परिषद की सशक्त स्थायी समिति पर सभापति नीलेश कुमार गुट का दबदबा और मजबूत हो गया है। अब नगर के विकास कार्यों से जुड़े अहम फैसलों पर उनका नियंत्रण और बढ़ेगा।नगर कार्यपालक पदाधिकारी संतोष कुमार रजक और ब्रांड एंबेसडर छितेंद्र कुमार सिंह ने तीनों नवनिर्वाचित सदस्यों को शुभकामनाएं दीं।



# गंगा कटाव के स्थायी समाधान को लेकर सात जून को होगा उपवास

**मुंगेर/नवबिहर टाइम्स संवाददाता।** जिला के टीकारामपुर पंचायत अंतर्गत पांडव बाबू टोला स्थित सामुदायिक भवन में मुंगेर खगड़िया एवं बेगूसराय के पांचों पंचायत में हो रहे गंगा कटाव के स्थाई समाधान हेतु बैठक किया गया। बैठक की अध्यक्षता टीकारामपुर पंचायत के पूर्व मुखिया पांडव यादव एवं संचालन वर्तमान मुखिया पांडव महतो ने किया। युवा शक्ति के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नागेंद्र सिंह त्यागी एवं प्रसिद्ध समाजसेवी ई. धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में खगड़िया, मुंगेर एवं बेगूसराय के पांच पंचायत में गंगा कटाव के स्थायी समाधान हेतु आंदोलन का शंखनाद किया गया। जिसके प्रथम चरण में खगड़िया जिला के माथार घाट पर हजारों की संख्या में महिला एवं पुरुष गंगा पूजन कर उपवास रखा था। पूजा एवं उपवास रखते हुए कटाव पीड़ित की आवाज केंद्र एवं राज्य सरकार तक तो पहुंची लेकिन धरातल पर आश्वासन के अलावे कुछ नहीं मिला। नवनिर्मित सम्राट सरकार का ध्यान आकृष्ट करने एवं तीनों जिले के प्रशासन को कुंभकरनी नींद से जगाने हेतु आंदोलन के दूसरे चरण में 7 जून को टीकारामपुर पंचायत के गंडक नदी के किनारे एक दिवसीय पूजा एवं उपवास किया जाएगा। बैठक को संबोधित करते हुए युवा शक्ति के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नागेंद्र सिंह त्यागी ने कहा कि वर्तमान में बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी जी हैं, जिनका मुंगेर जन्मभूमि है तो खगड़िया जिला कर्मभूमि है। कर्मशील मुख्यमंत्री जी को दोनों जिला के चप्पा चप्पा की समस्या से अवगत हैं। इसलिए खासकर मुंगेर और खगड़ियावासी को इतना अवश्य विश्वास है कि कोई देखे या न देखे लेकिन सम्राट जी अवश्य देखेंगे। इसी आशा एवं विश्वास के चलते हमलोग आध्यात्मिक एवं

**टीकारामपुर में जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों की हुई बड़ी बैठक**

लोकतांत्रिक आंदोलन के माध्यम से अपनी आवाज पहुंचाना चाहते हैं। समाजसेवी ई. धर्मेंद्र कुमार ने कहा कि गंगा कटाव में किसी एक जाति का घर अथवा खेत नहीं कटेगा। इसलिए सरकार बिना किसी भेदभाव का बेगूसराय के रघुनाथपुर करारी से लेकर रहीमपुर दक्षिणी, मध्य, उत्तरी पंचायत होते हुए मुंगेर के टीकारामपुर से तौफीर तक तत्काल बंडल एवं कटाव के स्थायी समाधान की ओर पहल करना चाहिए। अपने अध्यक्षीय संबोधन में पूर्व मुखिया पांडव यादव ने कहा कि अब तक हम लोग तीन बार कट कर चौथा जगह पर बसे हैं। इस बार कटेंगे तो कहां जाएंगे। उन्होंने सम्राट सरकार से आशान्वित भाव में कहा कि नीतीश कुमार जी मुख्यमंत्री बने तो नालंदा का कायाकल्प कर दिए तो हमारे सम्राट जी मुख्यमंत्री बने हैं तो मुंगेर का भी कायाकल्प अवश्य होगा। संचालन करते हुए मुखिया पांडव महतो ने कहा कि हमलोग इस महत्वपूर्ण लड़ाई में आपसी राजनीति एवं आपसी मनमुटाव को भूलकर चट्टानी एकता का परिचय देंगे। हमारी एकता हीं सरकार को आंख खोलने के लिए मजबूर करेगा। इस बैठक में समाजसेवी उमेश यादव, अभय कुमार गुड्डू, बबलू यादव, पप्पू यादव, योगेंद्र यादव, राकेश यादव, विवेक यादव, रविंद्र राय, अरविंद यादव, विजय यादव, देवकीनंदन यादव, जिप सदस्य संजय कुमार सिंह, कैलाश यादव, विनय यादव, सुजीत यादव, विकास कुमार यादव, कुंदन यादव, राजनीति यादव, पूर्व सरपंच गुड्डू साह, अमित यादव, नवीन राय, साहेब यादव, अखिलेश राय, अजय राय इत्यादि प्रमुख रुप से उपस्थित थे।

# रेलकर्मी के उल्लेखनीय कार्यों की प्रशंसा कर उन्हें दी गई विदाई

**कारखाना के 22 रेल कर्मी को सम्मान पूर्वक दी गई विदाई**

**जमालपुर (मुंगेर)/ नवबिहर टाइम्स संवाददाता।** रेल इंजन कारखाना जमालपुर से 22 कर्मवीर रेल कर्मियों को सम्मान पूर्वक विदाई सीडब्ल्यूएम विनय प्रसाद वर्णवाल के अध्यक्षता में दी गई।अधिकारी सभा कक्ष में आयोजित समारोह उपस्थित




सेवानिवृत हुए रेल कर्मियों के सम्मान में सीडब्ल्यूएम ने अंग वस्त्र भेंट करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें बधाई दिए। उन्होंने कहा रेल सेवा से सेवानिवृत्ति जीवन का अंत नहीं, बल्कि एक नई शुरूआत है। सभी ने उनके आने वाले पारिवारिक और सामाजिक जीवन की सफलता की कामना की।आज लंबे समय कारखाना में अपनी सेवा देने के बाद रेल कर्मी सेवानिवृत होकर अपने घर परिवार समाज में सेवा देने के लिए जा रहे हैं। रेल प्रशासन सेवानिवृत हो रहे तमाम रेल कर्मियों से यह आशा करती है कि उनका समय घर परिवार समाज के अलावा देश हित एवं मानव कल्याण के सेवा करने में बताएं। उन्होंने उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मियों द्वारा रेलवे को दिए गए बहुमूल्य योगदान एवं उनके उत्कृष्ट कार्यों को रेलवे हमेशा सलाम करती रहेगी। इधर अपने सहयोगियों को विदाई देते समय कारखाने के अधिकारी कर्मचारी भावुक हो गए और सभी ने एक-दूसरे के साथ बिताए गए अनुभवों को साझा किया। इधर समारोह का संचालन डिप्टी सीपीओ बीके राय ने किया।

### चिरैया के दो पंचायतों में 2 जून को लगेगा सहयोग शिविर

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहर टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड के हराज एवं परेवा पंचायत में आगामी 2 जून को विशेष सहयोग शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के माध्यम से आम लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करने तथा विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा। प्रशासन ने इसकी तैयारी शुरू कर दी है और दोनों पंचायतों में आवेदन प्राप्त करने की प्रक्रिया जारी है। जानकारी के अनुसार हराज पंचायत के गोढिया गांव तथा परेवा पंचायत में आयोजित होने वाले इस सहयोग शिविर में 19 विभागों से संबंधित मामलों की सुनवाई की जाएगी। जिन लोगों को किसी भी सरकारी विभाग से जुड़ी समस्या, शिकायत अथवा किसी योजना का लाभ प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है।

# मादक पदार्थों के विरुद्ध नियमित छापामारी करें : जिलाधिकारी



**मोतिहारी/नवबिहर टाइम्स संवाददाता।** जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल एवं पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात की संयुक्त अध्यक्षता में नार्को-कोऑर्डिनेशन की जिला स्तरीय बैठक का आयोजन पूर्वी चंपारण समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन सभागार में किया गया जिसमें जिलाधिकारी ने कहा कि मादक पदार्थों के अवैध व्यापार, इसके भंडारण एवं परिवहन तथा मादक पदार्थों के सेवन के विरुद्ध प्रभावी नियंत्रण हेतु आपसी समन्वय स्थापित कर नियमित कार्रवाई की जाए एवं पकड़े गए लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करें। जिला के सीमावर्ती अनुमंडल खासकर रक्सौल तथा ढाका के क्षेत्र में पुलिस एवं सीमा सुरक्षा बल के पदाधिकारियो के द्वारा विशेष सतर्कता बरतते हुए संयुक्त छापामारी अभियान नियमित संचालित किया जाए। बैठक में अपर समाहर्ता श्री मुकेश कुमार सिंहा, जिला परिवहन पदाधिकारी निवेदिता कुमारी, जिला भू अर्जन पदाधिकारी अरुण कुमार, समादेष्टा 71वीं बटालियन, 20 वीं बटालियन एवं 47 वीं बटालियन, सभी अनुमंडल पदाधिकारी औषधि नियंत्रक,जिला कृषि पदाधिकारी, वन प्रमंडल पदाधिकारी, अधीक्षक मद्दय निषेध,डीपीओ आईसीडीएस, शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारी तथा प्रतिनिधि नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो मोतिहारी उपस्थित थे।बैठक में उपस्थित कमांडेंट 47 वीं बटालियन सशस्त्र सीमा बल रक्सौल के द्वारा बताया गया कि पुलिस के साथ सशस्त्र सीमा बल की ज्वाइंट ऑपरेशन में पिछले एक माह में गांजा, स्मैक चरस पकड़ा गया है। इस बीच दो तस्करों को भी गिरफ्तार किया गया है। तस्करी में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कार्रवाई चल रही है। सीमावर्ती क्षेत्र में सतर्कता बढ़ाने एवं अंतर जिला समन्वय को और सुदृढ़ करने पर बोल दिया गया है। कमांडेंट 71 वीं बटालियन सशस्त्र सीमा बल पिपरा कोठी के द्वारा बताया गया कि स्थानीय पुलिस के सहयोग से नार्कोटिक्स के 08 केश दर्ज कराए गए हैं और नौ व्यक्तियों की गिरफ्तारी की गई है।उन्होंने बताया कि ड्रग्स दुकानों पर भी छापेमारी की गई है। जिला कृषि पदाधिकारी के द्वारा बताया गया कि उर्वरक के अवैध व्यापार के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है। पिछले एक माह में 323 छापेमारी की गई है इस दौरान 18 मामलों में अनियमितता पाई गई जिसमें 8 के विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज कराई गई है।पिछले एक माह में पांच दुकानों की अनुज्ञप्ति रद्द की गई है तथा तीन दुकानों की अनुज्ञप्ति को निलंबित किया गया है।

### एसबीआई में चोरी की कोशिश नाकाम, एसपी ने गश्ती दल को किया निलंबित

**चिरैया (पूर्वी चंपारण)/नवबिहर टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के महुआवा गांव स्थित भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) की शाखा में शुक्रवार रात अज्ञात चोरों ने बड़ी चोरी की घटना को अंजाम देने का प्रयास किया। हालांकि चोर बैंक में रखी लॉकर एवं अन्य महत्वपूर्ण सामान तक नहीं पहुंच सके। घटना की जानकारी मिलते ही बैंक अधिकारियों और पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, चोर बैंक भवन के पीछे स्थित दो खिड़कियों की लोहे की ग्रिल काटकर तथा लकड़ी के पल्ले तोड़कर अंदर प्रवेश कर गए थे। शनिवार सुबह ग्रामीणों की नजर टूटी हुई खिड़की पर पड़ी, जिसके बाद उन्होंने इसकी सूचना शाखा प्रबंधक कमल किशोर पांडे को दी। शाखा प्रबंधक द्वारा तत्काल चिरैया पुलिस को घटना की जानकारी दी गई। सूचना मिलते ही चिरैया थानाध्यक्ष महेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बैंक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ बैंक परिसर का निरीक्षण किया।

# बदहाली पर आठ-आठ आंसू रो रहा एनएच 80, हल्की बारिश में ही बना नर्क

**प्रशासन ने हाथीदह में हाइवे किया बंद**



**मोकामा/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार की लाइफलाइन कहे जाने वाले एन एच-80 की हालत अब जानलेवा बन चुकी है।हाथीदह के महेंद्रपुर के पास हल्की बारिश ने ही हाईवे को 'नर्क' में बदल दिया है। बड़े-बड़े गड्ढों और जलजमाव के कारण एक दिन में दर्जनों वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गए, जिसके बाद प्रशासन ने मार्ग को पूरी तरह बंद कर दिया है।लगातार हो रही दुर्घटनाओं को देखते हुए प्रशासन ने बाटा मोड़ से हाथीदह स्टेशन तक राष्ट्रीय राजमार्ग-80 को बैरिकेड लगाकर बंद कर दिया है। भारी वाहनों के लिए रूट डायवर्ट कर दिया गया है। हाथीदह-महेंद्रपुर खंड पर आवागमन पूरी तरह ठप है, जिससे स्थानीय लोगों और यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।स्थानीय बीजेपी नेता दिलीप कुमार 'टुनटुन' और अन्य ग्रामीणों का कहना है कि सड़क पूरी तरह छतिग्रस्त हो चुकी है। जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं। हालत यह है कि हल्की बारिश में ही एन एच पर पानी भर जाता है और गड्ढे दिखाई नहीं देते। इसी वजह से एक ही दिन में कई गाड़ियां दुर्घटना का शिकार हो गईं।ग्रामीणों ने बताया कि सड़क के दोनों तरफ नाला बना हुआ है, फिर भी पानी की निकासी नहीं हो पा रही है। जलजमाव के कारण गड्ढों का अंदाजा नहीं लग पाता और वाहन चालक हादसे का शिकार हो जाते हैं। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि मानसून से पहले एन एच 80 के इस हिस्से की युद्धस्तर पर मरम्मत कराई जाए। साथ ही नालों की सफाई कर पानी निकासी की व्यवस्था दुरुस्त की जाए, ताकि और जानमाल का नुकसान न हो। फिलहाल मार्ग बंद होने से मोकामा-हाथीदह के बीच सफर करने वाले लोगों को वैकल्पिक रास्तों का सहारा लेना पड़ रहा है।

### मुजीब बालिका +2 विद्यालय में 'सी बॉक्स' का अनावरण एवं विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**मोतिहारी/नवबिहर टाइम्स संवाददाता।** पूर्वी चंपारण जिला विधिक सेवा प्राधिकार के तत्वावधान में आज मुजीब बालिका +2 विद्यालय में 'नालसा जागृति योजना' के अंतर्गत 'सुरक्षित बचपन, सुरक्षित भविष्य' विषय पर विधिक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार, मोतिहारी श्री नितिन त्रिपाठी एवं प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी द्वारा संयुक्त रूप से सी बॉक्स का अनावरण किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को सुरक्षित एवं भयमुक्त वातावरण उपलब्ध कराना तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करना था। इस अवसर पर विद्यालय की छात्रा सिमरन द्वारा बालिकाओं की सुरक्षा, शिक्षा एवं सामाजिक चुनौतियों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तृत चर्चा प्रस्तुत की गई, जिसे उपस्थित छात्राओं एवं शिक्षकों ने सराहा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकार नितिन त्रिपाठी ने छात्राओं को कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न से संरक्षण अधिनियम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रत्येक बालिका एवं महिला को सुरक्षित वातावरण में शिक्षा एवं कार्य करने का अधिकार प्राप्त है तथा किसी भी प्रकार के उत्पीड़न के विरुद्ध कानूनी सहायता उपलब्ध है। सचिव द्वारा छात्राओं को साइबर अपराधों एवं साइबर सुरक्षा के संबंध में भी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। उन्होंने सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, ऑनलाइन ठगी, फेक आईडी, साइबर बुलिंग एवं डिजिटल सुरक्षा के उपायों पर विस्तार से चर्चा करते हुए छात्राओं को सतर्क एवं जागरूक रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षकगण, छात्राएं एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। अंत में सभी छात्राओं को विधिक अधिकारों के प्रति सजग रहते हुए सुरक्षित एवं सशक्त समाज निर्माण में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने का आह्वान किया गया ।

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान 2026 का उद्घाटन

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** स्थानीय होटल रामसन प्लाजा में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान- 2026 का उद्घाटन रामसन प्लाजा होटल में शनिवार को किया गया। कार्यक्रम में एक प्रदर्शनी का भी उद्घटान हुआ। प्रदर्शनी में जनसंघ से लेकर भाजपा के जन्म और विकास यात्रा के साथ, राष्ट्रीय, प्रांतीय और स्थानीय विकास कार्यों, महत्वपूर्ण घटनाओं परिघटनाओं पर आधारित चित्रों का प्रदर्शित किया गया। प्रशिक्षण का उद्घाटन सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह, राष्ट्रीय मंत्री, पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान- 2026 के सह संयोजक ओमप्रकाश धनकड़, पथ निर्माण मंत्री एवं ई. शैलेन्द्र कुमार ने संयुक्त रूप से किया। उद्घाटन के बाद प्रथम सत्र में 'देश के समक्ष चुनौतियां-राजनीतिक व सामाजिक' विषय पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान-2026 के सह संयोजक ओमप्रकाश धनकड़ ने मार्गदर्शन दिया। श्री धनकड़ ने अपने संबोधन में कहा कि प्रशिक्षण हमारी पुरानी परंपरा है। प्रशिक्षण हमारे डीएनए में है। इंसान अगर सीखता है तो भगवान तक पहुंचता है। प्रशिक्षण के माध्यम से हम अपनी समझ और स्किल को बढ़ाते हैं। आवासीय प्रशिक्षण सामूहिकता के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा कि चुनौती नहीं तो जीवन नहीं है। आज पूरी दुनिया में टेक्नोलॉजी, व्यापार, टेरिफ और ईंधन नए मुद्दे हैं, और यही दुनिया का वर्तमान स्वरूप है। वर्तमान में बड़ा टेक्निकल चैलेंज है। दूसरे सत्र में 'संगठन और सरकार में समन्वय एवं अपनी जिम्मेदारी/ कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि' विषयक वर्ग हुआ। वर्ग के वक्ता पथ निर्माण मंत्री, बिहार सरकार ई. शैलेन्द्र कुमार थे और इस सत्र की अध्यक्षता उप महापौर डॉ. लालबाबू प्रसाद ने किया।तीसरे सत्र व्यवहारिक सत्र का था जिसके वक्ता मधुबन विधायक पूर्व मंत्री, बिहार सरकार राणा रणधीर सिंह ने किया। चैथा सत्र मीडया विमर्श का था और वक्ता थे प्रदेश प्रवक्ता नीरज कुमार ने किया। पांचवां सत्र 'कार्यकर्ता विकास-गुण आचरण और अपेक्षाएं'। इस सत्र का मार्गदर्शन संगठन महामंत्री भीखू भाई दलसानिया ने किया। कार्यकर्ता केवल संगठन का सदस्य नहीं, बल्कि उसके विचार, संस्कार और सेवा-भाव का प्रतिनिधि होता है। इसलिए कार्यकर्ता का विकास संगठन की सफलता का आधार है। छठा सत्र कार्य पद्धति का था। यह सत्र सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह ने लिया। सातवां सत्र सोशल मीडिया, मीडिया नई तकनीक (एआई), प्रभावी सूचना तंत्र एवं संगठन के लिए सकारात्मक परसेप्शन निर्माण विषयक सत्र के वक्ता थे प्रदेश संयोजक सोशल मीडिया अनमोल शोभित।संध्या समय सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ प्रथम दिन का प्रशिक्षण वर्ग का समापन हुआ।



### प्रत्येक संगठन एक लक्ष्य को लेकर प्रारंभ होता है : राधामोहन

**मोतिहारी (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान- 2026 में 'कार्य पद्धति' विषयक सत्र का मार्गदर्शन सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधामोहन सिंह ने किया। वर्ग लेते हुए श्री सिंह ने कहा कि प्रत्येक संगठन एक लक्ष्य को लेकर प्रारंभ होता है। उस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए, संगठन के सुचारू संचालन के लिए एवं अनुशासन बनाए रखने के लिए एक सफल कार्यपद्धति की आवश्यकता होती है। भाजपा के विशाल संगठन के संचालन, कार्यकताओं का विकास, परस्पर समन्वय, आत्मीयता एवं पारिवारिक भाव के साथ कार्य करना हमारी कार्यपद्धति है।उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता विकास, कार्यकर्ता सम्भाल, विचार निष्ठा, समर्पण भाव, पारिवारिक भाव, सामूहिक निर्णय, समन्वय, संपर्क, संवाद, प्रामाणिकता, महिला कार्यकर्ताओं के प्रति दृष्टिकोण कार्यपद्धति की प्रमुख विशेषताएं हैं।

# नगर परिषद दाउदनगर में आज होगा सशक्त स्थायी समिति का चुनाव, तीन पार्षद बनेंगे 'नगर मंत्री'




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**
**दाउदनगर (औरंगाबाद)।** नगर परिषद दाउदनगर की सशक्त स्थायी समिति के तीन रिक्त पदों के लिए रविवार को अनुमंडल कार्यालय में निर्वाचन की प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। चुनाव को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा एवं विधि-व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए हैं। निर्वाचन प्रक्रिया सुबह आठ बजे से अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय कक्ष में शुरू होगी। अनुमंडल पदाधिकारी अमित राजन ने बताया कि निर्वाचन को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए दंडाधिकारियों और पुलिस बल की तैनाती की गई है। नगर परिषद के सभी 27 निर्वाचित वार्ड पार्षदों को निर्वाचन संबंधी सूचना उपलब्ध करा दी गई है तथा उसका तामिला भी सुनिश्चित कर लिया गया है। उन्होंने सभी पार्षदों से समय पर उपस्थित होने की अपील की है, ताकि निर्धारित समय पर चुनाव प्रक्रिया प्रारंभ हो सके। जिला पदाधिकारी के निर्देश पर तीनों पदों के लिए अलग-अलग सहायक निर्वाची पदाधिकारी (एआरओ) की प्रतिनियुक्ति की गई है। पद संख्या-1 के लिए बीडीओ मोहम्मद जफर इमाम, पद संख्या-2 के लिए प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी सतीश राम तथा पद संख्या-3 के लिए सम परिवर्तन पदाधिकारी प्रकाश कुमार को एआरओ बनाया गया है। नगर परिषद की राजनीति में चुनाव को लेकर चर्चाओं का बाजार गर्म है। संभावित उम्मीदवारों के नामों को लेकर लगातार कयास लगाए जा रहे हैं। हालांकि अंतिम रूप से प्रत्याशियों के नाम नामांकन प्रक्रिया के दौरान ही स्पष्ट हो सकेंगे। निर्वाचित होने वाले तीनों सदस्य सशक्त स्थायी समिति का हिस्सा बनेंगे, जिन्हें नगर परिषद की कार्यप्रणाली में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के कारण स्थानीय स्तर पर 'नगर मंत्री' के रूप में भी देखा जाता है।

**इस प्रकार होगी निर्वाचन प्रक्रिया**

निर्वाचन के दौरान सशक्त स्थायी समिति के प्रत्येक रिक्त पद के लिए अलग-अलग मतदान कराया जाएगा। प्रत्येक पद के लिए क्रमांकित मतपेटिकाएं (1, 2 और 3) निर्धारित की जाएंगी। नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रत्येक पद के लिए हिंदी (देवनागरी) वर्णक्रम के आधार पर अलग-अलग मतपत्र तैयार किए जाएंगे। इसके बाद सभी निर्वाचित वार्ड पार्षद गुप्त मतदान के माध्यम से संबंधित मतपेटिकाओं में अपने मत डालेंगे। मतदान समाप्त होने के तुरंत बाद सभी पार्षदों की उपस्थिति में मतपेटिकाएं खोली जाएंगी और मतगणना की जाएगी। जिस उम्मीदवार को संबंधित पद के लिए सर्वाधिक मत प्राप्त होंगे, उसे निर्वाचित घोषित कर प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा। निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 की धारा-24 के तहत सशक्त स्थायी समिति के निर्वाचित सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई जाएगी। प्रशासन के अनुसार नामांकन से लेकर शपथ ग्रहण तक की पूरी प्रक्रिया सुबह आठ बजे से बिना किसी विराम के संपन्न कराई जाएगी।

## बाइक-टेंपो की आमने-सामने टक्कर में चार घायल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज-शिवगंज पथ पर ब्राइट लाइफ स्कूल के समीप शनिवार को बाइक और टेंपो के बीच आमने-सामने की टक्कर हो गई, जिसमें चार लोग घायल हो गए। घायलों में बाइक सवार तिवारी बिगहा निवासी राजेंद्र पासवान के पुत्र पंकज कुमार, कुटुंबा निवासी प्रभु पासवान की पुत्री खुशी कुमारी, कुटुंबा निवासी संजय राम की पुत्री अंशु कुमारी तथा टेंपो सवार नीमा वाजिद निवासी शरीफ शाह के पुत्र नईम शाह शामिल हैं। घटना के बाद स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को रफीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। वहां चिकित्सक डॉ. आकाश कुमार रंजन ने प्राथमिक उपचार किया। घायलों की स्थिति को देखते हुए पंकज कुमार एवं नईम शाह को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल, औरंगाबाद रेफर कर दिया गया। घटना के संबंध में स्थानीय लोगों ने बताया कि दोनों वाहन तेज गति में थे, जिसके कारण यह हादसा हुआ। दुर्घटना के बाद कुछ समय के लिए घटनास्थल पर अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।थानाध्यक्ष शम्भू कुमार ने बताया कि घटना की जानकारी हुई है, बाइक एवं टेम्पू को

## सोशल मीडिया के दुरुपयोग से बचने और साइबर फ्रॉड को लेकर किया जागरूक




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**
**औरंगाबाद।** स्कूल और कॉलेज की छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा उन्हें जागरूक बनाने के उद्देश्य से शनिवार को देव थाना क्षेत्र के उच्च विद्यालय मझिआंव में पुलिस दीदी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम थानाध्यक्ष कुमार सौरभ के नेतृत्व में अभया ब्रिगेड टीम द्वारा चलाया गया। इस दौरान छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, साइबर अपराध और डिजिटल सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। मौके पर एसआई विवेक कुमार एवं रूबी कुमारी ने एक शिक्षक की भूमिका निभाते हुए बच्चों को जागरूक किया। उन्होंने कहा कि आज सोशल मीडिया लोगों की जरूरत बन चुका है, लेकिन इसका गलत उपयोग कई बार बड़ी परेशानी का कारण बन जाता है। फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अनजान लोगों से दोस्ती करना, निजी फोटो या जानकारी साझा करना तथा किसी भी संदिग्ध लिंक पर क्लिक करना खतरनाक साबित हो सकता है। उन्होंने छात्र-छात्राओं को कई जरूरी सुरक्षा टिप्स भी दिए। कहा कि किसी भी स्थिति में ओटीपी, बैंक डिटेल, पासवर्ड या निजी जानकारी किसी के साथ साझा न करें। सोशल मीडिया पर सक्रिय फर्जी आईडी और साइबर अपराधी लोगों को झांसे में लेकर ठगी कर रहे हैं। यदि कोई संदिग्ध कॉल, मैसेज या ऑनलाइन गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत अभिभावक, शिक्षक या पुलिस को जानकारी दें। अभया ब्रिगेड टीम की अधिकारी रूबी कुमारी ने कहा कि पुलिस दीदी कार्यक्रम महिला सुरक्षा को मजबूत करने की एक विशेष पहल है। इसके तहत महिला पुलिसकर्मी स्कूटी से स्कूल, कॉलेज और कोचिंग संस्थानों के आसपास गश्त करती हैं, ताकि छात्राओं को सुरक्षित माहौल मिल सके। उन्होंने कहा कि छात्राएं बिना किसी डर के अपनी समस्याएं पुलिस से साझा करें। उन्होंने कहा कि देर रात तक मोबाइल का उपयोग करना बच्चों की पढ़ाई और मानसिक स्वास्थ्य दोनों पर असर डालता है। सोशल मीडिया का सीमित और सकारात्मक उपयोग ही समझदारी है। किसी भी प्रकार की ऑनलाइन दोस्ती, धमकी, ब्लैकमेलिंग या साइबर बुलिंग की बात परिवार से छिपानी नहीं चाहिए। मौजूद शिक्षक डॉ. आसिफ अली सहित अन्य शिक्षकों ने पुलिस प्रशासन की इस पहल की सराहना की।की जानकारी लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुटी है।

# रफीगंज महादेव स्थान मंदिर में बाल विवाह रुकवाया गया

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**रफीगंज (औरंगाबाद)।** शनिवार 30 मई 2026 को रफीगंज प्रखंड स्थित महादेव स्थान मंदिर में एक नाबालिग लड़की का विवाह कराए जाने की सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बाल विवाह को रोक दिया गया। यह कार्रवाई दीप ज्योति कल्याण संस्थान, रफीगंज थाना पुलिस एवं स्थानीय समाजसेवियों के संयुक्त प्रयास से संभव हो सकी। जानकारी के अनुसार स्थानीय समाजसेवी रोहित कुमार सिंह ने सूचना दी कि मंदिर में एक नाबालिग लड़की की शादी एक अधेड़ उम्र के व्यक्ति से कराई जा रही है। सूचना मिलते ही दीप ज्योति कल्याण संस्थान के जिला समन्वयक रितेश कुमार एवं सीएसडब्ल्यू सरिता कुमारी ने पुलिस और संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया तथा मौके पर पहुंचे। जांच के दौरान लड़की ने अपना नाम दीपांजली कुमारी बताया। उसने बताया कि उसके पिता गंभीर बीमारी से ग्रसित हैं और परिवार आर्थिक संकट से गुजर रहा है। इसी दौरान एक व्यक्ति ने विवाह का प्रस्ताव रखते हुए शादी का पूरा खर्च वहन करने की बात कही, जिसके बाद उसकी मां उसे मंदिर लेकर पहुंची थी। विवाह की प्रक्रिया शुरू होने से पहले आधार कार्ड की मांग किए जाने पर संदेह हुआ और स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थाना अध्यक्ष शंभू कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और विवाह की प्रक्रिया को तत्काल रोक दिया। पूछताछ एवं उपलब्ध दस्तावेजों के आधार पर लड़की की उम्र लगभग 12 से 13 वर्ष पाई गई, जो बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के तहत अवैध है। इसके बाद दोनों पक्षों को थाना लाकर पूछताछ की गई तथा परिजनों से लिखित आश्वासन लिया गया कि लड़की के बालिग होने से पहले उसका विवाह नहीं कराया जाएगा। इस दौरान परिजनों को बाल विवाह के कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई और लड़की को शिक्षा जारी रखने के लिए प्रेरित किया गया। संस्थान एवं पुलिस प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि बाल विवाह की सूचना मिलने पर तुरंत चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 या आपातकालीन सेवा 112 पर सूचना दें, ताकि ऐसी घटनाओं को समय रहते रोका जा सके।

## हसपुरा के वार्ड सं-सात में नल-जल की स्थिति बदहाल

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**औरंगाबाद।** ग्रामीण इलाके के लोगों को हर घर नल से जल योजना का लाभ नहीं मिल रहा है। गांवों में इस योजना से काम कराए गए परंतु उसका लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल सका है। जिस सोच के साथ योजना प्रारंभ हुई थी वह धरातल पर नहीं उतरा। यहां तक कि पंचायत के गांवों में हर घर नल से जल योजना के रुपये का सही उपयोग नहीं किया गया। बता दें कि हसपुरा प्रखंड के वार्ड सं-सात में ग्रामीणों को नल से जल नहीं मिला। ग्रामीणों के अनुसार छह वर्ष पहले एक टंकी लगाई गई। मोटर आई परंतु नल से जल का सपना अधूरा रह गया। दिखावे के लिए दो-चार दिन पानी की आपूर्ति की गई।

# पौथू में पुरानी पेंशन बहाल करने को लेकर शिक्षकों ने भरी हुंकार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के पौथू मध्य विद्यालय में पुरानी पेंशन योजना (ओल्ड पेंशन स्कीम) को पुनः लागू कराने की मांग को लेकर शनिवार को शिक्षकों की एक बैठक आयोजित की गई। बैठक के शुरुआत में भीखनपुरा विद्यालय के शिक्षक सुनील कुमार सिंह के हाल ही में वज्रपात से हुए निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया गया। उनकी आत्मा की शांति के लिए उपस्थित सभी शिक्षकों ने दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। बैठक के दौरान शिक्षकों ने एकजुट होकर अपने अधिकारों के लिए संघर्ष तेज करने का संकल्प लिया। बैठक की अध्यक्षता अवकाश प्राप्त शिक्षक नवल किशोर शर्मा एवं संचालन बेलहड़िया मध्य विद्यालय के प्रधानाध्यापक मिथलेश प्रसाद सिंह ने किया। प्रधानाध्यापक मिथलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि वर्ष 2003 से पहले कर्मचारियों और शिक्षकों को पुरानी पेंशन योजना का लाभ मिलता था, जबकि झारखंड समेत कई राज्यों में आज भी यह व्यवस्था लागू है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिहार और उत्तर प्रदेश जैसे राज्यों में इसे बंद कर दिए जाने से लाखों शिक्षक और कर्मचारी प्रभावित हुए हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षकों की अनेक समस्याएं हैं, लेकिन विभिन्न संगठनों में बंटे होने के कारण उनकी आवाज कमजोर पड़ जाती है। सरकार इसी का लाभ उठा रही है। उन्होंने सभी शिक्षक एवं कर्मचारियों से संगठनात्मक मतभेद भुलाकर एक मंच पर आने और पुरानी पेंशन बहाली के लिए संघर्ष को मजबूत करने की अपील की। बैठक में मौजूद शिक्षकों ने भी अपने विचार रखे और प्रखंड से लेकर प्रदेश तथा राष्ट्रीय स्तर तक एकजुट होकर आंदोलन चलाने पर जोर दिया। इस दौरान संगठन को मजबूत करने के लिए कमेटी गठन, सदस्यता अभियान चलाने और कोष संग्रह करने का भी निर्णय लिया गया।"एकजुट शिक्षक, मजबूत आंदोलन – पुरानी पेंशन हमारा अधिकार" के नारों के साथ बैठक का समापन हुआ। इस अवसर पर अभय शर्मा, अशोक सिंह, अशोक कुमार, मो. सनाउल हक, रीता कुमारी, दुर्गावती देवी, हितेंद्र कुमार, रामप्रवेश राम, गोपाल, धर्मेंद्र, ऋषु रंजन, दीपक, श्रीकांत कुमार, नंद किशोर, सियाराम, सुशील पासवान, अजय पासवान, सुरेंद्र कुमार, दिनेश दूबे, नंदन कुमार, अरविंद कुमार, अजय दूबे सहित दर्जनों शिक्षक उपस्थित रहे।

# श्मशान घाट की घेराबंदी रोकने के विरोध में हसपुरा बाजार बंद




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**हसपुरा (औरंगाबाद)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित सैकड़ों वर्ष पुराने सार्वजनिक श्मशान घाट की घेराबंदी रोके जाने के विरोध में शनिवार को हसपुरा बाजार पूरी तरह बंद रहा। बाजार के व्यवसायियों ने अपनी-अपनी दुकानें बंद रखकर विरोध जताया तथा श्मशान भूमि की घेराबंदी कराने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।

जानकारी के अनुसार हसपुरा बाजार स्थित एकमात्र श्मशान घाट लंबे समय से अतिक्रमण एवं कचरा डंपिंग की समस्या से जूझ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि यहां खुले में शौच तथा गंदे पानी का बहाव होने से श्मशान घाट की स्थिति बदतर होती जा रही थी। ग्रामीणों द्वारा कई बार प्रशासन से घेराबंदी की मांग की गई, लेकिन कार्रवाई नहीं होने पर जनसहयोग से श्मशान भूमि की घेराबंदी शुरू कर दी गई। ग्रामीणों का कहना है कि यह कार्य अंचल कार्यालय द्वारा पैमाइश कर श्मशान घाट के लिए चिन्हित भूमि पर किया जा रहा था।

इसी बीच जिला परिषद प्रतिनिधि एकलाख खान ने अंचल कार्यालय को आवेदन देकर घेराबंदी का विरोध किया। उन्होंने उक्त भूमि का उपयोग मार्केट कॉम्प्लेक्स, टेंपो स्टैंड और सार्वजनिक शौचालय के निर्माण के लिए करने का सुझाव दिया। आवेदन के बाद अंचल प्रशासन ने ग्रामीणों से घेराबंदी का कार्य रोककर कार्यालय में मिलने को कहा। ग्रामीणों ने अंचलाधिकारी से मुलाकात कर अपनी बात रखी। इसके बाद सीओ एवं बीडीओ प्रदीप कुमार चौधरी ने दोनों पक्षों के बीच वार्ता कर समाधान निकालने का आश्वासन दिया। हालांकि शुक्रवार को निर्धारित बैठक में सीओ के जिला मुख्यालय चले जाने के कारण वार्ता नहीं हो सकी। बीडीओ ने सरकारी मद से घेराबंदी कराने का आश्वासन दिया तथा शनिवार को स्थल जांच की बात कही। शनिवार को बड़ी संख्या में ग्रामीण श्मशान घाट पर जुटे और अधिकारियों के पहुंचने का इंतजार करने लगे। ग्रामीणों का आरोप है कि जिला परिषद प्रतिनिधि द्वारा सोशल मीडिया पर की गई कुछ पोस्टों से लोगों में आक्रोश बढ़ा। निर्धारित समय पर अधिकारी नहीं पहुंचने पर लोगों ने बाजार बंद कर विरोध प्रदर्शन किया। बाद में बीडीओ, सीओ एवं थानाध्यक्ष दिनेश कुमार ने मामले की समीक्षा की। अधिकारियों ने ग्रामीणों को बताया कि भूमि सरकारी है, इसलिए किसी भी प्रकार का निर्माण सरकारी स्तर पर ही कराया जाएगा। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य की समय-सीमा तय करने की मांग की, लेकिन इस संबंध में कोई स्पष्ट आश्वासन नहीं मिला। अधिकारियों ने कहा कि जांच रिपोर्ट वरीय अधिकारियों को भेजी जा रही है तथा उनके निर्देशानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# 500 दिन पूरे होने पर धरनार्थियों को किया गया सम्मानित, आगे आंदोलन रहेगा जारी



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड मुख्यालय में उत्तर कोयल नहर परि योजना के अधूरे कार्य को पूरा करवाने, किसानों के खेतों तक पानी पहुंचाने की मांग को लेकर किसानों का धरना के 500वें दिन निजी कोचिंग सेंटर के संचालक डॉ रंजीत कुमार एवं इनके कोचिंग परिवार ने धरनार्थियों को सम्मानित कर हौसला अफजाई किया। धरना के अध्यक्ष अहमद रजा खां उर्फ लड्डु खां,डॉ तुलसी यादव, पूर्व पैक्स अध्यक्ष सत्येंद्र यादव, सिद्धि यादव, डॉ शिवनन्दन यादव,नरेश यादव, उमेश यादव, संतोष गिरी, ललन ठाकुर, उपेंद्र यादव, भोलानाथ वर्मा सहित,महेश यादव सहित उपस्थित धरनार्थियों को फूल माला एवं अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। डॉ रंजीत कुमार ने कहा कि लंबे समय से चल रहे इस आंदोलन में क्षेत्र के किसान लगातार अपनी मांगों को लेकर डटे हुए हैं। यह क्षेत्र कृषि प्रधान क्षेत्र है। लेकिन किसानों की मूलभूत सुविधाएं नदारद है। आजादी बाद से जनप्रतिनिधियों द्वारा सिर्फ वोट लेकर यहां के किसानों को सिर्फ ठगने का काम किया है। किसान मजदूर मोर्चा के बैनर तले लगभग दो दशक से उत्तर कोयल नहर का पानी,एवं कुटकु डैम में फाटक लगाने की मांग को लेकर लगातार विभिन्न माध्यम से आंदोलनरत हैं।वहीं रफीगंज ब्लॉक परिसर में लगातार 500 दिनों से धरना दे रहें हैं।काफी सराहनीय है। डॉ तुलसी यादव ने कहा कि प्रशाशनिकअधिकारी ध्यान नहीं देते हैं तो आगे हम किसान उग्र आंदोलन करते हुए जल्द सड़क चक्का जाम करेंगे।इसके लिए औरंगाबाद, गया जिला के सभी किसान से मशवरा लिया जा रहा है। इन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में भीषण गर्मी में जलस्तर काफी नीचे चला गया है। इस क्षेत्र में नहर का पानी रहता तो पानी का लेयर मेंटेन रहता और पेयजल के लिए क्षेत्र में हाहाकार नहीं होता। बैठक में उपस्थित किसानों ने एक स्वर में कहा कि जब तक उत्तर कोयल नहर के कुटकु मंडल डैम में फाटक नहीं लगाया जाता और अंगरा, कोटवारा तथा चेई नावादा ब्रांच नहरों में कार्य शुरू नहीं होता, तब तक उनका धरना जारी रहेगा।जय प्रकाश प्रजापति सहित कई किसान उपस्थित रहे।

# शहर के केवल सात वार्डों में हो रही पेयजल की आपूर्ति 434 करोड़ की लागत से पाइपलाइन का चल रहा कार्य

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**औरंगाबाद।** शहर के अधिकतर वार्डों में पेयजल की आपूर्ति नहीं हो रही है। हालांकि जल आपूर्ति की व्यवस्था को सुधारने के लिए अमृत भारत योजना के तहत एक महत्वाकांक्षी परियोजना पर कार्य चल रहा है। करीब 434 करोड़ की लागत से कार्य किया जा रहा है। बता दें कि यह कार्य मार्च 2०26 तक कर पूर्ण कर लेनी थी परंतु अबतक पूर्ण नहीं किया गया है। बता दें कि इस योजना के तहत शहर में जलमीनार और पाइपलाइन के माध्यम से घर-घर में पेयजल आपूर्ति की जाएगी। बता दें कि यह कार्य तीन चरणों में पूरा किया जाएगा। पहले चरण का कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण कर लिया गया है जबकि दूसरे चरण का कार्य प्रगति पर है। इस योजना के तहत शहर के कुल 33 वार्डो में पेयजल की आपूर्ति की जाएगी। पहले चरण के तहत शहर के चार वार्डो में पेयजल आपूर्ति की जा रही है। वार्ड नं- चार, 1०, 11, 12, 13, 14 और 15 है। इन वार्डो में जलमीनारों के माध्यम से पानी की आपूर्ति की जा रही है जिसमें रमेश चौक और रामाबांध से सभी सात वार्डो के घरों में जल पहुंचाया जा रहा है। दूसरे चरण के तहत शहर के 18 वार्डो में पेयजल की आपूर्ति की योजना है। इनमें वार्ड तीन, पांच, छह, सात, आठ, नौ, 18, 19, 20, 21, 24, 25, 26, 27 और 28 शामिल हैं। इस चरण में कुल 9,740 घरों में पेयजल आपूर्ति की जाएगी। बुडको के सहायक परियोजना निदेशक उज्जवल कुमार ने बताया कि अबतक 8.150 घरों में कनेक्शन दिया जा चुका है जबकि श्ोष घरों में कनेक्शन देने का कार्य जारी है। इस चरण में लगभग 175 किमी लंबी पाइपलाइन बिछाई जाएगी। शेष बचे घरों में तीसरे चरण के तहत कनेक्शन दिया जाएगा। इस चरण में कुल 11,425 घरों की जलापूर्ति से जोड़ा जाएगा। तीसरे चरण के अंतर्गत शहर के आठ वार्डो में कार्य किया जाएगा जिनमें वार्ड एक, दो, चार, 16, 17, 22, 23, 29 व 30 शामिल है। इसके लिए लगभग 135 किमी पाइपलाइन बिछाने की योजना है। बता दें कि इस पूरी योजना को सितंबर 2026 तक पूर्ण कर लिया जाएगा।

## पड़रिया टोला जाने वाली सड़क बदहाल, ग्रामीणों ने की पक्कीकरण की मांग

**औरंगाबाद/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कुटुंबा प्रखंड अंतर्गत पड़रिया टोला गांव तक जाने वाली सड़क वर्षों से कच्ची होने के कारण ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। सड़क की जर्जर स्थिति के कारण आवागमन प्रभावित है, जिससे ग्रामीणों को प्रखंड एवं जिला मुख्यालय तक पहुंचने में अतिरिक्त समय और खर्च वहन करना पड़ता है। ग्रामीण रवि कुमार, रितेश कुमार समेत अन्य लोगों ने बताया कि गांव की ओर जाने के लिए एक पक्की सड़क उपलब्ध है, लेकिन उसके माध्यम से प्रखंड मुख्यालय और जिला मुख्यालय तक पहुंचने के लिए लंबा चक्कर लगाना पड़ता है। इसके लिए सिमरा बाजार होकर गुजरना पड़ता है, जिससे समय के साथ-साथ आर्थिक बोझ भी बढ़ जाता है। ग्रामीणों ने बताया कि सिमरा से चोरहा गांव तक पक्की सड़क का निर्माण हो चुका है। चोरहा गांव से पड़रिया टोला की दूरी मात्र दो से ढाई किलोमीटर है। स्थानीय मुखिया द्वारा गांव से कुछ दूरी तक सड़क का निर्माण कराया गया है, लेकिन इसके आगे भरौंधा पंचायत क्षेत्र शुरू हो जाता है, जहां सड़क निर्माण अधूरा है।

# एनएच-139 पर आवागमन संकट गहराया, दोमुहान पुल क्षतिग्रस्त होने से 10 किलोमीटर लंबा जाम




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**
**औरंगाबाद।** बिहार को झारखंड, छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश समेत कई राज्यों से जोड़ने वाली महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्ग-139 पर आवागमन का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है। बटाने नदी पर स्थित दोमुहान पुल के क्षतिग्रस्त होने के कारण भारी वाहनों के परिचालन पर रोक लगाए जाने से पूरे क्षेत्र में यातायात व्यवस्था चरमरा गई है। स्थिति यह है कि वैकल्पिक मार्ग भी जवाब देने लगे हैं और कई स्थानों पर सड़कें तथा पुल-पुलियां क्षतिग्रस्त होने लगी हैं। झारखंड के हरिहरगंज से लेकर औरंगाबाद जिले के कुटुंबा प्रखंड स्थित एरका कॉलोनी तक सैकड़ों ट्रकों और भारी वाहनों की लंबी कतार लग गई है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर कई घंटों तक यातायात बाधित रहा और देर शाम तक जाम की लंबाई लगभग 10 किलोमीटर तक पहुंच गई। जाम में फंसे वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा, जबकि स्थानीय लोगों का जनजीवन भी प्रभावित रहा। जानकारी के अनुसार जिला प्रशासन ने 24 मई को बटाने नदी पर बने दोमुहान पुल को खतरनाक घोषित करते हुए भारी वाहनों के परिचालन पर रोक लगाने का आदेश जारी किया था। इसके बाद 26 मई से पुल पर भारी वाहनों का आवागमन पूरी तरह बंद कर दिया गया। प्रशासन द्वारा कुछ वैकल्पिक मार्गों से वाहनों का परिचालन शुरू कराया गया, लेकिन कुछ ही दिनों में उन मार्गों की स्थिति भी बिगड़ने लगी। ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कों पर अत्यधिक दबाव के कारण सड़कें टूटने लगीं, जबकि छोटे पुल और पुलियों में भी क्षति के संकेत मिलने लगे। गुरुवार रात डुमरी-बालूगंज स्थित अदरी नदी पुल में दरार दिखाई देने के बाद उस मार्ग से भी भारी वाहनों के परिचालन पर रोक लगा दी गई। इसके कारण परिवहन व्यवस्था और अधिक प्रभावित हो गई। झारखंड की ओर से आने वाले भारी वाहनों को अब-देव मार्ग की ओर डायवर्ट किया गया है। इस मार्ग पर हाल ही में नई सड़क और पुल का निर्माण हुआ है, लेकिन स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि यह मार्ग अत्यधिक भार वाले ट्रेलर और भारी वाहनों के लिए उपयुक्त नहीं है। ग्रामीणों ने इसके विरोध में आवाज उठानी शुरू कर दी है। वहीं निर्माण एजेंसी ने भी विभाग को पत्र लिखकर भारी वाहनों के कारण सड़क और पुल को संभावित नुकसान की आशंका जताई है।

### डुमरी-बालूगंज अदरी नदी पुल में भी दरार, भारी वाहनों का परिचालन ठप

# राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की ओर से लोगों को मिलेंगी बेहतर सुविधाएं

- राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री का भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया स्वागत
- जनकल्याण एवं विकास के संकल्प के साथ सरकार कर रही कार्य

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**दरभंगा।** बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री डॉं दिलीप जायसवाल के दरभंगा आगमन पर शनिवार को एकमी चौक पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण मन्ना के नेतृत्व में भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंत्री डॉ. जायसवाल को पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया। स्वागत कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला तथा बड़ी संख्या में उपस्थित भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा नेताओं ने कहा कि बिहार सरकार के नेतृत्व में प्रदेश के विकास, भूमि सुधार एवं राजस्व प्रशासन को अधिक पारदर्शी एवं जनोन्मुखी बनाने की दिशा में निरंतर कार्य किया जा रहा है। मंत्री डॉ. दिलीप जायसवाल के नेतृत्व में विभाग द्वारा आम जनता को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए अनेक महत्वपूर्ण पहल की गई हैं। जिला अध्यक्ष आदित्य नारायण मन्ना ने कहा कि भाजपा सरकार जनकल्याण एवं विकास के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से सरकार की उपलब्धियों एवं जनहितकारी योजनाओं को समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का आह्वान किया। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राजेश रंजन, अभयानंद झा, सुनील चौधरी, जिला महामंत्री संतोष पोद्दार, सुजीत मल्लिक, जिला मंत्री मीरा मेहता, बालेन्दु झा, राहुल पासवान, जिला मीडिया प्रभारी मुकुंद चौधरी, कोषाध्यक्ष संतोष सिंह, बबलू मिश्रा, राजमोहन पासवान सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नगर परिषद की सशक्त स्थायी समिति के गठन को लेकर मतदान संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बखरी।** नगर परिषद की सशक्त स्थायी समिति के गठन को लेकर शनिवार को आयोजित चुनाव शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष माहौल में संपन्न हो गया। चुनाव प्रक्रिया निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी सन्नी कुमार सौरव की देखरेख में संपन्न कराई गई। मतदान को लेकर अनुमंडल कार्यालय परिसर में सुरक्षा के व्यापक इंतजाम किए गए थे। निर्वाची पदाधिकारी ने बताया कि चुनाव में नगर परिषद के सभी 26 पार्षदों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान समाप्त होने के बाद मतगणना की गई ,जिसके उपरांत परिणामों की घोषणा की गई। घोषित परिणाम के अनुसार निशा कुशवाहा को सर्वाधिक 19 मत प्राप्त हुए। वहीं मंजू देवी एवं चंदन कुमार सहनी को 14-14 मत मिले, नेहा कुमारी तथा अनिता देवी को 12-12 मत प्राप्त हुए, जबकि अनारसी देवी को 7 मत हासिल किए, इधर परिणाम घोषित होते ही विजयी उम्मीदवारों एवं उनके समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। समर्थकों ने एक-दूसरे को बधाई देते हुए नगर परिषद के विकास एवं जनहित के कार्यों को गति मिलने की उम्मीद जताई। चुनाव प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी निशांत आनंद, बखरी बीडीओ कुमार मुकेश, गढ़पुरा बीडीओ विकास कुमार, नावकोठी बीडीओ राहुल कुमार, कर्मी मंतोष कुमार तथा प्रतिनियुक्त शिक्षक रुद्र नारायण भारती दिनकर ने मतदान टेबल पर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, वहीं मजिस्ट्रेट के रूप में प्रखंड कृषि पदाधिकारी ओमप्रकाश यादव, गढ़पुरा के एमओ गोविंद कुमार तथा नावकोठी के एमओ मनोज कुमार मौजूद रहे। चुनाव के दौरान पुलिस पदाधिकारियों एवं सुरक्षा बलों की भी तैनाती की गई थी, जिससे पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो सकी। वही पारदर्शिता बनाए रखने के लिए संपूर्ण चुनाव प्रक्रिया की वीडियोग्राफी कराई गई। अनुमंडल प्रशासन ने चुनाव के सफल आयोजन में सहयोग देने वाले सभी पार्षदों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं सुरक्षा कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# बीहट नगर परिषद की सशक्त स्थायी समिति का गठन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बीहट।** बरौनी प्रखंड शनिवार को बरौनी प्रखंड परिसर स्थित नीरज भवन में प्रशासनिक मुस्तैदी के बीच नगर परिषद बीहट की सशक्त स्थायी समित सदस्यों का चुनाव शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। इस चुनाव में विभिन्न वार्ड पार्षदों ने हिस्सा लिया और मतदान के जरिए कुल पांच सदस्यों का चयन किया गया। चुनाव परिणाम घोषित होते ही समर्थकों में भारी उत्साह देखा गया। जीत दर्ज करने वाले उम्मीदवारों को प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा बधाई दी गई। अधिकारियों द्वारा जारी आंकड़ों के अनुसार, सभी 5 भागों (सीटों) पर सीधा और दिलचस्प मुकाबला देखने को मिला। मतों का विवरण इस प्रकार है : भाग संख्या 1: यहाँ रेनू शर्मा ने 18 मत प्राप्त कर जीत दर्ज की। उन्होंने अपनी प्रतिद्वंद्वी पूजा कुमारी को पराजित किया, जिन्हें 14 मत मिले। दीपक मिश्रा ने 20 मत हासिल कर शानदार जीत दर्ज की जबकि सुभद्रा कुमारी को मात्र 12 मतों से संतोष करना पड़ा। भाग संख्या 3 : यहाँ प्रजा देवी ने 18 मत पाकर अपनी जीत सुनिश्चित की। वहीं, रेनू सिंह को 15 मत प्राप्त हुए। भाग संख्या 4 : इस भाग से प्रवीण कुमारने 19 मत लेकर विजय हासिल की। उन्होंने नीलम देवी को मात दी, जिन्हें 14 मत मिले। भाग संख्या 5 : हिम्मद इफ्तेखार अली ने 20 मत प्राप्त कर एकतरफा जीत दर्ज की। उनके प्रतिद्वंद्वी अशोक सिंह को सिर्फ 13 मत मिले।चुनाव को पूरी तरह निष्पक्ष, पारदर्शी और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए अनुमंडल और प्रखंड स्तर के आला अधिकारी नीरज भवन में मुस्तैद रहे।

# शादी का झांसा देकर बनाया शारीरिक संबंध

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नावकोठी थाना के एक गांव से एक युवक द्वारा एक युवती को शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बनाने का मामला थाने में दर्ज की गई है। इस मामले में प्राथमिकी नामजद को नावकोठी पुलिस ने हिरासत में लेकर न्यायालय भेज दिया है। पीड़िता ने दर्ज प्राथमिकी में बताया कि कृष्णाष्टमी मेला में ही पीरनगर में दोनों की मुलाकात हुई थी। मुलाकात के बाद दोनों में बातचीत का सिलसिला शुरू हुआ। 17 मार्च को फोन कर मुझे उत्तर प्रदेश राज्य के बरेली में बुलाया। उसने मुझे कहा कि तुम बरेली आ जाओ यही दोनों शादी कर लेगें। उसके बुलावे पर मैं बरेली चली गई। स्टेशन पर से वह अपने डेरा पर ले गया। दो चार दिनों के बाद शादी का झांसा देकर शारीरिक संबंध बना लिया। जब उस पर शादी करने का मैं दबाव बनाने लगी तो कहने लगा कि घर चलो, वही पर शादी कर लेगें। 26 मई को दोनों घर आये। घर आने के बाद वह शादी करने से इंकार कर गया। पुलिस ने आरोपित को पूछताछ के लिए थाना पर बुलाया। वहां पूछताछ के बाद उसे हिरासत में ले लिया।

# एनएच एवं एसएच पर वाहनों का पड़ाव रहेगा वर्जित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिला प्रशासन द्वारा राष्ट्रीय राजमार्गों एवं राज्य राजमार्गों पर वाहनों के अवैध पड़ाव पर पूर्ण रोक लगाने तथा सड़क सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने हेतु महत्वपूर्ण संयुक्त आदेश जारी किया गया है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश तथा मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार सरकार के निर्देशों के आलोक में उक्त आदेश जारी किया गया है। जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री एवं पुलिस अधीक्षक श्री मनीष द्वारा जारी इस आदेश के तहत जिले से गुजरने वाले राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर किसी भी प्रकार के व्यावसायिक एवं भारी वाहनों के अनाधिकृत पड़ाव को प्रतिबंधित कर दिया गया है। ऐसे सभी वाहनों का पड़ाव केवल निर्धारित एवं चिन्हित ले-बाय स्थलों पर ही सुनिश्चित किया जाएगा। सड़कों के किनारे अवैध पार्किंग के कारण उत्पन्न सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम, सुचारू यातायात व्यवस्था तथा हाईवे सुरक्षा मानकों के प्रभावी अनुपालन के लिए जिले के एन.एच. एवं एस.एच. मार्गों को पांच संवेदनशील क्षेत्रों में विभाजित करते हुए प्रशासनिक पदाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। प्रतिनियुक्त क्षेत्रों में एनएच-31 पर जीरो माईल से सिमरिया तक, जीरो माईल से बेगूसराय रेलवे स्टेशन तक तथा रेलवे स्टेशन से हीरा टोल मोड़ तक के खंड, एनएच-122 पर जीरो माईल से बछवाड़ा टोल तक तथा एसएच-55 पर रेलवे स्टेशन से सागी (भाया मंझौल) तक के मार्ग शामिल हैं। इन सभी क्षेत्रों में संबंधित अनुमंडल पदाधिकारियों, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों तथा प्रवर्तन दलों को समन्वित कार्रवाई सुनिश्चित करने का दायित्व सौंपा गया है। राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों के किनारे अवैध रूप से खड़े वाहनों के विरुद्ध नियमित जांच अभियान चलाया जाएगा तथा शमन की कार्रवाई की जाएगी। इस अभियान के सफल एवं समन्वित संचालन हेतु जिला परिवहन पदाधिकारी राजीव कुमार एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (यातायात) रंजीत कुमार को संयुक्त रूप से नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है। वहीं, मोटरयान निरीक्षक अंजली सिन्हा को सभी प्रवर्तन अवर निरीक्षकों से प्रतिदिन प्रतिवेदन संकलित कर जिला परिवहन पदाधिकारी को उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी दी गई है ताकि समेकित प्रतिवेदन परिवहन विभाग, बिहार सरकार को प्रेषित किया जा सके।जिला प्रशासन द्वारा नगर आयुक्त, सभी अनुमंडल पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों एवं नगर निकायों के कार्यपालक पदाधिकारियों को एनएचएआई के समन्वय से अपने-अपने क्षेत्रों में व्यापक अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। साथ ही पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) को नियमित गश्ती एवं जीपीएस आधारित साक्ष्यों के साथ प्रभावी दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया है। यह आदेश तत्काल प्रभाव से संपूर्ण जिले में लागू कर दिया गया है। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों एवं वाहन चालकों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने तथा निर्धारित स्थलों पर ही वाहनों का पड़ाव सुनिश्चित करने की अपील की है।

# जनता दरबार में आए कई मामले

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंचल के विभिन्न राजस्व ग्रामों में उत्पन्न भूमि विवाद निपटारे के लिए अंचल कार्यालय में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इसमें पुराने लंबित भूमि विवाद के नौ मामले की सुनवाई की गयी। जिसमें आज एक भी मामला का निपटारा नहीं हो सका। सुनवाई के दौरान दो नये मामले रैयती भूमि विवाद का आवेदन आया। डफरपुर पंचायत के वार्ड 5 से बिंदेश्वरी तांती बनाम ललन महतो एवं दूसरा मामला चक मुजफ्फर गांव के वार्ड संख्या 13 से रामविलास तांती बनाम प्रकाश तांती एवं सोनू तांती के बीच रैयत्ती भूमि विवाद के मामला का आवेदन आया। जिस पर सुनवाई करते हुए अंचलाधिकारी ने दोनों आवेदकों को अगले तारीख में आने का नोटिस जारी किया है। निष्पादन हेतु कुल 11 भूमि विवाद के मामले लंबित है।

# पॉस्को एक्ट का अभियुक्त गिरफ्तार

**वीरपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाना क्षेत्र से पुलिस ने शनिवार को फरार चल रहे वारंटी को गिरफ्तारी को लेकर जगह जगह छापेमारी कर थाना कांड संख्या 128/22 पॉस्को के प्राथमिकी अभियुक्त को तेघड़ा थाना क्षेत्र के मधुरापुर वार्ड संख्या 8 से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। जानकारी देते हुए वीरपुर थानाध्यक्ष राजू रंजन ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति का पहचान बुलबुल सिंह के पुत्र शिवा कुमार के रूप में की गई है। जिसके खिलाफ न्यायालय से वारंट जारी किया गया था।

# लक्ष्य के अनुरूप कार्य योजना पर समर्पित भाव से अमल जरूरी : भवेश



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** जगजीवन राम संसदीय शोध संस्थान में 'छू लो आसमान फाउंडेशन द्वारा आयोजित 'श्रेष्ठ प्रतिभा सम्मान समारोह' में बिहार के विभिन्न जिलों से आए सैकड़ों प्रतिभाशाली विद्यार्थियों, कलाकारों एवं समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया गया। 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षाओं के टॉपर्स को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इसके साथ ही खेल, संगीत, नृत्य, पत्रकारिता, निःशुल्क शिक्षा, समाजसेवा तथा पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले प्रतिभागियों को भी सम्मान प्रदान किया गया। मुख्य अतिथि पद्मश्री भरत सिंह भारती ने कहा कि ऐसे सम्मान समारोह समाज में सकारात्मक कार्य करने वाले लोगों को नई ऊर्ज़ा और प्रेरणा प्रदान करते हैं। उन्होंने इस पहल के लिए छू लो आसमान संस्था की सराहना करते हुए आयोजकों को धन्यवाद दिया। पद्मश्री डॉ भीम सिंह भवेश ने अपने संबोधन में कहा कि सम्मानित विद्यार्थी, कलाकार और सामाजिक कार्यकर्ता विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने युवाओं से अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्टता हासिल करने का आह्वान किया। डॉ. भवेश ने कहा कि जेनजी के युवा-युवती अपने मनोनुकूल लक्ष्य तयकर उसके अनुरूप योजना बनाएं। सफलता अवश्य मिलेगी। संस्था के संस्थापक 'चेत प्रकाश' ने स्वागत भाषण में संस्था के उद्देश्यों, सामाजिक गतिविधियों तथा आगामी कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. अशोक कुमार अंशुमान, गोपाल कुमार, भीम कुमार, जय कुमार झा, डॉ. श्वेता शांडिल्य, डॉ. स्वाति तथा 'डॉ. एमएस. अहमद सहित अनेक गणमान्य अतिथियों ने अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का सफल संचालन ज्योत प्रकाश ने किया। आयोजन को सफल बनाने में सुमित कुमार, गौरव कुमार, विमलेंदु सिंह, प्रीतम शर्मा, रंगनाथ, मुरली, आशुतोष और अंकित' सहित पूरी आयोजन समिति की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# हिन्दी पत्रकारिता दिवस पर संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दरभंगा।** ललित नारायण मिथिला विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालय हिन्दी विभाग के तत्वावधान में 'समाज, राष्ट्र और साहित्य के उन्नयन में हिन्दी पत्रकारिता की भूमिका' विषय पर संगोष्ठी एवं सम्मान समारोह का आयोजन विभागाध्यक्ष प्रो उमेश कुमार की अध्यक्षता की गई। इस अवसर पर हिन्दी के विद्वान एवं विश्वविद्यालय के सिंडिकेट सदस्य प्रो हरि नारायण सिंह का विभाग की ओर से पाग, चादर, मोमेंटो आदि से सम्मान किया गया। अध्यक्षीय उद्‌बोधन में प्रो उमेश कुमार ने कहा कि आज आज के दिन 30 मई,1826 में 'उदंड मार्तंड' के पहली बार बंगाल से हिन्दी भाषा में प्रकाशन के साथ ही हिन्दी



पत्रकारिता प्रारंभ हुई थी जो कई उतार-चढ़ाव के बावजूद अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। मुख्य अतिथि प्रो हरिनारायण सिंह ने अपने वक्तव्य में भाषा को पढ़ने और लिखने के लिए छात्रों को प्रोत्साहित करते कहा कि पत्रकारिता का इतिहास काफी लंबा रहा है। वक्ता डॉ सुरेन्द्र प्रसाद सुमन ने अपने व्यक्तव्य में पत्रकारिता का महत्व समाज, साहित्य एवं राष्ट्र के निर्माण के लिए अति आवश्यक बताया। विश्वविद्यालय के जनसंपर्क पदाधिकारी डॉ आर एन चौरसिया ने कहा कि पत्रकारिता समाज का दर्पण एवं प्रहरी है जो सिर्फ पेशा नहीं, बल्कि पैशन भी है। डॉ सियाराम मुखिया ने पत्रकारिता को स्वतंत्रता आंदोलन से जोड़कर यह स्पष्ट किया कि इसका आम जन को जगाने में काफी भूमिका रही है। कहा कि यह लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है, जिसका क्षेत्र अति विस्तृत एवं इतिहास 200 वर्षों का है। पत्रकार पंकज कुमार झा ने कहा कि जब प्रशासन आम लोगों की नहीं सुनता है तो पत्रकारिता उनकी आवाज बनकर समस्याओं का निदान करवाती है। संगोष्ठी में विश्वविद्यालय हिन्दी विभाग के पत्रकारिता एवं जनसंचार के छात्र, शोध छात्र एवं स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं में शोधार्थी- जयप्रकाश कुमार, अंशु कुमारी, शिवानी कुमारी, पत्रकारिता के छात्र धीरज सिंह, नीरज कुमार, आशीष अंबर, डॉ धनराज कुमार, प्रिंस कुमार, सचिन कुमार यादव, दीपक कुमार, पंकज कुमार ठाकुर, दर्शन सुधाकर, प्रहलाद कुमार, डॉ लाल कुमार आदि ने विचार रखे। संचालन शोधार्थी जयप्रकाश कुमार ने किया।

# बाल श्रम निषेध पर भव्य वाद-विवाद प्रतियोगिता आयोजित

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** उत्क्रमित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, रजाकपुर परिसर में 'बाल श्रम निषेध' विषय पर एक दिवसीय भव्य वाद-विवाद प्रतियोगिता का सफल आयोजन शनिवार को किया गया। इस प्रतियोगिता में कक्षा 10वीं से लेकर कक्षा 12वीं तक के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और देश की इस गंभीर सामाजिक समस्या पर अपने तीखे व तार्किक विचार साझा किए गए। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रधानाध्यापक अरुण कुमार एवं वरिष्ठ शिक्षकों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन के साथ हुई। मंच को संबोधित करते हुए प्रधानाध्यापक ने कहा कि बाल श्रम समाज के माथे पर एक ऐसा कलंक है जो मासूमों के बचपन और उनके सुनहरे भविष्य को निगल जाता है। उन्होंने इस पर जोर देकर कहा कि हर बच्चे के हाथ में कलम और किताब होनी चाहिए, न कि काम का बोझ।शिक्षा के माध्यम से ही इस कुप्रथा को जड़ से मिटाया जा सकता है। प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण छात्र-छात्राओं के बीच वैचारिक मुकाबला ही रह। जिसका सफल संचालन पृथ्वी राज रौशन और राजकुमार झा के कुशल मार्गदर्शन में किया गया। कक्षा 11वीं और 12वीं के छात्र-छात्राओं ने कहा कि कानूनन बाल श्रम पूरी तरह प्रतिबंधित होना चाहिए।

# विद्यालयों में शिक्षक-अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड के सभी प्राथमिक एवं मध्य विद्यालयों में शनिवार को शिक्षक अभिभावक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसकी अध्यक्षता संबंधित विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने किया। उत्क्रमित मध्य विद्यालय चक्का में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाध्यापक शंभू महतो ने कहा की हर एक बच्चा श्रेष्ठ बच्चा थीम के तहत बच्चों के शैक्षणिक विकास, शिक्षक और अभिभावक के बीच आत्मविश्वास को मजबूत करने आज की जरूरत पर बल दिया ताकि बच्चों को घर पर सीखने के अनुकूल वातावरण को अभिभावक तैयार करे। जिसमें बच्चों को सीखने की गतिविधि में सहायक सिद्ध हो सके। इसके तहत बैठक में अभिभावकों से बच्चों को नियमित शैक्षणिक कार्यों का मूल्यांकन करने एवं उपलब्ध संसाधनों से बच्चों के सीखने के गति को तेज कराने का अपील किया। बच्चों की शैक्षणिक प्रगति, स्वास्थ्य पोषण और व्यक्तिगत स्वच्छता पर भी विस्तार से चर्चा की गयी। पठन-पाठन, पुस्तक के उपलब्धता त्रैमासिक मूल्यांकन में बच्चों की प्रगति सहित विद्यालय के आंतरिक व्यवस्था पेयजल एवं गृह कार्य आदि पर भी चर्चा की गयी। इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाध्यापक मनटुन महतो, प्रिया, संजीत कुमार महतो, रणधीर कुमार, नंदकिशोर पंडित, इंदू कुमारी, कन्हैया कुमार, अशोक शर्मा, विभाकर कुमार, राजेश कुमार, योगेंद्र चौधरी, अभिभावक लाल किशोर पासवान, राम उदय साह, शिव कुमार, सुलेखा देवी, सीमा देवी, मनोज सिंह, निर्मला देवी आदि मौजूद थे।

# संभावित बाढ़ एवं सूखे की तैयारी को लेकर बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**आरा।** मंत्री, श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण, युवा रोजगार एवं कौशल विकास सह प्रभारी मंत्री, भोजपुर अरुण शंकर प्रसाद की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार, आरा में जिला अनुश्रवण सह निगरानी समिति एवं संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ की तैयारी के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। इसके उपरांत संभावित बाढ़ एवं सुखाड़ की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई तथा आपदा की स्थिति में त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी भोजपुर श्री तनय सुल्तानिया ने संभावित बाढ़, सुखाड़ एवं लू की स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान कर आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है तथा राहत एवं बचाव कार्यों, स्वास्थ्य सेवाओं, पेयजल व्यवस्था, तटबंधों की निगरानी, कृषि संबंधी आकस्मिक योजनाओं एवं आपातकालीन प्रतिक्रिया तंत्र




को सुदृढ़ किया गया है। साथ ही विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित कर निरंतर निगरानी की व्यवस्था की गई है। जिला पदाधिकारी ने बताया कि बाढ़ एवं सुखाड़ दोनों संभावित परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए नियंत्रण कक्षों को सक्रिय रखा गया है तथा आमजन को समय पर सूचना उपलब्ध कराने, संवेदनशील आबादी पर विशेष निगरानी रखने एवं राहत-बचाव कार्यों के लिए आवश्यक मानव संसाधन एवं उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। इसके उपरांत जिला अनुश्रवण सह निगरानी समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें जिला पदाधिकारी द्वारा विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं कार्यक्रमों की अद्यतन प्रगति से प्रभारी मंत्री एवं समिति के सदस्यों को अवगत कराया गया। उन्होंने सहयोग पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों के निष्पादन, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना, कुशल युवा कार्यक्रम, महिला उच्च शिक्षा प्रोत्साहन योजनाओं, आयुष्मान भारत, हर घर नल का जल, सिंचाई योजनाओं, कृषि फीडर निर्माण, पंचायत सरकार भवन, खेल मैदान निर्माण, मनरेगा, जीविका, प्रधानमंत्री आवास योजना, राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम तथा सामाजिक सुरक्षा पेंशन सहित विभिन्न जनकल्याणकारी एवं विकासात्मक योजनाओं की प्रगति की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की।

# विद्यालयों में सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम में स्वच्छता की दी गई जानकारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड के सभी प्राथमिक, मध्य एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा हेतु सुरक्षित शनिवार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों एवं किशोर, किशोरियों के व्यक्तिगत स्वच्छता, माहवारी स्वच्छता, घर परिवेश की स्वच्छता, शौचालय, पानी, रसोईघर की स्वच्छता के बारे में जानकारी दी गयी। लड़कियों के माहवारी के दौरान की स्वच्छता, दांतों की सफाई, हाथ, नाखूनों की स्वच्छता, हाथ धुलाई के फायदे, खुले में शौच के खतरे तथा मल का सुरक्षित निपटान के संदर्भ में जानकारी दी गयी। फोकल शिक्षक शुभम कुमार, आलोक कुमार आदि ने बताया की हाथ धुलाई खाना खाने से पहले और खाने के बाद शौच से आने के बाद, भोजन बनाने से पूर्व और बाद हाथ को साबुन से धोना चाहिए। अधिकांश लोग हाथ नहीं धोते हैं, जिसके कारण बच्चों में निमोनिया, सर्दी, खांसी, जुकाम, बुखार, कोरोना जैसी संक्रामक बीमारी होने का खतरा बना रहता है। खुले में शौच करने से हमारे वातावरण में खतरनाक विषाणु फैल जाते हैं। यह आसपास के वातावरण को दूषित करते हुए कई संक्रामक बीमारियों को जन्म देती है। सरकार ने संपूर्ण देश में अभियान चलाकर लोगों को खुले में शौच से होने वाले खतरे से अवगत कराया। लोगों को सुरक्षित तरीके से शौचालय का उपयोग करने की जरूरत पर बल दिया। बच्चों के इधर-उधर मल त्याग तथा खुले में शौच के बाद यत्र तत्र मल को नहीं फेंकना चाहिए। इस पर बैठने वाली मक्खी से फैलने वाले कई संक्रामक बीमारी की जानकारी दी। कचरा प्रबंधन के तहत गीले कचरे और सूखे कचरे के निपटान एवं डस्टबीन उपयोग पर भी जोर दिया।मौके पर फोकल शिक्षक कन्हैया कुमार, सरोज महतो, संजीत महतो, ललन पासवान, रंधीर कुमार, शंभू महतो, राजेश कुमार, योगेंद्र चौधरी, अशोक शर्मा सहित अन्य प्रधानाध्यापक, सहायक शिक्षक, बाल संसद के सदस्य, बाल प्रेरक, मीना मंच के सदस्य आदि मौजूद थे।

# जन कल्याणकारी योजनाओं को आमलोगों तक पहुंचाएं : रमा निषाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** बिहार सरकार के पिछड़ा एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री तथा जिले की प्रभारी मंत्री रमा निषाद ने केंद्र और राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं को तेजी से लागू करने एवं इसमें किसी भी प्रकार की शिथिलता नहीं बरतने का निर्देश दिया है। समाहरणालय स्थित योजना भवन के सभाकक्ष में शनिवार को जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति की बैठक में प्रभारी मंत्री रमा निषाद ने यह निर्देश दिया। बैठक में शिक्षा, स्वास्थ्य, राजस्व, आवास, बिजली, पानी, आपूर्ति, कृषि सहित अन्य मुद्दे छाये रहे। बैठक के दौरान विधायकों और कार्यान्वयन समिति के सदस्यों ने कई विभागों खासकर तकनीकी विभागों पर योजनाओं के कार्यान्वयन में लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। बैठक में विधान परिषद सदस्य दिलीप कुमार सिंह, रफीगंज विधायक प्रमोद कुमार सिंह, सदर विधायक त्रिविक्रम नारायण सिंह, विधायक ललन राम, प्रकाश चंद्र, अमरेन्द्र कुशवाहा, जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा, पुलिस अधीक्षक अम्बरीष राहुल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। प्रभारी मंत्री ने बिहार एवं केंद्र सरकार द्वारा संयुक्त व अलग-अलग रूप से संचालित की जा रही तमाम महत्वाकांक्षी योजनाओं की वर्तमान भौतिक और वित्तीय स्थिति को देखा। उन्होंने अधिकारियों को सख्त लहजे में हिदायत दी कि कार्य निष्पादन में किसी भी स्तर पर लेटलतीफी या लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रभारी मंत्री ने जनहित के कार्यों में शिथिलता बरतने वाले विभागों को कड़ी फटकार लगाई और कार्यप्रणाली में सुधार लाने की चेतावनी दी। इस दौरान उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह द्वारा पावर प्वाइंट प्रस्तुतिकरण के माध्यम से विभिन्न विभागों की उपलब्धियों एवं योजनाओं की अद्यतन प्रगति से प्रभारी मंत्री को अवगत कराया गया। प्रस्तुतिकरण के दौरान विभिन्न विभागों की उपलब्धियों एवं योजनाओं की प्रगति की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रभारी मंत्री ने शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार, छात्र उपस्थिति बढ़ाने तथा सभी योजनाओं का लाभ समय पर विद्यार्थियों तक पहुंचाने का निर्देश दिया। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की समीक्षा के दौरान दाखिल-खारिज मामलों की प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रभारी मंत्री ने सभी अंचल अधिकारियों को निर्देश दिया कि दाखिल-खारिज, परिमार्जन एवं अन्य राजस्व संबंधी मामलों का समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए तथा आम नागरिकों को राजस्व सेवाओं का लाभ पारदर्शी एवं सुगम तरीके से उपलब्ध कराया जाए। बैठक में उपस्थित जिला कार्यक्रम कार्यान्वयन समिति के सदस्यों एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों की समस्याओं एवं जनहित से जुड़े विषयों को प्रभारी मंत्री के समक्ष रखा गया। प्रभारी मंत्री ने संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री ने सभी विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभुकों तक समयबद्ध, पारदर्शी एवं निष्पक्ष तरीके से पहुंचाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि सभी लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

# संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अंबा थाना क्षेत्र के रामपुर गांव में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत का हो गयी। मृतका की पहचान उस गांव निवासी रंजन यादव की 20 वर्षीय पत्नी काजल कुमारी के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार काजल की शादी करीब तीन वर्ष पूर्व रंजन यादव के साथ हुई थी। शनिवार सुबह मृतका के मायके वालों को उसके देवर पंकज द्वारा सूचना दी गई कि काजल ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। सूचना मिलने पर मदनपुर थाना क्षेत्र के कुशहा गांव निवासी उसके पिता रमेश यादव एवं अन्य परिजन रामपुर पहुंचे। वहां पहुंचने पर उन्होंने देखा कि काजल का शव घर के आंगन में पड़ा हुआ था। मृतका के परिजनों ने आरोप लगाया कि शादी के बाद से ही काजल को ससुराल में प्रताड़ित किया जाता था और इसी कारण उसने आत्महत्या जैसा कदम उठाया। वहीं ससुराल पक्ष ने इन आरोपों को खारिज करते हुए बताया कि लहंगा खरीदने को लेकर पति-पत्नी के बीच विवाद हुआ था। इसके बाद काजल ने कमरे का दरवाजा अंदर से बंद कर फांसी लगा ली। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी है। इस दौरान मायके और ससुराल पक्ष के बीच काफी देर तक बातचीत और समझौते का प्रयास चलता रहा। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और रिश्तेदारों के हस्तक्षेप के बाद दोनों पक्ष पोस्टमार्टम कराने पर सहमत हुए। इसके बाद पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए औरंगाबाद सदर अस्पताल भेज दिया। हालांकि सदर अस्पताल पहुंचने के बाद दोनों पक्षों के बीच फिर विवाद उत्पन्न हो गया। मायके वालों ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए मृतका के पुत्र सूर्या के भविष्य को सुरक्षित करने की मांग रखी। उन्होंने बच्चे के नाम पर कुछ राशि जमा कराने तथा जमीन की रजिस्ट्री करने की शर्त रखी। बताया जाता है कि ससुराल पक्ष द्वारा इन मांगों पर सहमति जताने के बाद पोस्टमार्टम की प्रक्रिया आगे बढ़ सकी। थानाध्यक्ष राहुल राज ने बताया कि मामले में यूडी केस दर्ज किया गया है। प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है, लेकिन मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही हो सकेगा। उन्होंने बताया कि घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल टीम को भी बुलाया गया है। जांच पूरी होने के बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# विशेष अभियान के तहत 39 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में शुक्रवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई कार्रवाई में कुल 39 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 26 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार नक्सल के शीर्ष में चार, आर्म्स एक्ट में दो, पाक्सो एक्ट में एक, हत्या के प्रयास में दो, मद्य निषेध अधिनियम के तहत आठ तथा अन्य मामलों में 22 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 36 लीटर देसी शराब, 2 देसी कट्टा, एक थर्नेट, एक मास्केट बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1087 वाहनों की जांच की गई जिसमें 4000 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। 24 वारंटों एवं 4 कुर्की का निष्पादन किया गया है। इसके अलावा साइबर थाना की पुलिस द्वारा 57 हजार रूपये रिकवर किया गया है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# हिन्दी पत्रकारिता से आजादी की लड़ाई को मिली थी मजबूती : कमल किशोर

## हिन्दी पत्रकारिता के दो सौ वर्ष पूरे होने पर पत्रकारों को किया सम्मानित

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** हिन्दी पत्रकारिता के गौरवपूर्ण 200 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर नवबिहार टाइम्स की ओर से शनिवार को यहां सत्येन्द्र नगर में हिन्दी पत्रकारिता दिवस-2026 का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन नवबिहार टाइम्स के सम्पादक कमल किशोर, भूपेन्द्र नारायण सिंह, अजय श्रीवास्तव, संजय सिन्हा, कौस्तुभ किशोर ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर कमल किशोर ने कहा कि हिन्दी पत्रकारिता ने देश की आजादी की लड़ाई को तेज करने और लोगों में राष्ट्र प्रेम जागृत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान हिन्दी समाचार पत्रों ने ब्रिटिश शासन की नीतियों के खिलाफ जनमत तैयार किया और राष्ट्रवाद की भावना को मजबूत करने का कार्य किया। उन्होंने कहा कि हिन्दी पत्रकारिता केवल समाचारों का माध्यम नहीं रही बल्कि सामाजिक परिवर्तन और जनजागरण की सशक्त धारा भी रही है। श्री किशोर ने कहा कि यह सम्मान हिन्दी पत्रकारिता की 200 वर्षों की गौरवशाली परंपरा को नमन करने के उद्देश्य से प्रदान किया गया है। साथ ही यह पहल पत्रकारिता के मूल्यों को प्रोत्साहित करने और नई पीढ़ी के पत्रकारों को प्रेरित करने की दिशा में एक प्रयास है। कार्यक्रम में औरंगाबाद, पटना,




रोहतास, गया, कैमूर, अरवल, जहानाबाद, धनबाद तथा मेदिनीनगर सहित विभिन्न जिलों और अनुमंडलों से आए पत्रकारों ने भाग लिया। इस अवसर पर पत्रकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले सभी जिला प्रमुख, अनुमंडल एवं प्रखंड संवाददाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह के दौरान हिन्दी पत्रकारिता के इतिहास, उसके संघर्ष, योगदान तथा वर्तमान चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा की गई। समारोह में हिन्दी पत्रकारिता से जुड़े अनेक वरिष्ठ पत्रकारों और साहित्यकारों के योगदान को भी याद किया गया। वक्ताओं ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ के रूप में पत्रकारिता की भूमिका आज भी उतनी ही महत्वपूर्ण है जितनी स्वतंत्रता आंदोलन के समय थी। वरीय पत्रकार प्रेमेन्द मिश्र ने कहा कि निष्पक्ष, निर्भीक और जनपक्षधर पत्रकारिता ही समाज को सही दिशा प्रदान कर सकती है। इस अवसर पर सम्मानित पत्रकारों ने नवबिहार टाइम्स परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार का सम्मान पत्रकारों को और अधिक जिम्मेदारी तथा समर्पण के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करता है। मौके पर मुकेश कुमार सिंह, मदन श्रीवास्तव, अटल बिहारी सिंह, अजय वर्मा, राधाकांत देव, पूर्णानंद उपाध्याय, अनिल कुमार, सूरज कुमार, रंजन कुमार, मदन कुमार, शशि तुलस्यान, जितेंद्र कुमार, संदीप कुमार, प्रेम कुमार, डीके यादव, चंदन मिश्र, रंजीत कुमार, अशोक कुमार, अनिल कुमार गिरी, भरत ठाकुर, मिथिलेश कुमार, चितरंजन कुमार, धीरज सिन्हा, ओम प्रकाश शर्मा, राकेश वर्मा आदि पत्रकार मौजूद रहे।

# पीड़ितों को न्याय दिलाना पुलिस की जिम्मेदारी : एसपी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** पुलिस अधीक्षक अंबरीश राहुल द्वारा शनिवार को अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आगंतुकों ने अपनी-अपनी समस्याएं और शिकायतें रखीं। जनता दरबार में पहुंचे फरियादियों ने जमीन विवाद, आपसी मारपीट, साइबर ठगी, पुलिस कार्रवाई में विलंब समेत कई प्रकार की समस्याओं से पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक ने सभी आवेदकों की शिकायतों को गंभीरता से सुना और हर मामले में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का भरोसा दिलाया। मौके पर मौजूद संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे प्राप्त शिकायतों की जांच कर जल्द निबटारा करें। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आम जनता की समस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। साथ ही, पीड़ितों को न्याय दिलाना पुलिस की प्राथमिक जिम्मेदारी है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि जनता दरबार का उद्देश्य आम लोगों को उनकी समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए एक सुलभ मंच प्रदान करना है, ताकि उन्हें थाने या अन्य कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे किसी भी समस्या के लिए सीधे जनता दरबार में आकर अपनी बात रखें।

# 17 साल पुराने नक्सल कांड का फरार वारंटी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** औरंगाबाद पुलिस को नक्सल मामलों में महत्वपूर्ण सफलता हाथ लगी है। पौथू थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बीती रात्रि कार्रवाई करते हुए लंबे समय से फरार चल रहे नक्सली कांड के इश्तेहार एवं एनबीडब्ल्यू (गैर जमानती वारंट) आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपित की पहचान मिसिर बिगहा निवासी संजीत मिश्रा उर्फ फौजी के रूप में हुई है। वह गुरुआ थाना कांड संख्या 58/2009 एवं गुरारू थाना कांड संख्या 48/2009 में आरोपित था और कई वर्षों से फरार चल रहा था। पौथू थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि गया के अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश के यायालय द्वारा जारी इश्तेहार और गैर जमानती वारंट के आधार पर पुलिस ने बीती रात विशेष छापेमारी अभियान चलाकर आरोपित को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तारी के बाद आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी कर उसे न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर दिया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में कानून व्यवस्था को लेकर लोगों में विश्वास बढ़ा है। अधिकारियों ने कहा कि फरार अपराधियों और वारंटियों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा। पुलिस ने संदेश दिया है कि कानून से बचना संभव नहीं, देर हो सकती है लेकिन कार्रवाई जरूर होती है।

# हत्याकांड में फरार अभियुक्तों के घर पर चिपकाया इश्तेहार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**दाउदनगर।** राजद नेता कुंदन यादव हत्याकांड में फरार दो अभियुक्तों के घर पर दाउदनगर पुलिस ने कोर्ट के निर्देश पर इश्तेहार चिपकाया है। पुलिस ने घर में मौजूद लोगों को चेतावनी दी कि समय सीमा के अंदर आरोपियों ने आत्मसमर्पण नहीं किया तो पुलिस घर की कुर्की करेगी। यह कार्रवाई थानाध्यक्ष विकास कुमार के नेतृत्व में थाना क्षेत्र के केसराढ़ी गांव निवासी सुरेंद्र सिंह एवं गौतम कुमार उर्फ छोटू के घर पर की गई। थानाध्यक्ष ने बताया कि न्यायालय के निर्देश पर फरार अभियुक्तों के घर इश्तेहार चिपकाया गया है। कांड के दो अभियुक्तों को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। वहीं



हत्याकांड में शामिल ये दोनों अभियुक्त कई दिनों से फरार चल रहे है। ऐसे में उसकी गिरफ्तारी के लिए घर पर इश्तेहार चिपकाया गया है। इसके बावजूद आत्मसमर्पण नहीं किया गया तो उनके घर की कुर्की जब्ती की जाएगी। उन्होंने कहा कि अभियुक्त द्वारा आत्मसमर्पण नहीं किये जाने पर उनके घर की कुर्की जब्ती की जाएगी। इस दरम्यान पुलिस ने ढोल बजाकर आसपास के लोगों को इकट्ठा किया और इश्तेहार पढ़कर सुनाया। बाद में इश्तेहार को अभियुक्त के घर चिपका दिया।

# पशुपालकों को उपलब्ध कराएं बेहतर सुविधाएं : डीएम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के पशुपालकों को बेहतर एवं त्वरित पशु चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा के निर्देशानुसार जिला पशुपालन कार्यालय द्वारा जिले में कार्यरत विभाग के पदाधिकारियों एवं पशु चिकित्सकों की सूची जारी की गई है। जिला प्रशासन की इस पहल का उद्देश्य पशुपालकों को पशुओं के स्वास्थ्य परीक्षण, उपचार, टीकाकरण, रोग नियंत्रण, आपातकालीन चिकित्सा सहायता तथा अन्य पशुपालन संबंधी सेवाओं के लिए संबंधित चिकित्सकों एवं पदाधिकारियों से सीधे संपर्क स्थापित करने में सुविधा प्रदान करना है। जारी सूची में जिला स्तर से लेकर प्रखंड एवं पंचायत स्तर तक कार्यरत पशुपालन विभाग के पदाधिकारियों एवं पशु चिकित्सकों के नाम एवं मोबाइल नंबर शामिल किए गए हैं। जिलाधिकारी अभिलाषा शर्मा ने निर्देश दिया है कि सभी पशु चिकित्सक एवं संबंधित पदाधिकारी अपने-अपने कार्यक्षेत्र में पशुपालकों को समय पर गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि पशुओं में किसी प्रकार की बीमारी, संक्रमण अथवा अन्य स्वास्थ्य संबंधी समस्या की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जाए तथा पशुपालकों को हर संभव तकनीकी एवं चिकित्सीय सहायता प्रदान की जाए। जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ. श्याम किशोर ने बताया कि जिला पशुपालन कार्यालय सहित जिले के सभी पशु चिकित्सालयों में चिकित्सकों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। उन्होंने कहा कि पशुपालक आवश्यकता पड़ने पर अपने निकटतम पशु चिकित्सालय अथवा संबंधित पशु चिकित्सक से सीधे संपर्क कर सकते हैं। इससे पशुओं के उपचार एवं स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच अधिक सुलभ, प्रभावी एवं पारदर्शी होगी। जिला प्रशासन ने सभी पशुपालकों से अपील की है कि वे पशुओं में किसी भी प्रकार के रोग के लक्षण दिखाई देने पर विलंब न करें तथा तत्काल संबंधित पशु चिकित्सक से संपर्क कर आवश्यक उपचार कराएं।

# सात साल की लड़ाई के बाद उपभोक्ता फोरम ने दिलाया 6.41 लाख का चेक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग, औरंगाबाद ने एक महत्वपूर्ण फैसले में निवेशकों को राहत प्रदान करते हुए देव थाना क्षेत्र के खेमचंद बिगहा निवासी रविशंकर कुमार एवं उनकी पत्नी को 6 लाख 41 हजार रुपये का चेक सौंपा। यह राशि वेलफ़ेयर कंपनी में जमा किए गए 10 लाख 45 हजार रुपये की वापसी की पहली किश्त है। जानकारी के अनुसार रविशंकर कुमार और उनकी पत्नी ने वर्ष 2016 में बेहतर रिटर्न के लालच में वेलफ़ेयर कंपनी की निवेश योजना में कुल 10 लाख 45 हजार रुपये जमा किए थे। कंपनी द्वारा निवेश की परिपक्वता अवधि वर्ष 2023 निर्धारित की गई थी। अवधि पूरी होने के बाद जब दंपती ने अपनी जमा राशि की मांग की तो कंपनी ने भुगतान करने से इनकार कर दिया। कई बार कंपनी के कार्यालयों का चक्कर लगाने, पत्राचार करने और कानूनी नोटिस भेजने के बावजूद जब कोई समाधान नहीं निकला तो पीड़ित दंपति ने जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग की शरण ली। मामले की विस्तृत सुनवाई के बाद आयोग ने कंपनी के व्यवहार को सेवा में कमी एवं अनुचित व्यापारिक आचरण माना तथा पीड़ित के पक्ष में फैसला सुनाया।

# माहवारी स्वच्छता पर छात्राओं को किया जागरूक

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** सदर प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय देवरिया-1 में विश्व माहवारी स्वच्छता दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किशोरियों एवं छात्राओं को माहवारी के दौरान स्वच्छता, स्वास्थ्य एवं पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान करना था। कार्यक्रम में विद्यालय की शिक्षिका हेमलता कुमारी, कुमारी उषा सिन्हा, अनु कुमारी एवं बिंदा कुमारी ने छात्राओं को माहवारी के प्रति सकारात्मक सोच अपनाने तथा इससे जुड़े मिथकों और भ्रांतियों को दूर करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि माहवारी एक प्राकृतिक सामान्य प्रक्रिया है जिसके दौरान स्वच्छता का विशेष ध्यान रखना आवश्यक है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी अम्पी कुमारी, अंजुम आरा एवं ममता देवी ने छात्राओं को सैनिटरी पैड के सुरक्षित उपयोग, नियमित बदलाव, हाथों की स्वच्छता तथा संतुलित आहार के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी।






# स्वास्थ्य व समाज पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है तंबाकू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** विश्व तंबाकू निषेध दिवस के अवसर पर जिले में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सदर अस्पताल से लेकर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर तथा स्वास्थ्य उपकेंद्रों तक जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसका उद्देश्य लोगों को तंबाकू सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करना तथा नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए प्रेरित करना है। सदर अस्पताल में आयोजित मुख्य कार्यक्रम में चिकित्सकों, स्वास्थ्यकर्मियों, आशा कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों ने भाग लिया। इस अवसर पर जिला संचारी रोग पदाधिकारी डॉ. रवि रंजन द्वारा तंबाकू सेवन से होने वाले कैंसर, हृदय रोग, फ़ेफड़ों की बीमारियों तथा अन्य गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी तथा उपस्थित लोगों को तंबाकू और धूम्रपान से दूर रहने की शपथ भी दिलाई गई। विदित हो कि प्रतिवर्ष 31




मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस का आयोजन किया जाता है। राज्य स्वास्थ्य समिति से प्राप्त निर्देश के आलोक में जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, हेल्थ एंड वेलनेस सेंटरों एवं स्वास्थ्य उपकेंद्रों पर जागरूकता गोष्ठियों, रैलियों, शपथ ग्रहण कार्यक्रमों तथा परामर्श सत्रों का आयोजन किया जाना है। 31 दिसंबर को अवकाश (रविवार) होने के कारण पूर्व तिथि एवं बाद में कार्यक्रमों का आयोजन होना है। इस क्रम में ओबरा प्रखंड के गैनी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में आज स्वास्थ्यकर्मियों ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में लोगों को तंबाकू उत्पादों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में बताया तथा तंबाकू छोड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालयों एवं समुदाय स्तर पर भी जागरूकता गतिविधियां आयोजित की गईं। युवाओं एवं किशोरों को विशेष रूप से तंबाकू की लत से बचने तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। सिविल सर्जन डॉ. कृष्ण कुमार ने कहा कि तंबाकू सेवन न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाता है बल्कि परिवार एवं समाज पर भी इसका प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। उन्होंने आमजनों से अपील की कि वे तंबाकू एवं धूम्रपान से दूर रहकर स्वस्थ जीवन अपनाएं तथा अपने परिवार और समाज को भी इसके प्रति जागरूक करें।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269